नई दिल्ली
शनिवार, 5 अप्रैल 2025
चैत्र मास शुक्ल पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 28, अंक : 355
पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00


**मौसम**
अधि. 37
न्यून. 19


# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी





11 ▶ वर्ल्ड कपः हितेश वर्ल्ड चैंपियन बनने से एक जीत दूर, तीन अन्य को कांस्य

विचार पेज
8 देशप्रेम से प्रेरित फिल्मों का 'सूरज' अस्त


haribhoomi.com


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**IPL आज का मुकाबला**

चेन्नई – दिल्ली
दोपहर 3.30 बजे से

पंजाब – राजस्थान
शाम 7.30 बजे से

## अष्टमी-मां महागौरी



श्वेते वृषे समरूढा श्वेताम्बराधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा।।

## पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की पत्नी की सुरक्षा घटाई

नई दिल्ली। केंद्र ने पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत मनमोहन सिंह की पत्नी



गुरशरण कौर की सशस्त्र सुरक्षा घटाकर 'जेड' श्रेणी का कर दिया है। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि उनकी सुरक्षा की समीक्षा के बाद यह कदम उठाया गया।

बोले, हिंदुओं समेत अन्य अल्पसंख्यकों की करें सुरक्षा, अनावश्यक बयानबाजी से बचने की दी सलाह

# बैंकॉक में यूनुस से हुई मुलाकात में प्रधानमंत्री मोदी की दो टूक...

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में शुक्रवार को आयोजित किए गए छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस के बीच पहली द्विपक्षीय बैठक हुई।

जिसमें प्रधानमंत्री मोदी ने यूनुस को साफ शब्दों में यह स्पष्ट कर दिया कि उनके देश में हिंदुओं के अलावा बाकी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी पूरी तरह से बांग्लादेश की सरकार की है। इस संबंध में उन्होंने भारत की चिंताओं से भी उन्हें (यूनुस) विस्तार से अवगत कराते हुए कहा कि अल्पसंख्यकों के खिलाफ हमलों और अन्याय के मामलों की विस्तृत पड़ताल की जानी चाहिए। साथ ही आपसी संबंधों को खराब करने वाली और माहौल को बिगाड़ने वाली किसी भी अनावश्यक बयानबाजी से बचने का आग्रह पीएम ने मोहम्मद यूनुस से किया। प्रधानमंत्री मोदी ने बातचीत में ये उम्मीद भी जताई कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार अपनी जिम्मेदारी को अच्छी तरह से निभाएगा। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।

भारत-बांग्लादेश संबंधों में बनी हुई तल्खी के बीच दोनों नेताओं की पहली मुलाकात



### तख्तापलट के बाद से संबंधों में तनाव

यहां बता दें कि पिछले साल बांग्लादेश में हुए छात्रों के उग्र-हिंसक आंदोलन के बीच तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत में शरण लेने के बाद से दोनों देशों के संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। इस बीच उनके तख्तापलट के बाद मोहम्मद यूनुस ने सत्ता संभाली हुई। समूचे घटनाक्रम के बीच पीएम मोदी और मोहम्मद यूनुस की यह पहली द्विपक्षीय मुलाकात हुई है। हालांकि इसके लिए बांग्लादेश की तरफ से ही भारत से अनुरोध किया गया था। शुरुआत में जिसे लेकर भारत ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी। भारत अल्पसंख्यकों पर बांग्लादेश में बढ़ते अत्याचार और मोहम्मद यूनुस की हालिया चीन यात्रा में उनके द्वारा दिए गए भारत विरोधी बयान को लेकर भी अपनी नाराजगी जता चुका है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के पूर्व में मामले पर भारत का रुख साफ किया था।

### लोकतांत्रिक, शांतिपूर्ण बांग्लादेश के समर्थक

*मिस्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मोहम्मद यूनुस की बैठक में पीएम मोदी ने एक लोकतांत्रिक, स्थिर, शांतिपूर्ण, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के लिए भारत के समर्थन की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, हम बांग्लादेश के साथ सकारात्मक और रचनात्मक संबंध बनाने के इच्छुक हैं। सीमा पर कानून का सख्त अनुपालन और अवैध ढंग से खासतौर पर रात के समय में सीमा पार करने के मामले को पीएम ने बैठक में उठाया और कहा कि सीमा पर सुरक्षा, स्थिरता आवश्यक रूप से बनाए रखनी चाहिए। द्विपक्षीय तंत्र की मुलाकातों के जरिए संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए समीक्षा करने का जिक्र भी प्रधानमंत्री द्वारा बैठक में किया गया।*

### द्विपक्षीय आधार पर हल किए जाएं मामले

*प्रधानमंत्री ने बैठक में बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार से यह भी कहा कि दोनों देशों के आपसी हितों से जुड़े हुए मामलों को द्विपक्षीय आधार पर रचनात्मक चर्चा के जरिए हल किया जाना चाहिए। जो भारत और बांग्लादेश की दीर्घकालिक और साझा लाभप्रद द्विपक्षीय भागीदारी के लिए उपयोगी है। उन्होंने वार्ता में इस बात पर भी जोर दिया कि दोनों देशों का सहयोग हमारे लोगों के हित में भी हैं। प्रधानमंत्री ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया को बिम्सटेक की आगामी अध्यक्षता संभालने को लेकर बधाई दी।*

### शेख हसीना के मुद्दे पर हुई चर्चा

बैठक के बाद एक मीडिया ब्रीफिंग में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने शेख हसीना और उनके प्रत्यर्पण से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा कि उनके बारे में बातचीत हुई। लेकिन पूर्व में ही भारत की तरफ से विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया था कि हमारे पास बांग्लादेश की तरफ से इस मुद्दे पर एक निवेदन आया है। इस समय इस विषय पर कुछ और कहना मेरे लिए उचित नहीं होगा। वहीं, सूत्रों ने कहा कि शेख हसीना के मामले को बैठक में बांग्लादेश की तरफ से उठाया गया था।







## गैंगवार की फिराक में थे, दक्षिण जिले की पुलिस ने की कार्रवाई

# प्रिंस तेवतिया गैंग के चार शूटर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दक्षिणी जिले के स्पेशल स्टाफ ने प्रिंस तेवतिया गिरोह के चार शूटरों को गिरफ्तार किया है। ये अपने प्रतिद्वंदी गिरोह के बदमाशों की हत्या करने की फिराक में घूम रहे थे। लेकिन इससे पहले ही पुलिस के हत्थे चढ़ गये। इनके पास से अवैध हथियार भी बरामद किए गए हैं।

डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार पकड़े गये बदमाशों के नाम दक्षिणपुरी निवासी राकेश उर्फ राका, संगम विहार निवासी हनी रावत उर्फ बड़ी, जहांगीरपुरी निवासी रिशू प्रसाद उर्फ मोनू और दिलशाद उर्फ गोलू हैं। इनसे हथियार मिलने पर अंबेडकर नगर थाने में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। बदमाशों से तीन पिस्टल, मैगजीन के साथ छह कारतूस, देशी पिस्तौल, दो कारतूस और कार बरामद हुई है।

डीसीपी के अनुसार पुलिस मुख्यालय से मिले निर्देशों के तहत ही ऑपरेशन सेल के साथ लोकल पुलिस की टीमें लगातार वांछित व घोषित अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रख रही है। हाल ही में स्पेशल स्टाफ सूचना मिली कि प्रिंस तेवतिया गिरोह के बदमाश बीआरटी रोड पर किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से आएंगे। पुलिस ने डीडीए फ्लैट्स मदनगीर के पास बीआरटी रोड पर ट्रेप लगाया। इसी बीच एक कार में कुछ संदिग्ध लोग नजर आए। पुलिस ने कार रोककर उसमें बैठे चार लोगों से पूछताछ की और तलाशी लेने पर पिस्टल व कारतूस बरामद किये। जांच में पता चला कि राका अंबेडकर नगर थाने का घोषित अपराधी है। वह और हनी रावत प्रिंस तेवतिया गिरोह के शूटर हैं। राका 2019 से न्यायिक हिरासत में था और उसे अदालत ने हत्या के प्रयास मामले में दोषी करार दिया था। वह हाल ही में जमानत पर बाहर आया था। इसके बाद वह अपने साथियों हनी रावत, रिशु और दिलशाद के साथ काम कर रहा था। सभी बदमाश प्रतिद्वंदी गिरोह के बदमाशों की तलाश में घूम रहे थे। राकेश जेल में हुये खुद पर हमले का बदला लेने की फिराक में था। सभी बदमाशों पर पहले से कई मामले दर्ज हैं।

## निजी स्कूलों की फीस बढ़ोत्तरी का कांग्रेस ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली के निजी स्कूलों द्वारा फीस बढ़ोत्तरी का विरोध करते हुए सीएम रेखा गुप्ता से मांग की है कि इस पर तुरंत रोक लगाए। यादव ने कहा कि भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार दिल्ली के गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चों को शिक्षा देने में सहायक बनने की जगह प्राईवेट स्कूलों में 25 प्रतिशत फीस बढ़ोत्तरी पर चुप्पी साधकर प्राईवेट स्कूल मालिकों के साथ खड़ी दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि जबकि पिछली आम आदमी पार्टी की सरकार ने भी प्राईवेट स्कूलों द्वारा एक वर्ष में 57 प्रतिशत फीस बढ़ोत्तरी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की थी। दिल्ली वाले पूंजीपतियों को संरक्षण देने वाली सरकार की एकपक्ष नीति का शिकार होना शुरु हो गए हैं। उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल से 25 प्रतिशत फीस बढ़ोत्तरी के साथ एक वर्ष में फीस बढ़ोत्तरी करीब 82 प्रतिशत तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने 15 वर्षों के दिल्ली सरकार के कार्यकाल में प्राईवेट स्कूलों को मनमाने ढ़ंग से फीस बढ़ाने की मंजूरी कभी नहीं दी थी। जबकि तत्कालीन केजरीवाल सरकार ने सरकारी स्कूलों से छात्रों को जबरन फेल करके उन्हें प्राईवेट स्कूलों में भेजने के लिए प्रोत्साहित किया और फीस बढ़ोत्तरी पर कभी रोक नही लगाई। वर्तमान में रेखा गुप्ता सरकार और शिक्षा मंत्री दिल्ली के अभिभावकों द्वारा फीस बढ़ोत्तरी के खिलाफ आवाज को सुनने तक को तैयार नही है।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शंकर उर्फ पाजी, पुत्रः जोगी राम उर्फ अशोक, पताः एन–113/411, जेजे कॉलोनी, वजीरपुर, दिल्ली** ने **E-FIR No. 766/21, U/s 411 IPC, पुलिस थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **शंकर उर्फ पाजी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **शंकर उर्फ पाजी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **E-FIR No. 766/21, U/s 411 IPC, पुलिस थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली** के अभियुक्त **शंकर उर्फ पाजी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.05.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री शशांक नंदन भट्ट
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–02
पश्चिम
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/4194/WD/2025



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अजीत सिंह** पुत्र श्री राघवर सिंह निवासी गांव नाहरपुर, सत्यपाल फौजी का मकान, आई.एम.टी. मानेसर, हरियाणा **दूसरा पताः** ए–88, दुर्गा विहार, दुर्गा मंदिर के पास, देवली, नई दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 171/15 धारा 279/304ए भा.द.स. और 104/187 मोटर वाहन अधिनियम को थाना नेब सराय, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अजीत सिंह** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अजीत सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr. P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 171/15 धारा 279/304ए भा.द.स. और 104/187 मोटर वाहन अधिनियम को थाना नेब सराय, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अजीत सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **05.05.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री निधि सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03 (दक्षिण),
कमरा नं. 212,
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/4231/SD/2025


## मेडिकल फील्ड से जुड़ी महिला एम्स के हॉस्टल से चुराती थी जूलरी, अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दक्षिणी जिले के हौज खास थाने की पुलिस ने एम्स हॉस्टल से जूलरी चोरी करने वाली एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला डॉक्टर के कपड़े पहन कर हॉस्टल के अंदर घुसती थी। इसके पास से चुराई गई जूलरी बरामद हो गई है। महिला मेडिकल फील्ड से जुड़ी हुई है।

पुलिस के अनुसार महिला डॉक्टर का कोट पहनकर हॉस्टल में दाखिल होती थी। जो कमरा खुला दिखाई देता था उसमें हाथ साफ कर देती थी। डॉक्टर का कोट देखने के बाद उसे कोई टोकता भी नहीं था। पुलिस ने इसके पास से एक लाख रुपये से ज्यादा के आभूषण, स्कूटी और विदेशी मुद्रा बरामद की है। महिला गाजियाबाद के बृज विहार की रहने वाली है। पुलिस की जांच में पता चला कि महिला के पास मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा और विज्ञान में स्नातक की डिग्री है। वह एक निजी अस्पताल में लैब असिस्टेंट के तौर पर काम करती थी।

## पत्नी की गला घोंटकर हत्या, आरोपी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



भलस्वा डेयरी इलाके के मुकुंदपुर में एक शख्स ने अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। आरोपी ने पत्नी की हत्या करने के बाद खुद ही पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिये भेजवाया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मोहम्मद यासीन मलिक को शक था कि पत्नी अपने प्रेमी के साथ मिलकर उसे रास्ते से हटाने की योजना बना रही हैं।

पुलिस को बुधवार दोपहर करीब 3:46 बजे पीसीआर कॉल मिली, जिसमें आरोपी ने दावा किया कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है। पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे का नजारा देखकर दंग रह गई। महिला मृत पड़ी थी। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि करीब 5-6 महीने पहले उसकी शादी हुई थी। दंपति मुकुंदपुर में किराये पर रह रहे थे। यासीन किराये पर ऑटो-रिक्शा चलाता था, जबकि उसकी पत्नी आजादपुर में घरेलू सहायिका का काम करती थी। दंपति के बीच पहले झड़प हुई थी। गुस्से में यासीन ने पत्नी का गला घोंट दिया।

## बिजली की मांग लगी चढ़ने, अधिकतम खपत का आंकड़ा हुआ 4300 मेगावाट पार दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में मौसम के रंग बदलने के बाद अब बिजली की मांग का ग्राफ बढ़ने लगा है। शुक्रवार को बिजली की अधिकतम मांग का आंकड़ा बढ़कर 4300 मेगावाट पार दर्ज हुआ। वहीं न्यूनतम मांग का आंकड़ा भी बढ़कर 2730 मेगावाट दर्ज हुई। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार सुबह सवा 11 बजे बिजली की अधिकतम मांग का आंकड़ा 4306 मेगावाट दर्ज हुआ। वहीं न्यूनतम बिजली की मांग 2730 मेगावाट दर्ज हुई। जहां एक तरफ बिजली की मांग बढ़ने लगी है वही दिल्ली के कुछ क्षेत्रों में बिजली की दिक्कत देखने को मिली है। बावजूद इसके कहा जा सकता है कि बिजली आपूर्ति अभी सामान्य बनी हुई है। बिजली कटौती के बारे में बीएसईएस के अधिकारी ने बताया कि कहीं भी बिजली कटौती की कोई गुंजाइश ही नहीं है। क्योंकि अभी दिल्ली में बिजली की मांग सामान्य है। वहीं टाटा पावर डीडीएल के अधिकारी ने भी कहा कि बिजली की कमी नहीं है, इसलिए कहीं कटौती नहीं की जा रही। दोनों कंपनियों का दावा है कि आने वाले दिनों में बिजली की मांग बढ़ेगी, लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है। क्योंकि पहले ही अधिकतम मांग 9 हजार मेगावाट के अनुमान के अनुसार पर्याप्त व्यवस्था कर रखी है। सभी जरूरी इंतजाम समय पूर्व ही हो चुके है, इसलिए बिजली कटौती की कोई गुंजाइश नहीं है।


### उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | 1. सहायक मंडल अभियंता/करनाल के तहत NRW-KKDE पर स्टेशन यार्ड में संवेदनशील स्थान पर 20 किमी की सीमा/संरचनां दीवार का निर्माण। 2. सहायक मंडल अभियंता/पानीपत के अंतर्गत कमजोर स्थानों पर, JP सेक्शन के तहत स्टेशनों के प्रवेश मार्गों पर अनधिकृत प्रवेश को रोकने के लिए आरसीसी प्री–कास्ट बाउंड्री वॉल का निर्माण। 3. SSE/W/PNP के सेक्शन में DUK पर कमजोर स्थानों पर स्टेशनों के दृष्टिकोणों पर तिरछा प्रवेश रोकने के लिए RCC प्रीकास्ट बाउंड्री दीवार का निर्माण। |
| अनुमानित लागत | 1. Rs . 225470858.67/- 2. Rs . 60668507.18/- 3. Rs. 65353328.30/- |
| धरोहर राशि | 1. Rs. 1277400/- 2. Rs. 453400/- 3. Rs. 476800/- (यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान gateway के रूप में होना चाहिए। नोटः– एफ. डी. आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई. एम. डी. स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई– 1 /सीटी/5/1 दिनांक 31/08/2016) के अनुसार आई. आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| समापन अवधी | 1. 12 महीने 2&3 06 महीने |
| ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 29.04.2025 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 29.04.2025 को 15:00 बजे |
| निविदा की वेब साइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |
| समान प्रकार के कार्य | 1–3 पूर्वनिर्मित आरसीसी/पीएससी कार्य। |

नोट– शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए। **संख्याः 128– डब्लू/280/निविदा सूचना/25–26/डब्लू –I (NIT–01,02,03) दिनांकः 03.04.2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1021/25


## एक दर्जन जुआरी रंगे हाथों पकड़े



**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के कोटला मुबारकपुर इलाके में जुए के अड्डे पर पुलिस ने छापा मारा। इस दौरान एक दर्जन जुआरी रंगे हाथों पकड़े गये। इनसे 15 हजार रुपये कैश, 17 पैकेट ताश की गड्डी बरामद हुई। स्पेशल स्टाफ को सूचना मिली थी कि इलाके में जुआ खेला जा रहा है। इसके बाद एक छापेमारी दल बनाया गया और अंसार अली, अशिक टिग्गा, सचिन मालवीय, नारायण मालवीय, रोहित वर्मा, जैनू उर्फ मोनू, मनोज गिरी, अशोक कुमार, विष्णु, विनोद, बसंता लाल, नीरज और भाने को पकड़ लिया गया।

## वक्फ संशोधन विधेयक 2025, न्याय और पारदर्शिता की नई शुरुआत करेगा : सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



देश के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा से वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 को मंजूदी दिए जाने पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि आज ऐतिहासिक दिन है। संसद ने वक्फ संशोधन विधेयक 2025 को मंजूरी दे दी है, जो दशकों से चले आ रहे अन्याय और भ्रष्टाचार को खत्म कर न्याय और पारदर्शिता की नई शुरुआत करेगा।

सीएम रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि इस विधेयक के पारित होने से देश के विकास में एक नया अध्याय जुड़ रहा है, जो न्याय और समानता को सुनिश्चित करेगा। इसे समर्थन देने वाले सभी दलों और सांसदों का भी धन्यवाद। सीएम रेखा गुप्ता एक्स पर लिखा कि कहा कि वक्फ बोर्ड को अधिक उत्तरदायी बनाना अनिवार्य था। यह विधेयक सुनिश्चित करेगा कि वक्फ संपत्तियों का दुरुपयोग न हो और इसका लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचे। यह पारदर्शिता और सुशासन की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा, जिससे करोड़ों लोगों को न्याय मिलेगा। सीएम ने कहा कि 2013 में तुष्टिकरण के लिए रातों-रात वक्फ कानून को अतिवादी बना दिया गया, जिसके कारण दिल्ली के लुटियंस जोन की 123 वीवीआईपी संपत्तियां वक्फ को दे दी गईं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस ऐतिहासिक कदम से अब इसकी पारदर्शिता से निगरानी की जा सकेगी। सीएम ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक, 2025' को संसद के पटल पर लाने से पहले मोदी सरकार को देशभर से करीब एक करोड़ ऑनलाइन सुझाव मिले जिनका विश्लेषण करने के बाद यह कानून बनाया गया जो दर्शाता है कि जहां मोदी सरकार मुस्लिमों के साथ खड़ी है,वहीं विपक्ष केवल वोट बैंक की आड़ में गुमराह कर रहा है।

## वक्फ बिल को लेकर जामिया और शाहीन बाग में पुलिस ने चौकसी बढ़ाई

**नई दिल्ली।** वक्फ बिल पारित होने के बाद राजधानी हाई अलर्ट पर है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के जामिया नगर और शाहीन बाग जैसे संवेदनशील इलाकों में चौकसी बढ़ाई गई है। जामिया मिल्लिया इस्लामिया जैसे शैक्षणिक संस्थानों की भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जामा मस्जिद इलाके में भी दिल्ली पुलिस ने अर्धसैनिक बलों के साथ मिलकर फ्लैग मार्च निकाला गया। साथ ही कई अन्य इलाकों में ड्रोन से निगरानी की जा रही है। पुलिस के अनुसार कई संवेदनशील इलाकों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रात्रि गश्त बढ़ा दी गई है। अतिरिक्त बलों को तैनात करने की व्यवस्था की जाए रही है। गौरतलब है कि लोकसभा के बाद गुरुवार को राज्यसभा में भी वक्फ संशोधन विधेयक पास हो गया। इन सबके बीच शुक्रवार को दिल्ली के जामिया इलाके में आरपीएफ और पुलिस कर्मियों ने फ्लैग मार्च किया। बिल के विरोध को देखते हुए उत्तर पूर्वी जिले में भी सुरक्षा कड़ी की गई है। आज होने वाली जुमे की नमाज को लेकर भी पुलिस सतर्क है। इसके लिये जामा मस्जिद इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।


### सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

**पंजीकृत कार्यालय** : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा-390007
**कार्पोरेट कार्यालय** : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की 16 अप्रैल 2025 को एक ई-नीलामी आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : गुड़गांव सैक्टर 14 | |
| 002162032056 | धर्मेन्द्र शर्मा |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद सैक्टर–16 | |
| 008305019287 | संजय जाखड़ |
| शाखा का नाम : गुड़गांव बादशाहपुर | |
| 085862002694 | पम्पोश गुलाटी |
| शाखा का नाम : गुड़गांव सैक्टर–23ए | |
| 091062003019 | अनिकेत शर्मा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव सैक्टर–57 | |
| 114762001651 | दीपिका चोपड़ा महता |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : फरीदाबाद सैक्टर–29 | |
| 140062003269 | दीपेन्द्र सिंह यादव |
| शाखा का नाम : महेन्द्रगढ़ | |
| 219562002127 | धनंजय |
| शाखा का नाम : गुड़गांव डीएलएफ फेज–1 | |
| 343162001198 | अजीत मिश्रा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव सैक्टर–46 | |
| 389062001415 | संजय शर्मा |
| शाखा का नाम : बेरी | |
| 403762000561 | आशीष कुमार |
| 403762000646 | राम भतेरी |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद सैक्टर–14 | |
| 489005000081 | पावनी रतरा |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : मानेसर | |
| 661862601456 | कपिल कुमार बजाज |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद ग्रीन फील्ड्स | |
| 732462000627 | चेतन शाक्य |
| शाखा का नाम : तीमरपुला | |
| 153062001821 | योगेश |
| शाखा का नाम : भिवाड़ी – भगत सिंह कॉलोनी | |
| 349462000693 | रघुबीर सिंह |
| शाखा का नाम : मैसूर विजय नगर | |
| 773062000373 | एचआर चेतन कुमार |
| 773062000400 | एचआर चेतन कुमार |

दिनांक : 05.04.2025
स्थान : गुरुग्राम, फरीदाबाद, झज्जर, महेन्द्रगढ़, अम्बाला, जीन्द

हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


## दिल्ली सरकार की वजह से नहीं रुकेगा डीयू का कोई भी कार्य : रेखा गुप्ता

### डीयू स्टूडेंट होने के नाते पूरी जिम्मेवारी से निभाऊंगी फर्ज

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि डीयू स्टूडेंट होने के नाते जो फर्ज मेरा है उसे पूरी जिम्मेवारी से निभाऊँगी। डीयू का कोई भी काम हो वो दिल्ली सरकार की वजह से रुकने वाला नहीं है। रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में पर्यटन स्थलों के साथ ही एजुकेशनल ट्यूरिजम भी बढ़े, इस पर काम होगा। मुख्यमंत्री ने डीयू की गलियों से जुड़ी यादों को ताजा करते हुए दौलत राम कॉलेज के सामने वाली दीवार, भेलपूरी और लैमन सोडे को भी याद किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) का कोई भी काम हो, वो दिल्ली सरकार की वजह से नहीं रुकेगा। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली विश्वविद्यालय में उनके (रेखा गुप्ता) के लिए आयोजित अभिनंदन समारोह में यह संबोधन दिया। इस अवसर पर उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन की यादों को ताजा करते हुए कहा कि मुझे लीडर बनाने वाला डीयू का दौलत राम कॉलेज है। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार और दिल्ली विश्वविद्यालय मिल कर काम करेंगे। शिक्षा को आगे बढ़ाने में डीयू का पूर्ण सहयोग दिल्ली सरकार को रहेगा। बता दें कि इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढाई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने लीडर बनने की कहानी बताते हुए कहा कि जब 1993 में मैं दौलत राम कॉलेज में प्रथम वर्ष में आई तो पूरे साल कॉलेज में स्ट्राइक चलती रही। इसी कारण मेरा डूसू प्रतिनिधियों से संपर्क बढ़ा और फिर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद यानी एबीवीपी के संपर्क में आई। फाइनल इयर में डूसू अध्यक्ष बनीं। उन्होंने बताया कि एक स्कूटी पर चलकर उन्होंने डीयू व कॉलेजों और दिल्ली में राजनीतिक कार्यक्रम किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि तब उन्होंने सोचा भी नहीं था कि दिल्ली की जिन सड़कों पर घूम रही हूँ इन सड़कों को कभी ठीक करवाने की जिम्मेवारी मेरी होगी। कभी यह नहीं सोचा था कि जिस वीसी ऑफिस पर धरने करते थे, कभी उसमें सम्मान मिलेगा और वहां के मंच से बोलना पड़ेगा।


### हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | हरियाणा के मुख्यमंत्री आवास के (मकान नं. 1) सेक्टर-03, चण्डीगढ़ के लैंड स्कैपिंग कार्य का वार्षिक रखरखाव (पुनः आमंत्रण) और 4 अन्य कार्य। | 08.04.2025 15.04.2025 | 64.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 hortdivisionhrpwd@yahoo.com |
| 2 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | आईएसआई मार्क्ड डेल्टामेथरिन 2.5% डब्ल्यू.पी. की खरीद। | 05.04.2025 21.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज भिवानी | गांव आजाद नगर में पंचायती भूमि पर 2 कमरों और शौचालय का निर्माण + 4 कार्य। | 03.04.2025 08.04.2025 | 61.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज भिवानी | गांव सिवानी कालू में फिरनी का निर्माण। | 03.04.2025 08.04.2025 | 27.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज भिवानी | 1623 – गांव गुरेरा ब्लॉक सिवानी में एससी चौपाल का निर्माण। | 03.04.2025 08.04.2025 | 10.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | जिला रोहतक, ब्लॉक रोहतक गांव बालंद में राजकीय विद्यालय तालाब के निकट रूलर तालाब का रिस्टोरेशन। यूनिक आईडी 01HRRTKRTK0106BALA006 + 8 कार्य। | बंद होने की तिथि 15.04.2025 | 690.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034106126 xenconst21@gmail.com |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | कृषि भूमि और आबादी को बाढ़ के पानी से बचाने के लिए आरडी 134300 से 137200/एल तक महम ड्रेन की सलोइंग रीच से आरसीसी सुरक्षा दीवार का निर्माण + 10 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.04.2025 | 1249.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | गांव कालीयाना, खेड़ी बूरा जिसकी लम्बाई 16000 फुट आउटफॉलिंग बुधवाना डिस्टी. के 67000–आर पर ड्रेनेज सह सिंचाई योजना हेतु आरसीसी पाइप लाइन बिछाना + 11 कार्य। | 03.04.2025 10.04.2025 | 1936.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1250297003 xenlwsdadri@gmail.com |
| 9 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी करनाल हेतु लॉन्ड्री सेवाओं को उपलब्ध करवाने हेतु निविदा। | 07.04.2025 22.04.2025 | ईएमडी 2.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416484103 director.kcghc-hry@gov.in |
| 10 | महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा और शोध हरियाणा पंचकूला | गांव सम्पन्न खेड़ी जिला कैथल, हरियाणा में भगवान परशुराम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना हेतु तृतीय पार्टी गुणवत्ता ऑडिट (टीपीक्यूए) एजेंसी की नियुक्ति + 4 अन्य कार्य। | 03.04.2025 24.04.2025 | ईएमडी 69.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9728815151 dmer-hry@nic.in |
| 11 | महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा और शोध हरियाणा पंचकूला | हरियाणा राज्य में पांच (5) राजकीय चिकित्सा संस्थानों में करनाल, रोहतक, नूह, सोनीपत और फरीदाबाद में "स्टुडेंट एंड फैकेल्टी लाइफ साइकल मैनेजमेंट सिस्टम (एसएफएलएमएस) हेतु" समाधानदाता/सिस्टम इंटीग्रेटर की नियुक्ति। | 03.04.2025 07.05.2025 | ईएमडी 10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9728815151 dmer-hry@nic.in |
| 12 | वन विभाग सिरसा | खण्ड सिरसा में प्लांटेशन मेंट और नर्सरी कार्य + 13 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 09.04.2025 | 515.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416029545 forest_sirsa@yahoo.com |


अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/240/33627/I/88/7 दि. 04.04.25

नई दिल्ली
शनिवार, 5 अप्रैल 2025
चैत्र मास शुक्ल पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 28, अंक : 355
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 37
न्यून. 19

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

11 नीरज मई में वैश्विक भाला फेंक स्पर्धा में लेंगे हिस्सा






अवतरण : 24 जुलाई 1937
प्रस्थान : 04 अप्रैल 2025

अभिनेता मनोज कुमार का निधन, 87 साल की उम्र में मुंबई में ली अंतिम सांस, आज विले पार्ले में अंतिम संस्कार

# दिलीप कुमार की फिल्म 'शबनम' के किरदार पर अपना नाम मनोज कुमार रखा, बाद में वे भारत कुमार के रूप में जाने गए

## पीएम मोदी ने जताया शोक, कहा- उनको, उनके देशभक्ति के जोश के लिए याद किया जाएगा

**उनका असली नाम हरिकृष्ण गिरी गोस्वामी था। वे एबटाबाद (अब पाकिस्तान) में पैदा हुए थे**

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दशकों पहले की बात है। बंटवारे के बाद दिल्ली आ बसे पंजाबी रिफ्यूजियों की एक बस्ती किंग्सवे कैंप के एक मोहल्ले में मात्र एक घर में टेलीविजन था। हफ्ते में एक बार कोई फिल्म आती या फिल्मी गानों का कार्यक्रम 'चित्रहार', तो बच्चों-बड़ों की भीड़ वहीं जुटती। लेकिन, जब कभी अभिनेता मनोज कुमार का कोई गाना या फिल्म दिखाई जाती तो बड़ी उम्र के दर्शकों में खासा उत्साह नजर आता। कोई न कोई बुजुर्ग तो बोल ही देता-'यह तो अपना हरिकृष्ण ▶▶ शेष पेज 7 पर



### कैसा था मनोज कुमार का सफर?

मनोज कुमार का जन्म 24 जुलाई 1937 में पाकिस्तान में हुआ था। उनका असली नाम हरिकृष्ण गिरी गोस्वामी था। मनोज कुमार एबटाबाद (अब पाकिस्तान) में पैदा हुए थे। देश के बंटवारे के वक्त उनका परिवार दिल्ली आ गया था। बचपन से वो सिनेमा के दीवाने थे. फिल्में देखना उन्हें अच्छा लगता था। उन्होंने दिलीप कुमार की फिल्म 'शबनम' में उनके किरदार मनोज कुमार के नाम पर अपना नाम रख लिया था। 1965 उनके करियर के लिए बड़ा गेमचेंजर था।

### जब फिल्मी दुनिया को कहा अलविदा

मनोज कुमार ने 1995 में आई फिल्म 'मैदान-ए-जंग' में दिखने के बाद एक्टिंग छोड़ दी थी। उन्होंने 1999 में अपने बेटे कुणाल गोस्वामी को फिल्म 'जय हिंद' में डायरेक्ट किया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी। फिल्मों से रिटायरमेंट के बाद मनोज कुमार ने राजनीति में एंट्री मारी थी। 2004 में वे भाजपा में शामिल हुए थे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### कलाकृति 'ट्रस्ड बुल' 61.8 करोड़ रुपये में बिकी



**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध चित्रकार एमएफ हुसैन की कृति 'ग्राम यात्रा' को क्रिस्टी द्वारा न्यूयॉर्क में 118 करोड़ में नीलाम करने के एक पखवाड़े के भीतर, उनके समकालीन और आधुनिकतावादी चित्रकार तैयब मेहता की कृति 'ट्रस्ड बुल' बुधवार को मुंबई में सैफरनआर्ट की 25वीं वर्षगांठ की नीलामी में 61.80 करोड़ में बिकी।'ट्रस्ड बुल' मेहता की सबसे अधिक कीमत पर बिक्री वाली कलाकृति बन गई है।

### नेपाल में भूकंप, उत्तर भारत में भी लगे झटके



**नई दिल्ली।** नेपाल की धरती शुक्रवार शाम को भूकंप के दो झटकों से कांप गई। इसका असर उत्तर भारत में भी दिखा है। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी केंद्र के अनुसार, दोनों झटके तीन मिनट के अंतराल पर आए। पहला झटका स्थानीय समयानुसार रात 8:07 बजे 5.2 तीव्रता का आया, जबकि दूसरा रात 8:10 बजे 5.5 तीव्रता का रहा।

### दुधवा उद्यान में दिखा दुर्लभ प्रजाति का सांप



**लखीमपुर खीरी।** दुधवा राष्ट्रीय उद्यान में एक दुर्लभ प्रजाति का सांप (अहेतुल्ला लॉन्गिरोस्ट्रिस) खोजा गया है जिसके आगे का भाग काफी लंबा होता है। जब अधिकारी सुरक्षा के लिए दीमक के टीले को साफ कर रहे थे, तभी एक हरे रंग का सांप निकला जिसकी प्रजाति दुर्लभ है। क्षेत्रीय जीवविज्ञानी विपिन कपूर सैनी और शोधकर्ताओं की टीम ने इसे 'अहेतुल्ला लॉन्गिरोस्ट्रिस' बताया।

बैंकॉक में आयोजित किए गए छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# पीएम ने बिम्सटेक देशों को दिया भारत के 'यूपीआई' से जुड़ने का सुझाव

## समूह देशों के बीच सहयोग के विभिन्न पहलुओं को शामिल करते हुए 21 सूत्री कार्य योजना का प्रस्ताव भी पीएम ने रखा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बैंकॉक में आयोजित किए गए छठे 'बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक)' शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने समूह देशों के बीच आपसी संबंधों और साझेदारी को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

जिसमें बिम्सटेक देशों को भारत के यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) से जुड़ने, क्षेत्र में पेमेंट सिस्टम के बीच कनेक्टिविटी और सहयोग के विभिन्न पहलुओं को शामिल करते हुए एक 21 सूत्री कार्य योजना का प्रस्ताव मुख्य रूप से शामिल है। क्षेत्र में स्थानीय मुद्रा में व्यापार की संभावनाओं पर एक फिजिबिलिटी स्टडी कराए जाने का सुझाव भी उन्होंने समूह देशों के सामने रखा। पीएम ने म्यांमार और थाईलैंड में हालिया आए विनाशकारी भूकंप की वजह से हुई जान-माल की हानि पर भारतीयों की तरफ से शोक संवेदनाएं प्रकट करते हुए घायलों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इसके अलावा उन्होंने बांग्लादेश को बिम्सटेक की आगामी अध्यक्षता के लिए शुभकामनाएं दीं। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। ▶▶ शेष पेज 7 पर

### भारत में बने बिम्सटेक आपदा प्रबंधन केंद्र

उन्होंने म्यांमार, थाईलैंड में आए भूकंप के संदर्भ में कहा कि इसने हमें याद दिलाया कि क्षेत्र प्राकृतिक आपदाओं के लिहाज से कितना संवेदनशील है। म्यांमार में भारत ने सबसे पहले प्रतिक्रिया करने वाले देश के रूप में मदद पहुंचाई है। मेरा मानना है कि आपदाओं को रोका नहीं जा सकता। लेकिन उनसे निपटने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। इस दृष्टिकोण के तहत ▶▶ शेष पेज 7 पर




### साइबर अपराध, आतंकवाद से निपटने में अहम

पीएम मोदी ने कहा कि बिम्सटेक को मजबूत बनाने के लिए हमें इसके कार्यक्षेत्र और क्षमता का लगातार विस्तार करते रहना चाहिए। यह समूह साइबर अपराध, साइबर सुरक्षा, सीमा-पार आतंकवाद, मादक पदार्थ और मानव तस्करी के खिलाफ लड़ाई में अहम भूमिका निभा सकता है। जिसके लिए मैं इस साल इसकी पहली बैठक आयोजित करने का प्रस्ताव रखता हूं। उन्होंने गृह मंत्रियों के तंत्र को संस्थागत रूप देने को लेकर खुशी जाहिर की।

### डीपीआई का अनुभव साझा करने को तैयार

क्षेत्रीय विकास के लिए शारीरिक के साथ डिजिटल और ऊर्जा कनेक्टिविटी बेहद जरूरी है। बंगलुरु स्थित बिम्सटेक एनर्जी केंद्र ने कार्य शुरू कर दिया है। हमारी टीम इलेक्ट्रिक ग्रिड इंटरकनेक्शन पर तेजी से काम करें। भारत में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) से पब्लिक सर्विस डिलीवरी में क्रांति आई है, बेहतर प्रशासन, पारदर्शिता, वित्तीय समावेश बढ़ा है। जिसे देखते हुए भारत बिम्सटेक देशों डीपीआई का अनुभव साझा करने के लिए तैयार है। जरूरतों की जानकारी के लिए एक शोध किया जा सकता है।

### बैंकॉक विजन 2030 को अपनाया

भारत के यूपीआई से जुड़ने का लाभ बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे क्षेत्र के सभी देशों को व्यापार, उद्योग और पर्यटन जैसे तमाम स्तरों पर लाभ होगा। व्यापार, व्यावसायिक कनेक्टिविटी को सामूहिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने सहयोग, समन्वय बढ़ाने के लिए बिम्सटेक चैंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना का प्रस्ताव रखा। साथ ही एक खुले हुए, सुरक्षित हिंद महासागर को समूह की साझी प्राथमिकता बताया। पीएम ने कहा, बिम्सटेक दक्षिण एशिया और पूर्व एशिया को जोड़ने वाला एक सेतु है। जो क्षेत्रीय संपर्क, सहयोग और समृद्धि की नई राहें खोलने के लिए एक प्रभावी मंच के रूप में उभर रहा है। हमने 2030 में जो बैंकॉक विजन अपनाया है। वह बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में समृद्धि, सुरक्षा और समावेशिता के हमारे संकल्प को साकार करेगा। 2024 में बिम्सटेक चार्टर लागू हो गया है।

सुबह 4 बजे राज्यसभा ने लगाई मणिपुर में राष्ट्रपति शासन पर मुहर



# शाह बोले: सरकार हिंसा खत्म करने का रास्ता निकाल रही है

**खरगे ने** की मणिपुर हिंसा की जांच और श्वेत पत्र पेश करने की मांग | **मणिपुर में** अब तक 11 बार राष्ट्रपति शासन लगाया जा चुका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा से मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करने के लिए एक वैधानिक प्रस्ताव को मंजूरी दी है। विभिन्न दलों के सदस्यों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है। हालांकि, विपक्ष ने राज्य में कानून-व्यवस्था और हिंसा रोकने में विफल रहने के लिए केंद्र की मोदी सरकार की आलोचना की।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि वह राज्य में स्थिति सामान्य करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। विपक्ष इस पर बस राजनीति कर रहा है। शाह ने लोकसभा के बाद राज्यसभा में मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने के प्रस्ताव पेश किया, जिसे दोनों सदनों से मंजूरी मिल गई है। शाह ने बताया कि मणिपुर के दोनों समुदायों के बीच जल्द ही दिल्ली में बैठक होने जा रही है। इस मुद्दे का समाधान जल्द ही होगा।

### संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति न हो

*शाह ने कहा कि सरकार मणिपुर में शांति बहाल करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। अब तक 13 बैठकें हो चुकी हैं। विपक्ष इस संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति न करे। अब तक हिंसा होने के बाद मणिपुर में 260 लोग मारे गए हैं, मगर इसमें से 70 प्रतिशत लोग पहले 15 दिन में ही मारे गए थे। एक प्रकार से पहले 15 दिन में कंट्रोल आने में स्वाभाविक रूप से जब नस्लीय हिंसा होती है तो पहले 15 दिन में इसको कंट्रोल करना बहुत कठिन होता है और ये पहली बार मणिपुर में नस्ली हिंसा नहीं हुई है। मणिपुर में अब तक 11 बार राष्ट्रपति शासन लगाया गया है। हमने तो केवल एक बार लगाया है। नॉर्थ ईस्ट में पिछले 10 सालों में सुरक्षा घटनाओं में 70% कमी* ▶▶ शेष पेज 7 पर

**महाराष्ट्र** के नांदेड़ में बड़ा हादसा

# कुए में ट्रैक्टर-ट्रॉली गिरने से 7 की मौत, 3 महिला मजदूरों को बचाया

एजेंसी ▶▶ छत्रपति संभाजीनगर

महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में शुक्रवार की सुबह एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के कुए में गिर जाने से खेत में काम करने वाली सात महिला मजदूरों की मौत हो गई और तीन अन्य को बचा लिया गया। मृतकों में दो की उम्र 18 वर्ष है। जिला सूचना अधिकारी (डीआईओ) प्रवीण ताके ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह लगभग 7:30 बजे लिंबगांव पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले असेगांव गांव में हुई, जब वाहन सड़क से उतरकर पानी से लबालब भरे कुए में गिर गया। उन्होंने बताया कि पुलिस और स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने तुरंत बचाव ▶▶ शेष पेज 7 पर

■ पीएम मोदी ने जताया शोक मदद का ऐलान



**कहा, भाजपा** में नेता पद के लिए प्रतिस्पर्धा नहीं करते

# अन्नामलाई बोले- मैं तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष पद की रेस में नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु राज्य अध्यक्ष पद के लिए वर्तमान अध्यक्ष के अन्नामलाई खुद को अलग कर लिया है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि भाजपा में नेता पार्टी के नेता पद के लिए प्रतिस्पर्धा नहीं करते। हम सभी मिलकर पार्टी अध्यक्ष का चुनाव करते हैं। मैं उस पद की रेस में नहीं हूं। उन्होंने यह भी दोहराया कि भाजपा अन्य पार्टियों से अलग है जहां पार्टी अध्यक्ष पद के लिए 50 नेता नामांकन दाखिल करते हैं।



कोयंबटूर में मीडिया से बात करते हुए अन्नामलाई ने कहा कि मैं चाहता हूं कि पार्टी का भविष्य उज्ज्वल हो। इस पार्टी के विकास के लिए कई लोगों ने अपना जीवन दिया है। मैं हमेशा इस पार्टी के लिए शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने खुद को इस प्रक्रिया ▶▶ शेष पेज 7 पर

**हर वर्ष देश भर से 50 मिड-कैरियर पेशेवरों का चयन किया जाएगा**

# पेशेवरों को राजनीति में लाने के लिए कांग्रेस ने शुरू किया 'डॉ. मनमोहन सिंह फेलोशिप कार्यक्रम'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने युवा पेशेवरों को पार्टी से जोड़ने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री स्व. डॉ. मनमोहन सिंह के नाम से फेलोशिप कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। 'डॉ. मनमोहन सिंह फेलो कार्यक्रम' के तहत हर वर्ष देश भर से 50 मिड-कैरियर पेशेवरों का चयन किया जाएगा, जो राजनीति के जरिए समाज में अपना योगदान देना चाहते हैं। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा, झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के. राजू और प्रोफेशनल्स कांग्रेस एवं डेटा एनालिटिक्स विभाग के अध्यक्ष प्रवीण चक्रवर्ती ने यह घोषणा की। इस कार्यक्रम के बारे में एक्स पर पोस्ट करते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा, समय आ गया है कि भारत के सबसे प्रतिभाशाली लोग अपनी शक्ति राजनीति में लाएं। 'डॉ. मनमोहन सिंह फेलो कार्यक्रम' मध्य-करियर पेशेवरों के लिए हमारा आह्वान है कि सार्वजनिक जीवन में कदम रखें, ईमानदारी से नेतृत्व करें और एक प्रगतिशील और समावेशी भारत के निर्माण में मदद करें। ▶▶ शेष पेज 7 पर




**एआई का खतरनाक** दुरुपयोग आया सामने

# चैट जीपीटी ने बनाया मस्क और ऑल्टमैन का फर्जी आधार और पैन कार्ड, वायरल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) कंपनी ओपनएआई के चैटजीपीटी से असली जैसा दिखने वाला फर्जी आधार और पैन कार्ड बनने लगा है। सोशल मीडिया पर कुछ उपयोगकर्ताओं ने दावा किया है कि उन्होंने चैटजीपीटी के नए इमेज जनरेटर की मदद से फर्जी आधार और पैनकार्ड आसानी से बन रहा। खास बात ये है कि कुछ ऐसे लोगों का आधार और पैनकार्ड वायरल है जो भारत के नागरिक ही नहीं है तो कुछ लोग इस दुनिया में नहीं हैं। सोशल मीडिया पर वायरल इन तस्वीरों ने एआई के गलत इस्तेमाल को लेकर चिंता बढ़ा दी है। लोगों ने टेस्ला कंपनी के मालिक एलन मस्क और ओपनएआई के ▶▶ शेष पेज 7 पर

■ फर्जी आधार और पैन कार्ड से प्रारंभिक स्तर पर धोखाधड़ी संभव




### आर्यभट्ट का भी आधार-पैन बना

हैदराबाद के यशवंत साई ने एक्स पर एक पोस्ट साझा की है जिसमें चैटजीपीटी को कमांड दी गई है कि आर्यभट्ट का आधार कार्ड बनाएं जिसमें निम्न पता लिखें। कमांड देने के चंद सेकंड बाद ही आर्यभट्ट का आधार कार्ड बन गया। इसके बाद पैन कार्ड बनाने को कहा गया और असली पैनकार्ड जैसा दिखने वाला पैनकार्ड भी बन गया।

**लोकसभा अध्यक्ष बोले, 18वीं लोकसभा के चौथे सत्र की 118 फीसदी रही कार्य उत्पादकता**

# हंगामे के बीच अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुई लोकसभा की कार्यवाही, हुआ सत्रावसान

सभा की कुल 26 बैठकें हुईं, जो 160 घंटे और 48 मिनट तक चलीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

18वीं लोकसभा के चौथे सत्र की कार्यवाही शुक्रवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष के जोरदार हंगामे के बीच अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दोपहर 12 बजे सदन में सत्रावसान की घोषणा करते हुए कहा कि 18वीं लोकसभा के इस चौथे सत्र (बजट) की कुल कार्य उत्पादकता लगभग 118 फीसदी रही। इस दौरान सभा की कुल 26 बैठकें हुईं, जो 160 घंटे और 48 मिनट तक चलीं। सदन की कार्यवाही की औपचारिक शुरुआत ▶▶ शेष पेज 7 पर

### वक्फ सहित 16 विधेयक पारित हुए

बिरला ने बताया कि लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक-2025 समेत कुल 16 विधेयक पारित किए गए। जबकि दस सरकारी विधेयक पुनर्स्थापित किए गए। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की उद्घोषणा की अभिपुष्टि करने वाले सांविधिक संकल्प को सभा ने 2 अप्रैल को पारित किया। केंद्रीय बजट 2025-26 पर 16 घंटे 13 मिनट तक चर्चा चली और इसमें 169 सदस्यों ने भाग लिया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को सदन में केंद्रीय बजट पेश किया था और इस पर 11 फरवरी को उनका सदन में जवाब हुआ। बीते 3 अप्रैल को सदन में शून्यकाल में लोक महत्व के 202 मामले उठाए गए। जो कि अपने आप रिकॉर्ड है। इसके अलावा 17 से 21 फरवरी तक लोकसभा में चयनित मंत्रालयों और विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा की गई। जिसके बाद इन्हें पारित किया गया। लोकसभा में 21 मार्च को विनियोग विधेयक और 25 मार्च को वित्त विधेयक पारित किए गए।



### हंगामे में उठे यह मुद्दे

वहीं, 4 अप्रैल को सदन की कार्यवाही के अंतिम दिन कांग्रेस ने अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर लगाए गए 27 फीसदी टैरिफ के मुद्दे पर हंगामा किया, केरल के सांसदों ने चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा गुड फ्राइडे को वर्किंग डे बनाने के लिए जारी किए गए एक आदेश का विरोध किया। जबकि सत्ता पक्ष से भाजपा सांसद कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी द्वारा हाल ही में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में वक्फ बिल को लेकर की गई टिप्पणी को लेकर आक्रोशित थे और हंगामा कर रहे थे। इस दौरान वह सोनिया गांधी की माफी और एक ▶▶ शेष पेज 7 पर

# शहर में हरियाली बढ़ाएगा जीडीए, चलाएगा नए पार्कों का विकास और पौधरोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण जीडीए शहर में पर्यावरण को संतुलित करने के लिए हरियाली बढ़ाएगा। इसके लिए जीडीए शहर में नए पार्कों के विकास और सघन वृक्षारोपण के लिए विशेष अभियान चलाएगा। जिसकी कवायद शुरू कर दी गई है। जीडीए के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया कि उपाध्यक्ष ने बताया कि शहर में दिन प्रतिदिन जनसंख्या घनत्व बढ़ने, शहर के मध्य से अंतरजनपदीय एवं अन्तर्राज्यीय वाहनों/ट्रेनों के आवागमन से वातावरण दूषित होता है। जिसके लिए शहर को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए विशेष प्रयास किए जाने के निर्देश दिए गए है। इस क्रम में प्राधिकरण पर्यावरण सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति वर्ष वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम संचालित किया जाता है।

**खास बातें**

- पौधों का रोपण किया जाएगा
- पूर्व विकसित पार्कों का सुदृढ़ीकरण एवं समुचित रख-रखाव किया जा रहा है
- शहर होगा प्रदूषण मुक्त, इसकी कवायद शुरू



## शहर में हरियाली विकसित करने पार्कों के रखरखाव पर देंगे ध्यान

इसके अतिरिक्त शहर में अधिक से अधिक हरियाली विकसित करने के लिये नए पार्कों का विकास एवं पूर्व विकसित पार्कों का सुदृढ़ीकरण एवं समुचित रख-रखाव प्राधिकरण लगातार कर रहा है। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण एवं संतुलन की दृष्टि से मधुबन-बापूधाम योजना के डी-ब्लॉक में 03 पार्क एवं बी-ब्लॉक में 05 पार्क कुल 08 पार्कों (क्षेत्रफल 25000 वर्गमी) का उद्यानिक विकास जा रहा है। वत्स ने बताया कि पार्कों को जन उपयोगी व आकर्षक बनाने के लिये लैण्डस्केपिंग, सिंचाई हेतु स्प्रिंकलर सिस्टम, बच्चों के खेल-कूद हेतु झूले, अल्प विश्राम हेतु गार्डन बैंच व डस्टबिन की स्थापना की जाएगी। पार्कों में भ्रमण एवं स्वास्थ्य लाभ के लिए कच्चे पाथ निर्मित किये जा रहे है। सभी पार्कों में फलदार, छायादार एवं शोभाकार पौधों जैसे-आम, जामुन, शहतूत, कदम, अमलतास, कचनार, चांदनी, टिकोमा, गुडहल, फाइकस बैन्जामिना आदि पौधों का रोपण किया जाएगा। उन्होंने ग्रीष्मऋतु को दृष्टिगत रखते हुए निर्देशित किया है कि सभी पार्कों, सैन्ट्रलवर्ज, ग्रीनवर्ज आदि पर नियमित रूप से आवश्यकतानुसार वाटरिंग आदि की व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि हरियाली बढ़ाने के लिए जीडीए विशेष अभियान चलाएगा।

**खबर संक्षेप**

### चोरी की मोटरसाइकिल खरीदी, दो गिरफ्तार



**फरीदाबाद**। अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने दो आरोपी परदेसी व लियाकत को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2020 में रवि कुमार निवासी घड़ी मोहल्ला फरीदाबाद की मोटरसाइकिल उसके घर के सामने से चोरी हो गई थी। थाना ओल्ड में चोरी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया। आरोपी परदेसी सैनिक चौक रेड लाइट से व लियाकत निवासी सेक्टर 10 फरीदाबाद को सेक्टर 10 से गिरफ्तार किया है।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ आरोपी काबू



**फरीदाबाद**। अपराध शाखा सेक्टर 65 की टीम में आरोपी कुर्बान को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि हरकेश निवासी गांव समयपुर बल्लभगढ़ ने 30 जनवरी को थाना सेक्टर 58 में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसने अपनी मोटरसाइकिल को उसके छोटे भाई के घर राजीव कॉलोनी पार्ट 3 नजदीक पवन हॉस्पिटल के पास खड़ी की थी। जब सुबह उसने वहां जाकर देखा तो मोटरसाइकिल वहां नहीं थी। थाना सेक्टर 58 में चोरी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

### जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार



**गाजियाबाद**। थाना कौशाम्बी पुलिस टीम ने शुक्रवार को एक करोड़ 73 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने व रुपए मांगने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को गिरफ्तार किया हैडीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने बताया कि 27दिसंबर 2023 को थाना कौशाम्बी पर सुरेश कुमार निवासी सैक्टर 2 वैशाली थाना कौशाम्बी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मेहूल सिंह ने उससे एक करोड़ 73 लाख रुपए का सामान खरीदा था व रुपए मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। आईपीसी की धारा 420, 406, 506 के तहत मामला पंजीकृत किया था।

## नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन ने मेयर जोशी को सौंपा मांगों को लेकर ज्ञापन

पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने प्रधान बलवीर सिंह बालगुहेर के नेतृत्व शुक्रवार को नगर निगम की मेयर श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी से मुलाकात कर उन्हें मांगों का ज्ञापन सौंपा और उनका पदभार ग्रहण करने पर उन्हें बधाई भी दी। इस प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से श्रीनंद ढकोलिया, गुरूचरण खाण्ड़िया महेन्द्र कुड़ियां, जितेन्द्र छाबड़ा, राजवीर चिण्डालिया, नरेश भगवाना, चाचा प्रेमपाल, हरी सिंह खाण्ड़िया, रघुबीर चौटाला, दान सिंह, बल्लू चिण्डालिया, महिला नेता ललिता, शकुंतला सहित अन्य कर्मचारी नेता शामिल रहे। ज्ञापन के संदर्भ में प्रधान बलवीर सिंह बालगुहेर ने मेयर साहिबा को बताया कि फरीदाबाद नगर निगम क्षेत्र की आबादी काफी बढ़ गई है और निगम क्षेत्र में 24 गांवों को भी सम्मिलित किया गया है। नगर निगम में कच्चे व पक्के कर्मचारियों को मिलाकर कुल 2980 सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं तथा नए दो हजार सफाई कर्मचारियों की आवश्यकता है। कौशल रोजगार निगम के माध्यम से 2000 सफाई कर्मचारियों की भर्ती की जाए ताकि शहर की सफाई व्यवस्था बेहतर हो सकें।

### बकाया वेतन दिलाने की मांग की



बालगुहेर ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में एक ट्रैक्टर और चार कर्मचारी होने चाहिए जिससे की वार्ड के प्रत्येक खत्ते से कूड़ा सही समय पर उठ सकें। उन्होंने सफाई के संसाधन जैसे जेसीबी, हाईवा ट्रक, झाड़ू, कोल्ची, डण्डे, कस्सी, कूड़े उठाने के लिए ई-रिक्शे, हाथ रेहड़ी दिलवाने की मांग की, ताकि सफाई व्यवस्था इन्दौर के तर्ज पर हो सकें। साथ ही प्रधान बलवीर बालगुहेर ने शहर वासियों से अपील करते हुए कहा कि घरों से निकलने वाले कूड़े को इधर-उधर न फैंके बल्कि नगर निगम की गाड़ियों में डाले ताकि शहर सुंदर और स्वच्छ बन सकें। साथ ही नगर निगम में समायोजित किए गए 24 गांवों के 58 कर्मचारियों का बकाया एक वर्ष का वेतन दिलाने की भी मांग मेयर साहिब से की।

### समस्याओं का करेंगे समाधानः मेयर जोशी

सभी मांगों को ध्यानपूर्वक सुनने के बाद मेयर प्रवीण बत्रा जोशी ने नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वह इस सभी समस्याओं को लेकर जल्द निगमायुक्त के साथ एक बैठक कर समस्याओं का निपटान करेगी और सभी सफाई कर्मचारियों को अपनी ओर से कहा कि आप सभी अपनी मेहनत व लगन से शहर की सफाई व्यवस्था में को सुदृढ़ बनाने में सहयोग दें। इस मौके पर अन्य के अलावा राजेश कामां, विजयपाल चिण्डालिया, विनोद उज्जीनवाल, विक्की हंस, नैन सिंह, महेन्द्र बाल्मीकि, धर्म सिंह मुल्ला, रविन्द्र टांक, राकेश मेंडवाल, अरूण शेरिया, सोनू मेंढवाल, जितेन्द्र बेनीवाल, अमित बोहत, विजय चिण्डालिया, संजय चिण्डालिया, दीपक राजपूत, विरेन्द्र टांक, दीपक बोहत, महिला नेता सत्तो देवी, कविता, गीता, राजवती मौजूद रहे।

अयोध्या से जियोहॉटस्टार पर सजीव प्रसारण होगा

## राम नवमी पर राम कथा की कहानियां सुनाएंगे अमिताभ



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरुग्राम

जियोहॉटस्टार की लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से पद्म विभूषण अमिताभ बच्चन राम कथा की भावपूर्ण कहानियां सुनाएंगे। मौका होगा आगामी छह अप्रैल को रामनवमी का, जिसमें अयोध्या से विशेष लाइव स्ट्रीम के साथ अमिताभ बच्चन दर्शकों के साथ जुड़कर भगवान राम के जीवन और उनके आदर्शों पर आधारित प्रेरणादायक बातें साझा करेंगे। जियोहॉटस्टार के एक प्रवक्ता ने कहा कि सामुदायिक उत्सवों को टेक्नोलॉजी से जोड़ते हुए, यह लाइवस्ट्रीम जियोहॉटस्टार की सांस्कृतिक धरोहर को करीब लाने और लाखों दर्शकों के लिए एक यादगार अनुभव देने की प्रतिबद्धता दिखाता है। कार्यक्रम हमारी सांस्कृतिक धरोहर का जश्न मनाते हुए भारत के उज्जवल भविष्य की दिशा में प्रेरणा देगा। राम नवमी के इस उत्सव में भगवान राम के जन्म और उनके अद्भुत सफर की खूबसूरती दिखाई जाएगी। जिसमें रामायण के सात कांडों को प्रस्तुत किया जाएगा। ये सभी कार्यक्रम राम जन्मभूमि से लाइव दिखाए जाएंगे, ताकि दर्शक भगवान राम की दिव्यता को महसूस कर सकें। अमिताभ बच्चन बच्चों के साथ एक खास सेशन भी करेंगे, जिसमें वे रामायण की कुछ रोचक कहानियां और दोहे बहुत ही सरल तरीके से बताएंगे।

## विधायक शर्मा का जन्मदिवस कार्यकर्ताओं ने विकास दिवस के रूप में मनाया



**फरीदाबाद**। पूर्व केबिनेट मंत्री और विधायक मूलचंद शर्मा के जन्मदिन बल्लभगढ़ की देवतुल्य जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं ने विकास दिवस के रूप में मनाया। सुबह से ही कार्यकर्ता सेक्टर 8 कार्यालय पहुंचने लगे और उन्हें पुष्प गुच्छ और फूल मालाएं पहनाकर बधाइयां देकर उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर मेयर प्रवीन बत्रा जोशी, भाजपा के बल्लभगढ़ के अध्यक्ष सोहनपाल छौकर, भाजपा के पार्षद रवि भगत, ज्ञानेन्द्र भारद्वाज, महेश गोयल, सोनू वैष्णव, व्यापार मंडल के प्रधान प्रेम खट्टर, वजीर डागर, शहर वासी सहित कई सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोगो ने विधायक शर्मा को जन्मदिन की बधाई दी। विधायक मूलचंद शर्मा व उनके बड़े भाई पं. टिपरचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ के राजा के समय के ब्राह्मण बाड़े में पुजारी परिवार द्वारा बनाए गए मंदिर में पहुंचकर प्राचीन माता के दर्शन किए। इसके अलावा सेक्टर आठ कार्यालय पर भंडारे का भी आयोजन किया गया । इस अवसर पर विधायक मूलचंद शर्मा ने जन्मदिन की बधाई देने के लिए आए सभी बल्लभगढ़ और फरीदाबाद वसियों का दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सहयोग से बल्लभगढ़ में विकास का पहिया तेजी से घूमना दोबारा शुरू हो गया है। शेष बचे सभी कार्य को पूरा करवाकर विधानसभा क्षेत्र को नम्बर वन बनाया जाएगा।

## लूट के मामले में एक और आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

सेक्टर-85 में गाड़ी रुकवाकर मारपीट, अपहरण व लूट की वारदात को अंजाम देने के मामले में आरोपी सुमित को क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि भरत अग्रवाल निवासी सेक्टर 85 ने थाना खेड़ीपुल में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 21 मार्च रात्रि 1.30 बजे वह सेक्टर 75 से सेक्टर 85 में अपने घर की तरफ जा रहा था तभी 3 लड़के बाइक पर सामने से आए और उन्होंने शिकायतकर्ता को रोक लिया तथा गाड़ी में बैठाकर मारपीट की व उसकी सोने की चैन, कार की चाबी व सोने का कड़ा छीन लिया तथा तथा कुछ समय तक गाड़ी में इधर-उधर घुमाकर समय करीब 3.30 बजे उसी जगह वापस छोड़ दिया जिस संबंध में थाना खेड़ीपुल में लूट से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सुमित निवासी खेड़ी कलां फरीदाबाद को उसके गांव से गिरफ्तार किया है।

## मजदूरों को अगवा कर खाते खुलवाने के मामले में क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव की टीम ने दो आरोपियों को धरदबोचा

आरोपी को दो दिन पुलिस रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

3 मजदूरों को अगवा कर जबरदस्ती उनके खाते खुलवाने के मामले में क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव की टीम ने आरोपी शाहिद व जावेद खान को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि संदीप निवासी जिला बुलंदशहर उत्तर प्रदेश हाल गांव मिर्जापुर ने थाना शहर बल्लभगढ़ में दी अपनी शिकायत में बताया कि वह मजदूरी का काम करता है तथा 2 अप्रैल को सुबह करीब 9 बजे वह अपने दो दोस्तों के साथ अंबेडकर चौक (लेबर चौक) बल्लभगढ़ खड़ा था तभी दो लड़के स्विफ्ट गाड़ी में आए तथा उनसे कंपनी में मजदूरी कराने की बात करने लगे और अपनी गाड़ी में बैठा लिया। उन लड़कों ने कहा कि कंपनी में जाने के लिए आईडी चाहिए और फिर शिकायतकर्ता के किराए के मकान पर गए और आधार कार्ड लेकर उनको गाड़ी में बैठाकर फरीदाबाद एरिया से बाहर लेकर जाने लगे, जिनको मना किया तो उन्होंने चाकू दिखाकर चुप बैठने को कहा। जहां पर बंधक बनाकर खेतों में बैठा लिया तथा शिकायतकर्ता व उसके साथियों का जबरदस्ती बैंक में खाता खोला गया और खातों से पैसे भी निकलवाए। इसके बाद वापस फरीदाबाद छोड़ कर चले गए। जिस शिकायत पर थाना शहर बल्लभगढ़ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। आरोपी शाहिद निवासी गांव बेहाता हाजीपुर गाजियाबाद उत्तर प्रदेश व जावेद खान निवासी गांव बेहाता हाजीपुर गाजियाबाद उत्तर प्रदेश हाल जीवन नगर गोच्छी पार्ट 2 फरीदाबाद को पाली चौक फरीदाबाद से गिरफ्तार किया है।



### तीनों मजदूरों को अगवा कर ले गए

आरोपियों ने पूछताछ में पता चला कि शाहिद व जावेद दोनों चाचा ताऊ के लड़के हैं। शाहिद तथा टैक्सी ड्राइवर है। वहीं जावेद बेरोजगार है। वारदात में प्रयोग स्विफ्ट गाड़ी शाहिद के मौसा की है जिसे बरामद कर लिया गया है। आरोपी शाहिद की मेवात के एक गिरोह से जानकारी है, जो खाता खुलवाकर खाता से संबंधित दस्तावेज अपने पास रख लेते हैं, फिर बाद में खातों में पैसे ट्रांसफर करवाते हैं। गिरोह के सदस्य ने शाहिद को कहा था कि किसी का खाता खुलवाओगे तो 10000 मिलेंगे, जिस पर आरोपी अपने चाचा के लड़के के साथ तीनों मजदूरों को बल्लभगढ़ से अपनी गाड़ी में अगवा करके मेवात ले गए, जहां पर मजदूरों के आधार से निकलवाई और उसके बाद मजदूरों का एक प्राइवेट बैंक का ऑनलाइन खाता खोला गया। फिर मजदूरों को गाड़ी में बैठाकर वापिस फरीदाबाद छोड़ दिया। आरोपी शाहिद को पूछताछ के लिए दो दिन का पुलिस रिमांड पर लिया गया है तथा जावेद को जेल भेजा गया है।

## ताला तोड़कर घर में चोरी, लाखों की ज्वेलरी और कैश गायब

**फरीदाबाद**। बल्लभगढ़ स्थित सुभाष कॉलोनी में चोरों ने एक खाली घर को निशाना बनाया। मकान मालिक परिवार के साथ जागरण में गए थे। चोरों को इसी बात का फायदा उठाकर लाखों की नकदी और गहने चुरा लिए। पुलिस शिकायत के आधार पर मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार मकान मालिक आकाश भाटी और उनका परिवार जागरण में गए थे।

सुबह आठ बजे वापस लौटे तो घर का सामान बिखरा पड़ा था। चोर अलमारी का ताला तोडक़र लाखों रुपए की ज्वेलरी और नकदी चुरा ले गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई।

## मेवाड़ में ड्राफ्टिंग और प्लीडिंग विषय पर कार्यशाला आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गाजियाबाद

वसुंधरा स्थित मेवाड़ लॉ इंस्टीट्यूट में ड्राफ्टिंग और प्लीडिंग विषय पर आयोजित कार्यशाला में सिविल कानूनी ड्राफ्टिंग, आपराधिक प्लीडिंग, उन्नत ड्राफ्टिंग तकनीक और क्लाइंट काउंसलिंग के साथ ई-फाइलिंग को कवर करने वाली महत्वपूर्ण जानकारियां विद्यार्थियों को दी गईं। कार्यक्रम की शुरुआत मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशक प्रो. (डॉ.) अलका अग्रवाल और मेवाड़ लॉ इंस्टीट्यूट के प्रिंसिपल प्रो. (डॉ.) अटल द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ एक उद्घाटन सत्र से हुई। चार प्रतिष्ठित कानूनी विशेषज्ञों एडवोकेट आरसी अग्रवाल, एडवोकेट प्रदीप कुमार यादव, एडवोकेट अशोक बाबू और एडवोकेट कार्तिक अग्रवाल ने विषय संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां विद्यार्थियों से साझा कीं। कार्यशाला का समापन प्रश्नोत्तर सत्र और प्रो. (डॉ.) अटल कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। संकाय समन्वयक शिव शंकर मौर्य, अदिति, प्रियांशु सक्सेना, राकेश कुमार राय और अजीत प्रताप सिंह ने समर्पित छात्र समन्वयकों पीयूष शर्मा, यशवर्द्धन त्यागी, बीएएलएलबी छठे सेमेस्टर के शुभम कटुवाल और बीएएलएलबी आठवें सेमेस्टर की राशि शर्मा, गौरी त्यागी, शैली शर्मा के साथ मिलकर इस कार्यक्रम का आयोजन किया।

## पुलिस वाले पर तीन बार कार चढ़ाने की कोशिश में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

बिना नंबर व काले शीशे लगी कार को रुकने का इशारा करना एक पुलिसकर्मी की जान पर बन आया। चालक ने अपनी कार को पुलिसकर्मी पर तीन बार चढ़ाने का प्रयास किया लेकिन हर बार पुलिसकर्मी बच गया। यहां तक कि जिस बाइक से पुलिसकर्मी कार का पीछा कर रहे थे, उस बाइक में टक्कर मारी गई। कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपी साहिल कौशिक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली थाने में सिपाही सादीक ने दी शिकायत में बताया कि वह ट्रैफिक थाने में तैनात है। बीते कल तीन अप्रैल की शाम को वह अपने इंचार्ज एसआई महावीर, होमगार्ड गौरव के साथ मेट्रो मोड पर वाहन चैकिंग कर रहे थे। तभी वहां बिना नंबर प्लेट व काले शीशे की कार सामने से तेज गति से आती दिखाई दी। शक होने पर इसे हाथ से रुकने का इशारा किया। रोकने की बजाए कार चालक ने उनके ऊपर कार चढ़ाने की कोशिश की। वह बाल-बाल बच गए।

आरोपियों को पूछताछ के लिए बुलाया गया

## महाकुंभ के लिए ऑनलाइन बस बुक करने के नाम पर ठगी के मामले में 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

महाकुंभ के लिए ऑनलाइन बस बुक करने के नाम पर ठगी के मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने आरोपी विक्रम, विवेक व रोहित को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना एनआईटी में गांव भांकरी फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया की वह महाकुंभ जाने के लिए ऑनलाइन बस ढूंढ रहा था तभी एक अंजान नंबर से उसके पास कॉल आई और कहा कि




क्या बस बुक करना है, जिस पर शिकायतकर्ता के हां कहने के बाद ठगो द्वारा कुल किराया 1 लाख बताया व एडवांस के 25000 रुपए ऑनलाइन मांगे, जिस पर शिकायतकर्ता ने गूगल पे के द्वारा ठगों के पास 25000 भेज दिया। जिस पर ठगों ने 13 फरवरी की बुकिंग फाइनल की गई। 13 फरवरी को शिकायतकर्ता को कोई बस नहीं मिली और ना ही ठगो ने फोन का जवाब दिया गया। जिस संबंध में साइबर थाना सेंट्रल में ठगी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया। साइबर थाना एनआईटी की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी विक्रम वासी नांगलोई व विवेक वासी खेड़ा कॉलोनी करनाल व रोहित निवासी नांगलोई दिल्ली को गिरफ्तार कर लिया है। टूल एंड ट्रैवल्स में काम कर चुका है तथा फ्रॉड में मामले में उसने शिकायतकर्ता को कॉल किया था, जबकि विक्रम ने ठगी के पैसे ट्रांसफर करने के लिए खाता उपलब्ध करवाया था।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गोलू सिंह पुत्र स्व. नाथू सिंह निवासी जे-438, सैक्टर-6, रोहिणी, दिल्ली** ने एफआईआर नं./सीसी नं. 541/15, **अन्तर्गत धारा 392/411/34 आईपीसी, थाना बवाना, बाहरी उत्तर जिला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गोलू सिंह** मिल नहीं रहा/रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गोलू सिंह** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं./सीसी नं. 541/15, **अन्तर्गत धारा 392/411/34 आईपीसी, थाना बवाना, बाहरी उत्तर जिला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **गोलू सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 05.05.2025 को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री सार्थक पंवार**
महानगर दण्डाधिकारी (उत्तर)
कमरा नं. 114, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/4243/ON/2025
(Court Matter)

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) MAH FURIO14FBT
REG. NO. UP14HT8814-YOM-2019
MINIMUM RESERVE PRICE 4,43,750.30

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION"INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 19-04-2025 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125,
NOIDA-201313 OR
CONTACT : PUNIT PARASHAR
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377905498
EMAIL-punit.parshar@kotak.com

## भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर दिल्ली भाजपा ने शुरू की तैयारी

**नई दिल्ली।** सचदेवा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक आंदोलन का नाम है, न कि महज एक राजनीतिक दल जो राष्ट्रहित में पिछले 45 वर्षों से लगातार देश विरोधी ताकतों से लड़ने और देश को विकसित स्वरुप देने के लिए तत्पर है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शुक्रवार को यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा है कि 6 अप्रैल को पार्टी की स्थापना दिवस के अवसर पर दिल्ली प्रदेश द्वारा सभी 14 संगठनात्मक जिला कार्यालयों में झंडातोलन एवं पुष्पांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। दिल्ली की राजनीति में अब तक जिन भी महानुभावों का योगदान रहा है, उन्हें पुष्पांजलि देकर एक सम्मान देने का काम किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आज हम एक ऐसे भारत के निर्माण की दिशा में अग्रसर हैं, जो न केवल क्षेत्रीय स्तर पर, बल्कि वैश्विक मंच पर भी अपने विचार और दृष्टिकोण से पहचान बना रहा है। पार्टी के स्थापना दिवस पर सुबह 9 बजे प्रदेश कार्यालय में वीरेन्द्र सचदेवा सभी भाजपा सांसद एवं प्रदेश पदाधिकारी पार्टी का झंडा फहराएंगे और उसके तदोपरांत पुष्पांजलि के साथ ही मिठाई वितरण का भी कार्यक्रम होगा।

### लोक निर्माण विभाग ने वजीराबाद स्थित नानकसर गुरुद्वारा चौक का किया दौरा

# सोनिया विहार पुस्ता पर बनेगा छह किमी लंबा एलिवेटेड रोड : प्रवेश

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली**

500 करोड़ की लागत से सोनिया विहार पुस्ता पर 6 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड रोड बनाया जाएगा। इस बात की घोषणा शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश वर्मा ने की। यह एलिवेटेड रोड नानकसर गुरुद्वारा टी-पॉइंट से दिल्ली-यूपी बॉर्डर (ट्रोनिका सिटी) तक बनाया जाएगा। इस दौरान कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा भी पीडब्ल्यूडी मंत्री के साथ मौजूद रहे।

गौरतलब है कि दिल्ली के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा और लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश वर्मा ने शुक्रवार को दिल्ली के वजीराबाद स्थित नानकसर गुरुद्वारा चौक का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सड़क और आसपास के क्षेत्रों की स्थिति का निरीक्षण किया और सोनिया विहार पुश्ता रोड को चौड़ा करने और फ्लाईओवर बनाने की योजना पर चर्चा की।



पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि मेरे साथी मंत्री कपिल मिश्रा इस सड़क के निर्माण के लिए लंबे समय से प्रयासरत थे। सोनिया विहार के लोगों को जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए यह प्रोजेक्ट बहुत जरूरी था। हालांकि, क्षेत्र में बड़ी संख्या में पेड़ होने के कारण हमने अब एलिवेटेड फ्लाईओवर बनाने का निर्णय लिया है। कल हमने इस विषय पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से भी चर्चा की थी, और उन्होंने इस प्रोजेक्ट को स्वीकृति दे दी है।

इस फ्लाईओवर से दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर को नई गति मिलेगी, यातायात की समस्या कम होगी और क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी। हमारा संकल्प दिल्ली के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाना है। इस एलिवेटेड रोड के निर्माण से दिल्ली और यूपी के ट्रॉनिका सिटी के बीच यातायात सुगम होगा, जाम की समस्या दूर होगी और स्थानीय निवासियों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी। पीडब्ल्यूडी इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द शुरू करने के लिए सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर रहा है।

### विश्वास नगर विधानसभा में सड़क सुधार और सौंदर्यीकरण को लेकर किया निरीक्षण

मंत्री प्रवेश वर्मा ने शुक्रवार का स्थानीय विधायक ओ.पी. शर्मा के साथ विश्वास नगर विधानसभा के कड़कड़ी मोड़ और बाल्को सोसाइटी का दौरा किया। दरअसल विधायक ओ. पी. शर्मा की मांग पर सड़क के दोनों ओर पड़े मलबे को हटाने और सौंदर्यीकरण का कार्य यहां किया जा रहा है। दौरे के दौरान मंत्री प्रवेश वर्मा ने अतिक्रमण की समस्या को देखा, जिस पर तुरंत समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। मंत्री प्रवेश वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य जल्द से जल्द पूरे किए जाएं, जिससे स्थानीय निवासियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

## सभी विभाग अपने कार्यों को निर्धारित समय सीमा में करें पूरा : रेखा गुप्ता



**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली**

दिल्ली सरकार के सभी विभाग अपने-अपने कार्यों की प्राथमिकताएं तय करें और उन्हें निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए। इसके साथ ही सभी विभागों के अधिकारी योजनाबद्ध तरीके से वर्किंग चार्ट तैयार करें और मुख्य सचिव को नियमित रूप से प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

यह निर्देश शुक्रवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सभी विभागों के प्रमुखों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक में दिए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बैठक में सार्वजनिक शिकायत निवारण प्रणाली को और प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए गए है। उन्होंने बताया कि काम करने वाले अधिकारियों को सरकार का पूरा साथ मिलेगा लेकिन लापरवाही बरतने पर अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रशासनिक प्रणाली में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और परिणाम आधारित कार्य प्रणाली को सुदृढ़ करना है। बैठक के बाद सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली सरकार की प्राथमिकता जनता को बेहतर सुविधाएं देना है। योजनाओं की सिर्फ घोषणा करना पर्याप्त नहीं, बल्कि उनका प्रभावी क्रियान्वयन और जनता तक लाभ पहुंचाना भी ज़रूरी है।

## साहिबी नदी के दोनों किनारों पर बनेंगे नए सड़क कॉरिडोर, एनएचएआई को सौंपी चार सड़कें

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के तहत दिल्ली को विश्वस्तरीय सड़क नेटवर्क से जोड़ने और यातायात को सुगम बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए दिल्ली सरकार ने साहिबी नदी के दोनों किनारों पर धांसा से वसई दारापुर तक एक समर्पित सड़क कॉरिडोर विकसित करने की योजना को मंजूरी दी है। इसके साथ ही, दिल्ली की चार प्रमुख पीडब्ल्यूडी सड़कों को अब आधिकारिक रूप से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को सौंप दिया गया है, जिससे इनके विस्तार और रखरखाव में तेजी आएगी। यह प्रमुख निर्णय लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई उच्च स्तरीय समन्वय समिति की पहली बैठक में लिए गए। इस उच्च स्तरीय समिति की पहली बैठक में पीडब्ल्यूडी के मंत्री प्रवेश वर्मा के अलावा पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव, डिविजनल कमिश्नर, एमसीडी कमिश्नर, पर्यावरण एवं वन विभाग के प्रमुख सचिव, ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव, दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ और डीडीए और एनएचएआई के अधिकारी और पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर इन चीफ शामिल रहे। बैठक के बाद पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में, दिल्ली को एक आधुनिक, सुव्यवस्थित और विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे से सुसज्जित करने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। साहिबी नदी किनारे नया कॉरिडोर राजधानी की यातायात व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। यह परियोजना दिल्लीवासियों को जाम की समस्या से राहत देने के साथ-साथ एक वैकल्पिक यातायात मार्ग भी प्रदान करेगी। इसके अलावा, दिल्ली की चार प्रमुख सड़कों को एनएचएआई को सौंपने का निर्णय सड़क प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाएगा। इन सड़कों के विकास और रखरखाव में तेजी आएगी, जिससे दिल्ली की कनेक्टिविटी और यातायात व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। सरकार दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर को अगले स्तर पर ले जाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## डॉ अंबेडकर जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर महापौर ने की बैठक

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के महापौर महेश कुमार की अध्यक्षता में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जयंती समारोह को भव्य और सार्थक बनाने पर चर्चा की गई। इस बैठक में निगम के वरिष्ठ अधिकारी, क्षेत्रीय उपायुक्त और विभिन्न विभागों के प्रमुख उपस्थित थे। महापौर महेश कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आयोजन से जुड़ी सभी तैयारियों को समय पर पूरा कर लिया जाए। इसके साथ ही, सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए ताकि कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके।

## सारथी 2.0 ऐप के सहयोग से डीएमआरसी ने की स्मार्ट डोर-टू-डोर ट्रैवल सेवा की शुरुआत

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने यात्रियों को ओर अधिक सुविधा देते हुए अब स्मार्ट डोर-टू-डोर ट्रैवल सेवा की शुरुआत करने की घोषणा की है। इस सेवा से यात्रियों को मेट्रो रेल से यात्रा करना और अधिक सुलभ होगा। इस सेवा से अब एंड-टू-एंड कनेक्टिविटी मिलने से लोगों को बहुत फायदा मिलेगा। इस सेवा की शुरुआत करते हुए डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार ने कहा कि इस एकीकृत सेवा की शुरुआत से, हम शहरी आवागमन में फर्स्ट एंड लास्ट माइल कनेक्टिविटी के रूप में एक सबसे महत्वपूर्ण चुनौती का हल करने जा रहे हैं। सारथी-मोमेंटम 2.0 ऐप सभी के लिए मेट्रो यात्रा को अधिक सुलभ, कुशल और सुविधाजनक बनाता है। इस अवसर पर मौजूद आटो-पे पेमेंट सॉल्यूशन लिमिटेड के सीईओ अनुराग बाजपेयी ने कहा कि डीएमआरसी के साथ हमारी साझेदारी स्मार्ट शहरी गतिशीलता में एक नई उपलब्धि का संकेत देती है। प्रौद्योगिकी का उपयोग कर, हम सार्वजनिक परिवहन को अधिक सहज और यात्री-अनुकूल बना रहे हैं। अधिक जानकारी देते हुए डीएमआरसी के कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि दिल्ली मेट्रो ने मोमेंटम दिल्ली सारथी 2.0 ऐप के माध्यम से स्मार्ट डोर-टू-डोर ट्रैवल सेवा की शुरुआत की है।

## दिल्ली नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण विरोधी अभियान

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के शाहदरा दक्षिणी जोन ने प्रीत विहार और आई पी एक्सटेंशन वार्ड में अस्थायी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गयी।



दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रशासन ने बताया कि यह अभियान कड़कड़ी मोड़, हसनपुर डिपो तथा बालको अपार्टमेंट तक चलाया गया। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में सामान जब्त किए गए और कई अस्थायी ढांचों को हटाया गया। दो दिनों तक चले इस अभियान के तहत लगभग 35 छप्पर हटाये गए और अतिक्रमण अभियान के दौरान ज़ब्त किये सामान को झिलमिल स्थित स्टोर में जमा करवा दिया गया है।

## दिल्ली में जल संकट पर पूरी तरह विफल दिख रही भाजपा सरकार : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने भाजपा की रेखा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि बढ़ती गर्मी के साथ ही दिल्ली में जल संकट पर पूरी तरह विफल दिख रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मांग करती है कि भाजपा की दिल्ली सरकार आबादी और मांग के अनुसार कम से कम 1500 एमजीडी पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करे। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि 9,000 करोड़ रुपये के जल बजट, सरकार के कुल बजट का केवल 15 प्रतिशत है, जबकि पिछले वर्ष यह हिस्सा 18 प्रतिशत था। जब बजट में ही कटौती कर दी गई है, तो जल अवसंरचना का विकास और मजबूती कैसे संभव है। जबकि लोगों को अभी से ही पीने के पानी की किल्लत झेलनी पड़ रही है और भीषण गर्मी अभी आई भी नहीं है। यादव ने समर एक्शन प्लान 2025 पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह केवल घोषणाओं का पुलिंदा बनकर रह गया है, जो कि सिर्फ कागजों पर दिखाई देता नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि जल मंत्री परवेश वर्मा ने दिल्ली में जलापूर्ति के लिए न तो अब तक किसी पड़ोसी राज्य के साथ बैठक की है और न ही प्रधानमंत्री या केंद्रीय जल संसाधन मंत्री से इस विषय पर कोई चर्चा की है।



# अमिताभ के लिए बने मसीहा, सरकार के खिलाफ जीता केस, जानें मनोज कुमार से जुड़े ये किस्से



मनोज कुमार का वास्तविक नाम हरिकृष्ण गिरि गोस्वामी था। उनका जन्म वर्ष 1937 में अविभाजित भारत के एबटाबाद शहर (अब पाकिस्तान) में हुआ था। वर्ष 1947 में विभाजन के बाद उनका परिवार पाकिस्तान में अपना सबकुछ छोड़कर दिल्ली आ गया। वो बहुत ही मुश्किल समय था। उन्होंने अपने दो महीने के भाई को खो दिया, क्योंकि शहर में भड़के दंगों के कारण उसकी अस्पताल में देखभाल नहीं की जा सकी। कुमार ने दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई पूरी की, जहां उन्होंने थियेटर की गतिविधियों में सक्रिय तौर पर भाग लिया। अपने अच्छे चेहरे-मोहरे के लिए मशहूर अभिनेता ने इसके बाद हिंदी सिनेमा में पहचान बनाने के लिए मुंबई का रुख किया। कई साल बाद हरिकृष्ण, मनोज कुमार बन गए।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मनोज कुमार को 'भारत कुमार' क्यों कहा जाता था? इसके पीछे उनकी जिंदगी का एक गहरा सच छिपा है। उनका जन्म 24 जुलाई 1937 को पाकिस्तान के एबटाबाद में हुआ था। 1947 में भारत-पाकिस्तान बंटवारे के दौरान उनका परिवार दिल्ली आया, जहां उन्होंने शरणार्थी शिविरों में कठिन दिन देखे। इस दौरान देश के लिए कुछ करने की भावना उनके मन में घर कर गई। भगत सिंह से गहरे प्रभावित मनोज ने सिनेमा को माध्यम बनाया और 'शहीद', 'पूरब और पश्चिम', 'क्रांति' जैसी फिल्मों के जरिए देशप्रेम को पर्दे पर उतारा। उनका मानना था कि फिल्में सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने का जरिया भी हैं। ऐसे में उन्होंने कई देशभक्ति पर आधारित फिल्में बनाईं।

## शादी के बाद रिलीज हुई फिल्म बनीं सिल्वर जुबली

मनोज कुमार जब 25 साल के हुए तो शशि गोस्वामी से प्रेम विवाह कर किया। शादी से पहले उन्होंने एक फिल्म 'हरियाली और रास्ता (1962)' खत्म की थी। इस फिल्म के लिए मनोज कुमार को 11 हजार रुपए साइनिंग अमाउंट मिला था। लेकिन, यह फिल्म उनकी शादी के बाद रिलीज हुई। यह मनोज कुमार की पहली फिल्म थी, जो सिल्वर जुबली रही। ऐसे में मनोज कुमार की पत्नी अक्सर कहा करती थीं कि उनके गुड लक के कारण ऐसा हुआ। मनोज कुमार भी मजाक में कहा कहते थे, 'हां, मैं तो मजदूर आदमी हूं।'

## इमरजेंसी के खिलाफ खड़े हुए, सरकार से जीता केस

मनोज कुमार न सिर्फ देशभक्ति के लिए जाने गए, बल्कि अपने साहस के लिए भी मशहूर थे। 1975 में जब इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल (इमरजेंसी) लगाया तो मनोज कुमार ने इसका खुलकर विरोध किया। कहा जाता है कि सरकार ने उनसे प्रो-इमरजेंसी डॉक्यूमेंट्री बनाने को कहा, लेकिन उन्होंने साफ मना कर दिया, जिसके कारण उनकी फिल्म 'दस नंबरी' पर रोक लगा दी गई। मनोज डरे नहीं और सरकार के खिलाफ कोर्ट में केस लड़ा। वे बॉलीवुड के इकलौते ऐसे फिल्म निर्माता और अभिनेता रहे, जिन्होंने सरकार से कानूनी जंग जीती और अपनी फिल्म को रिलीज करवाया।

## अमिताभ बच्चन को मुंबई छोड़ने से रोका

एक दौर ऐसा था जब अमिताभ बच्चन की फिल्में लगातार फ्लॉप हो रही थीं और उनका कॅरियर डूब रहा था। 1970 के दशक में जब अमिताभ बच्चन लगातार असफलताओं से हताश होकर मुंबई छोड़कर दिल्ली लौटने का मन बना चुके थे, तब मनोज कुमार ने उन्हें रोका। मनोज ने बीबीसी को दिए एक साक्षात्कार में बताया था कि लोग अमिताभ को ताने मार रहे थे, लेकिन उन्हें यकीन था कि यह लंबा-चौड़ा नौजवान एक दिन बड़ा सितारा बनेगा। उन्होंने अपनी फिल्म 'रोटी, कपड़ा और मकान' (1974) में अमिताभ को मौका दिया। यह फिल्म हिट रही और अमिताभ के कॅरियर को नई दिशा मिली। मनोज की यह दूरदर्शिता बाद में सच साबित हुई जब अमिताभ 'एंग्री यंग मैन' के रूप में बॉलीवुड के शिखर पर पहुंचे।

## भगत सिंह की मां से मुलाकात और फिर बनी फिल्म 'शहीद'

मनोज कुमार का भगत सिंह के प्रति लगाव बेहद खास था। फिल्म 'शहीद' (1965) बनाने से पहले वे भगत सिंह की मां विद्यावती से मिलने गए थे, जो उस वक्त अस्पताल में भर्ती थीं। इस मुलाकात के दौरान मनोज भावुक हो गए और फूट-फूटकर रो पड़े। विद्यावती ने कहा था, 'तू तो बिल्कुल भगत जैसा लगता है।' इस मुलाकात ने मनोज को इतना प्रभावित किया कि उन्होंने भगत सिंह के किरदार को पर्दे पर उतर दिया। 'शहीद' ने उन्हें देशभक्ति फिल्मों का प्रतीक बना दिया और इसके गाने जैसे 'मेरा रंग दे बसंती चोला' आज भी गूंजते हैं।

## शाहरुख को कभी माफ नहीं किया मनोज कुमार ने, आखिरी मुलाकात में बोले, 'दृश्यम 2' मत भूलना

*ये बात बस दो साल पहले की है। पूरे देश में शाहरुख खान की ताजा ताजा रिलीज फिल्म 'पठान' का हल्ला मचा हुआ था। फिल्म की रिलीज को अभी हफ्ता भर भी नही हुआ था और इसी बीच मनोज कुमार को पुणे इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का न्यौता देने महाराष्ट्र के तत्कालीन सांस्कृतिक मंत्री सुधीर मुनगंटीवार पहुंच गए। साथ में मीडिया के कुछ लोग भी गए और इसी मौके पर उनका शायद ये आखिरी फोटो भी प्रेस के लोग खींच सके। इस दौरान उनसे मौजूदा दौर की फिल्मों पर बात चली। बात शाहरुख की फिल्म 'पठान'तक पहुंची तो वह तुरंत बोले, 'मत भूलिए, अजय देवगन की फिल्म 'दृश्यम 2' भी तो हिट हुई है।'*

### वीरू देवगन को स्टंट निर्देशक किया लॉन्च

कम लोग ही जानते होंगे कि अजय देवगन के पिता वीरू देवगन को स्टंट निर्देशक बनाने में मनोज कुमार का बड़ा हाथ रहा है। फिल्म 'रोटी कपड़ा और मकान' में मनोज कुमार ने वीरू देवगन को बतौर स्टंट निर्देशक लॉन्च किया। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन के एक हाथ से मोटरसाइकिल चलाने वाले सीन में अमिताभ के डुप्लीकेट का काम वीरू देवगन ने ही किया है। भारत सरकार की तरफ से मिलने वाले सिनेमा के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित हो चुके अभिनेता, लेखक, निर्माता, निर्देशक मनोज कुमार आखिर तक शाहरुख खान को माफ नहीं कर सके।

### धर्मेंद्र को ट्रेन से उतारकर वापस ले आए थे

आज के दौर की फिल्मों के बारे में मनोज कुमार का कहना था, 'आज की फिल्में ठीक वैसी बन रही हैं, जिस तरह से गुलाब जामुन के नाम में तो जामुन होता है, लेकिन उसमें जामुन का स्वाद नहीं मिलता।' मनोज कुमार को जब तक होश रहा, वह अखबार रोज पढ़ते रहे। टेलीविजन देखना उन्होंने कई साल पहले ही पूरी तरह बंद कर दिया था। अखबार में भी वह राजनीति से जुड़ी खबरें ही पढ़ते रहे। उस दिन बातों बातों में अभिनेता धर्मेंद्र का किस्सा भी निकल आया। उनका नाम सुनते ही मनोज जोर से ठहाका लगाकर हंसने की कोशिश करने लगे। कम लोगों को ही पता है कि जब फिल्मों में अपना काम न बनते देख धर्मेंद्र ने एक बार बंबई (अब मुंबई) छोड़ने की तैयारी कर ली थी। पंजाब वापस जाने का टिकट ले लिया था। और, ट्रेन पकड़ने के लिए वह निकल भी चुके थे कि मनोज कुमार को इसका पता चल गया।

## मनोज कुमार ने क्रांति फिल्म के लिए बेचा था घर




मनोज कुमार की फिल्म क्रांति एक ब्लॉकबस्टर फिल्म है, जो 1981 में रिलीज हुई थी। क्रांति हिंदी सिनेमा की यादगार फिल्मों में से है, जिसने कमाई के मामले में कई रिकॉर्ड कायम किए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, क्रांति को फाइनेंस करने के लिए मनोज कुमार ने जुहू का अपना प्लॉट बेच डाला था। यही नहीं, मनोज कुमार ने दिल्ली का अपना बंगला तक बेच दिया था। मनोज कुमार ने क्रांति को जैसे-तैसे पूरा किया और लगभग तीन करोड़ की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 16 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। लीड एक्टर के रूप में मनोज कुमार को उनकी पहली बड़ी सफलता 1964 में राज खोसला की रहस्य थ्रिलर वो कौन थी? से मिली।यह फिल्म सुपरहिट साबित हुई, जिसका श्रेय इसकी दमदार पटकथा और मदन मोहन द्वारा रचित मधुर गीतों को दिया जाता है, जैसे 'लग जा गले' और 'नैना बरसे रिमझिम', दोनों लता मंगेशकर ने गाए थे। 1965 मनोज कुमार के लिए सबसे बेहतरीन साल रहा। जहां से उनकी सफलता स्टारडम में तब्दील हुई और आज वह हिंदी सिनेमा के दिग्गज कलाकारों की लिस्ट में आ गए हैं।

## 19 की उम्र में निभाया 90 साल के भिखारी का रोल, मात्र 11 रुपए में लिखा सीन

मनोज कुमार ने लहरें रेट्रो को दिए गए एक पुराने इंटरव्यू में अपने करियर से जुड़े कुछ अनसुने किस्से सुनाए थे। इन किस्सों में ही मनोज कुमार के शुरुआती संघर्ष, देश के प्रति कुछ करने की ललक और सिनेमा के लिए प्यार नजर आता है। जानिए, मनोज कुमार से जुड़े उन अनसुने किस्सों के बारे में।

### फिल्म 'फैशन' में बने भिखारी

मनोज कुमार बताते हैं कि हिंदी फिल्मों में हीरो बनने के लिए आए थे। लेकिन, फिल्ममेकर लेखराज भाकड़ी, कुलदीप सहगल जिन्हें वह भाई साहब कहा करते थे, उन्होंने मनोज को फिल्म 'फैशन( 1957)' में 90 साल के भिखारी का रोल दिया, उस समय अभिनेता की उम्र महज 19 साल थी। ऐसे में मनोज ने कुलदीप और लेखराज जी से पूछा कि आपने मेरे बारे में क्या सोचा है? इस पर उनका मनोज कुमार को जवाब था, 'अभी तो तुम्हारा एक जूता भी नहीं घिसा है। यहां लोगों की उम्र निकल जाती है।'इसके बाद मनोज कुमार ने ठान लिया कि अब तक हिंदी फिल्मों में नाम बनाना है, यही उम्र भर काम करना है।

### अशोक कुमार के लिए लिखा सीन


मनोज कुमार जब हीरो बनने के लिए संघर्ष कर रहे थे, उसी दौरान उन्हें अशोक कुमार यानी दादा मुनि की फिल्म का एक सीन लिखने का मौका मिला। इस सीन के लिए उन्हें 11 रुपए मिले थे। मनोज कुमार बताते हैं, 'प्रोड्यूसर रोशन लाल मल्होत्रा 'जमीन और आसमान' नाम की फिल्म बना रहे थे। एक दिन वह स्टूडियो में परेशान बैठे थे। मैंने पूछा क्या हुआ मल्होत्रा साहब? वे बोले कि फिल्म के हीरो अशोक कुमार की डेट्स बड़ी मुश्किल से मिली हैं, लेकिन अब उन्हें फिल्म का एक सीन पसंद नहीं आ रहा है। इस पर मैंने कहा कि लाइए मैं इस सीन को दोबारा लिख देता हूं। मैंने सीन लिखा और ये अशोक कुमार जी को बहुत पसंद आया। प्रोड्यूसर रोशन लाल मल्होत्रा ने इसके लिए मुझे 11 रुपए दिए। इसके बाद मुझसे कई प्रोड्यूसर आकर फिल्मों के सीन लिखवाने लगे।' राइटिंग करने के अलावा मनोज कुमार फिल्मों में हीरो बनने का प्रयास करते रहे, फिल्में करते रहे।

### डॉक्यूमेंट्री में काम करने के मिले 1000 रुपए

मनोज कुमार ने अपने कॅरियर में कई ऐसी फिल्में बनाई जिसमें देशप्रेम की भावना नजर आई। दर्शक ये फिल्में देखकर भाव-विभोर हो जाते थे। ये देशप्रेम की भावना मनोज कुमार के मन में शुरुआत से रही। उन्होंने शुरुआती कॅरियर में ही एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'गंगू तेली'की, यह फिल्म खादी का प्रचार करने के लिए बनाई गई थी। इस फिल्म में काम करने के लिए उन्हें 1000 रुपए मिले थे।

## 'देशभक्त कलाकार कालजयी होते हैं', मनोज कुमार के निधन पर क्या बोले बॉलीवुड सितारे

*फिल्म इंडस्ट्री के लिए शुक्रवार का दिन काफी दुखद है। दिग्गज एक्टर मनोज कुमार ने शुक्रवार को दुनिया को अलविदा कह दिया है। उनके निधन से बॉलीवुड में शोक की लहर है। बॉलीवुड के तमाम बड़े चेहरों ने मनोज कुमार को श्रद्धांजलि दी है। अक्षय कुमार बोले मैं इनसे सीखते हुए बड़ा हुआ हूं कि देशभक्ति और प्यार जैसा कोई इमोशन नहीं है। करण जौहर ने श्रद्धांजलि देते हुए क्रांति की स्क्रीनिंग को याद किया।*



मनोज कुमार को श्रद्धांजलि देते हुए अक्षय कुमार ने कहा, 'मैं इनसे ये सीखते हुए बड़ा हुआ हूं कि कैसे देशभक्ति और प्यार जैसा कोई भाव नहीं होता है। और अगर हम एक्टर्स इस इमोशन को दिखाने में लीड नहीं लेंगे तो कौन लेगा? बहुत बढ़िया इंसान, और हमारी बिरादरी की सबसे बड़ी संपत्ति में से एक। मनोज सर। ओम शांति।



करण जौहर ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्टोरी शेयर करके मनोज कुमार को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने लिखा- आज हमने हिंदी सिनेमा के लेजेंड को खोया है।..श्री मनोज कुमार जी। मुझे वो वक्त याद आ रहा है जब मैं बचपन में क्रांति की स्क्रीनिंग देखने गया था...उत्सुकता से भरा मैं जमीन पर बैठा था, बाकी बच्चों के साथ।



वहीं, जैकी श्रॉफ ने मनोज कुमार की तस्वीर शेयर कर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। विवेक अग्निहोत्री ने ट्वीट करके मनोज कुमार को भारत के पहले सच्चे, ओरिजनल और प्रतिबद्ध भारतीय फिल्म निर्माता बताया। उन्होंने लिखा, "दादा साहब फाल्के पुरस्कार विजेता श्री मनोज कुमार जी आज हमें छोड़कर चले गए।'



एक दूरदर्शी निर्देशक जिन्होंने भारतीय सिनेमा को एक नया व्याकरण दिया। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा- 'अन्य कलाकार मृत्यु को प्राप्त होते हैं, पर देशभक्त कलाकार कालजयी होते हैं।'



मनोज कुमार की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, मनोज कुमार जी सिर्फ एक सिनेमाई आइकन नहीं थे - वे मेरे परिवार की यात्रा में एक व्यक्तिगत मील का पत्थर थे। उन्होंने मेरे पिता वीरू देवगन को रोटी कपड़ा और मकान फिल्म में एक्शन डायरेक्टर के रूप में पहला ब्रेक दिया था। वहां से क्रांति तक दोनों का सहयोग जारी रहा, और ऐसे पलों का निर्माण हुआ जो भारतीय सिनेमा के स्वर्णिम इतिहास का हिस्सा हैं।



बॉलीवुड एक्टर आमिर खान ने लिखा, मनोज कुमार सिर्फ एक अभिनेता या फिल्मकार ही नहीं थे, बल्कि वे एक संस्था थे। मैंने उनकी फिल्में देखकर बहुत कुछ सीखा है। उनकी फिल्में अक्सर महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर आधारित होती थीं, जो उन्हें आम आदमी के बहुत करीब ले जाती थीं। उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं।



शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा, 'मैं मनोज जी को व्यक्तिगत रूप से जानता था। वह सिर्फ पारिवारिक मित्र ही नहीं थे, बल्कि बहुत सम्मानीय व्यक्ति थे। 'क्रांति' एक ऐसी फिल्म थी, जिस पर हमने साथ काम किया था। अपनी फिल्मों के जरिए उन्होंने लोकप्रियता के साथ राष्ट्रवाद को नई दिशा दी। मनोज कुमार सही मायनों में भारत रत्न थे। वह विरलतम इंसानों में से एक थे।'



अभिनेत्री रवीना टंडन ने कहा, 'हम उन्हें कभी नहीं भूल सकते। वह मेरे बहुत करीब थे। उन्होंने मेरे पिता को 'बलिदान' में पहला ब्रेक दिया था। मेरे पिता उनके बहुत करीब थे'। रवीना ने आगे कहा, 'मनोज कुमार समय से बहुत आगे थे। जब उन्होंने 'जब जीरो दिया मेरे भारत ने' गाना फिल्माया, तब भारत में घूमने वाले रेस्तरां का कोई कॉन्सेप्ट नहीं था।

## टीवी मसाला

## 'खतरों के खिलाड़ी 15' में हिस्सा ले सकती हैं दिशा पाटनी की बहन

**नई दिल्ली।** स्टंट बेस्ड रिएलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी'का 15वां सीजन शुरू होने वाला है। ऐसे में मेकर्स इस शो के लिए सेलेब्स को अप्रोच कर रहे हैं। कुछ दिन पहले रिपोर्ट आई कि मल्लिका शेरावत कंटेस्टेंट के रूप में इस शो का हिस्सा बनने वाली हैं। वहीं, अब कहा जा रहा है कि बॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस दिशा पाटनी की बहन के साथ मेकर्स की बातचीत चल रही है। 'खतरों के खिलाड़ी'के मेकर्स ने खुशबू पाटनी को अप्रोच किया है। बता दें, खुशबू ने देहरादून इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में डिग्री लेने के बाद भारतीय सेना का हिस्सा बनीं। वह भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट हैं और कमीशन्ड ऑफिसर के पद पर हैं। ऐसे में अगर ये खबर सही निकलती है और खुबशू इस शो का हिस्सा बनती हैं तो खतरों का लेवल बढ़ जाएगा। खुशबू के अलावा, शो के लिए 'बिग बॉस 18' के सितारे चुम दरंग, दिग्विजय राठी, अविनाश मिश्रा और ईशा सिंह को अप्रोच किया गया है। इसके अलावा, सोशल मीडिया सेंसेशन ओरी उर्फ ओरहान अवत्रामणि के भी शो का हिस्सा बनने की उम्मीद की जा रही है। रिपोर्ट्स में यह भी कहा जा रहा है कि इस सीजन के लिए सिद्धार्थ निगम, शगुन पांडे, बसीर अली, गुलकी जोशी और गोरी नागोरी से भी बातचीज चल रही है। हालांकि, अब तक आधिकारित तौर पर इस बात की पुष्टि नहीं हुई है



## बिग बी लेकर आ रहे हैं केबीसी का नया सीजन, इस दिन से शुरू होंगे



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के शहंशाह कहलाने वाले दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन बहुत जल्द 'कौन बनेगा करोड़पति' के नए सीजन के साथ टीवी पर वापसी करने वाले हैं। शो कब शुरू होगा? इस बात की जानकारी तो अभी तक सामने नहीं आई है, लेकिन रजिस्ट्रेशन की डेट आ गई है। केबीसी के रजिस्ट्रेशन्स अगले हफ्ते से शुरू होंगे। सोनी टीवी ने अपने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर लिखा, 'तैयार हो जाएं 14 अप्रैल से हॉट सीट पर आने के लिए। केबीसी के रजिस्ट्रेशन्स और हमारे एबी के सवाल शुरू होने वाले हैं।' मतलब 'केबीसी 17' के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 14 अप्रैल से शुरू होगी। अगर आप 'केबीसी 17' के लिए अप्लाई करना चाहते हैं तो आपको अमिताभ बच्चन द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देना होगा।

## 'इडली कड़ाई' का नया पोस्टर जारी



**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार धनुष इन दिनों अपने व्यस्त प्रोफेशनल शेड्यूल के कारण चर्चा में हैं। अभिनेता के पास न केवल कई प्रोजेक्ट हैं, बल्कि वह अपने निर्देशन पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उनकी फिल्म 'इडली कड़ाई' भी दर्शकों को खास ध्यान आकर्षित कर रही है। इस फिल्म को आगे के लिए टाल दिया गया था। आखिरकार धनुष ने अब फिल्म की रिलीज की तारीख का ऐलान कर दिया है। 'इडली कड़ाई' के अभिनेता और निर्देशक धनुष ने एक नए पोस्टर के साथ अपनी फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा की। शुक्रवार 4 अप्रैल को धनुष ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया और घोषणा की कि यह 1 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 'पा पांडी', 'रायन' और 'निलावुक्कू एन मेल एन्नाडी कोबम' के बाद 'इडली कढ़ाई' धनुष की चौथी निर्देशित फिल्म है। 'इडली कढ़ाई' का निर्देशन करने के अलावा वह फिल्म में अहम भूमिका भी निभा रहे हैं। पहले, फिल्म को 10 अप्रैल को रिलीज किया जाना था, जो अजीत कुमार की 'गुड बैड अग्ली' के साथ क्लैश करने वाली थी। बाद में बॉक्स-ऑफिस क्लैश से बचने के लिए इसे पोस्टपोन कर दिया गया।

## ओमान में मनाएंगी अपना जन्मदिन

**मुंबई।** रश्मिका मंदाना इस समय अपनी फिल्म 'सिकंदर' से काफी चर्चा में हैं। अभिनेत्री इस बार अपने 29वें जन्मदिन का बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। अब उनके जन्मदिन को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है, जिसे लेकर उनके फैंस के मन में भी काफी सवाल उठ रहे हैं। 'पुष्पा' फेम अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इस समय सिनेमा की दुनिया का सबसे चर्चित नाम हैं। इस समय वह अपने आगामी जन्मदिन की कुछ खास तैयारियों में जुटी हुई हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार वह अपना जन्मदिन ओमान में अपने दोस्तों के संग मनाने वाली हैं। अभिनेत्री अपने व्यस्त दिनचर्या से ब्रेक लेकर अपने करीबी दोस्तों के साथ कुछ खास पल बिताना चाहती हैं। इस खबर के आने के बाद अभिनेत्री के फैंस कई कयास लगा रहे हैं। विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की डेटिंग की काफी चर्चा रहती हैं। अभी कुछ दिन पहले ही इन दोनों को एक कॉफी हाउस से अलग-अलग बाहर निकलते हुए देखा गया था। अब फैंस अनुमान लगा रहे हैं कि क्या विजय और रश्मिका वहां साथ दिखेंगे? इस बात की अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ये दोनों कलाकार अपने रिश्तों को लेकर हमेशा चर्चा में रहते हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि 5 अप्रैल को उनके जन्मदिन पर कौन-कौन सम्मिलित होता है। ए आर मुरुगदास के निर्देशन में बनी फिल्म 'सिकंदर' 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। बॉक्स ऑफिस पर यह औसत प्रदर्शन कर रही है। ओपनिंग डे पर फिल्म ने 26 करोड़ रुपये का कारोबार किया। दूसरे दिन ईद पर फिल्म ने 29 करोड़ रुपये कमाए। वहीं, बीते दिन गुरुवार को फिल्म ने 6 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म का टोटल कलेक्शन 90.25 करोड़ रुपये हो गया है।



### फोटो खिंचाने के मौके दिलाने तक के लिए पैकेज डील की जा रही ऑफर

# 12 लाख भरिए, रेड कारपेट पर टहलिए, 'कान' के नाम पर वसूली

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कान फिल्म फेस्टिवल के नाम पर सिर्फ भारतीय फिल्म दर्शकों को ही नहीं इसमें काम करने वाले सितारों को भी खूब गुमराह किया जाता है। फेस्टिवल के दिन करीब आते ही फिल्मी सितारों और मनोरंजन जगत के कलाकारों को इस फेस्टिवल के रेड कारपेट पर चलने के लिए 'मौका'दिलाने वालों की लॉबी फिर से सक्रिय हो गई है।

फिल्म कलाकारों को इस फेस्टिवल के दौरान पार्टी में शामिल होने से लेकर नेटवर्किंग और फोटो खिंचाने के मौके दिलाने तक के लिए पैकेज डील ऑफर की जा रही है। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अनुप्रिया कपूर ने ऐसी ही एक मेल अपने सोशल



मीडिया पेज पर साझा कर दी है। बीते साल फिल्म 'हमारे बारह' के कथित 'इंडियन फिल्म कैटेगरी' में चयनित होने की फर्जी खबर का भंडाफोड़ हुआ था, इस साल अनुप्रिया ने खुलासा किया है कि कैसे आठ लाख रुपए से लेकर 12 लाख रुपए तक कलाकारों से मांगे जा रहे हैं, उन्हें सिर्फ रेड कारपेट पर चलाने के नाम पर।

अनुप्रिया कहती हैं कि तमाम ऐसे लोग पैसे देकर कान में रेड कारपेट पर पहले भी फोटो खिंचाते रहे हैं जिनका सिनेमा से कोई लेना देना नहीं है। वह कहती हैं कि पैसे देकर कान जाने में बुराई नहीं है, लेकिन ऐसे लोगों को भारत का प्रतिनिधित्व करने का दावा नहीं करना चाहिए। इस साल 13 मई से शुरू होने जा रहे कान फिल्म फेस्टिवल का ये 78वां आयोजन होगा।

### चुनी गई फिल्मों के कलाकार ही चलते हैं रेड कारपेट पर

कान फिल्म फेस्टिवल के आधिकारिक सेक्शन में चुनी गई फिल्मों के कलाकार ही इस फेस्टिवल के रेड कारपेट पर चलते हैं। कुछ कलाकारों को फेस्टिवल के प्रायोजकों की तरफ से भी आमंत्रित किया जाता है, जैसे बीते साल ऐश्वर्या राय बच्चन, अदिति राव हैदरी, शोभिता धूलिपाला आदि इसी तरह वहां पहुंची थीं। इस फिल्म फेस्टिवल की सबसे महत्वपूर्ण कैटेगरी होती है, कंपटीशन सेक्शन, जिसमें कोई तीन दशक बाद बीते साल पायल कपाड़िया की फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट'शामिल हुई थी। दूसरा अहम सेक्शन कान फिल्म फेस्टिवल का अन सर्टेन रिगार्ड (परिप्रेक्ष्य में) है जिसमें पिछले साल शहाना गोस्वामी अभिनीत फिल्म 'संतोष' शामिल हुई थी।

## खबर संक्षेप

### वक्फ बिल पर जयंत चौधरी की पार्टी में भी बगावत

**लखनऊ।** वक्फ बिल पर जयंत चौधरी की पार्टी राष्ट्रीय लोकदल रालोद में भी बगावत हो गई है।



रालोद के प्रदेश महासचिव शाहजेब रिजवी ने संसद में वक्फ बिल का समर्थन करने के जयंत चौधरी के फैसले से नाराज होकर अपने पद से इस्तीफा देने के साथ ही पार्टी भी छोड़ दी है। शाहजेब ने एक वीडियो जारी कर जयंत चौधरी के फैसले को मुसलमानों के साथ विश्वासघात भी बताया है।

# झारखंड में अचानक 21 जगहों पर ईडी का छापा, मचा हड़कंप

शुक्रवार को ईडी ने झारखंड में 21 जगहों पर छापा मारा। इस दौरान अलग-अलग टीमों के पहुंचने से हडकंप मच गया। बताया जा रहा है कि ईडी की टीमें धनशोधन मामले में छापा मारने पहुंची हैं।

एजेंसी ▶▶ रांची

शुक्रवार की सुबह झारखंड में कई जगहों पर अचानक ईडी की छापेमारी से हड़कंप मच गया। ईडी की अलग-अलग टीमें झारखंड में 21 जगहों पर छापेमारी कर रही हैं। मिली जानकारी के अनुसार, ईडी को आयुष्मान भारत योजना से जुड़ी कुछ योजनाओं में बड़ी अनियमितता में धनशोधन की आशंका है।

ईडी ने यह छापेमारी आयुष्मान भारत योजना में हुई गड़बड़ी मामले में की गई है। ईडी की टीम सुबह से ही रांची के अशोक नगर, पीपी कंपाउंड, एदलहातू, बरियातू, लालपुर और चिरौंदी में छापेमारी कर रही है। आयुष्मान भारत योजना में हुई गड़बड़ी के मामले में भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट (सीएजी) संसद में पेश की गई थी। इसके बाद ईडी ने इसीआईआर दर्ज की थी।

सीएजी की रिपोर्ट में झारखंड में आयुष्मान योजना में गड़बड़ी करने का उल्लेख किया गया था। सीएजी की रिपोर्ट संसद में पेश होने और उसमें वर्णित तथ्यों के मद्देनजर ईडी ने स्वास्थ्य विभाग और झारखंड स्टेट हेल्थ सोसायटी से आयुष्मान योजना में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी मांगी थी।



### योजनाओं में धनशोधन की आशंका

जवाब में स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान योजना में हुई गड़बड़ी के मामले में कुछ अस्पतालों के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर की सूचना ईडी को भेजी थी। ईडी ने इसी प्राथमिकी को इसीआईआर के रूप में दर्ज कर झारखंड में आयुष्मान घोटाले की जांच शुरू की थी।

### ईडी की टीम सुबह 4 बजे से ही सक्रिय

मिली जानकारी के अनुसार बरियातू रोड के श्यामा इनक्लेव राधा गोविंद अपार्टमेंट से पहले ईडी ने छापेमारी की है। इसके साथ ही मोहराबादी में बुधिया एजेंसी में भी ईडी ने छापेमारी की है। सिंदुवार के ललिता ऑर्किड, अरविंद मार्क के रश्मि इनक्लेव और श्यामा इनक्लेव के रामेश्वरम लेन में भी छापा मारा गया है। बताया जा रहा है कि ईडी की टीम सुबह 4 बजे से ही सक्रिय है और टीम के दर्जनों सदस्य कार्रवाई के लिए निकले हुए हैं।

## पेज एक का शेष

### दिलीप कुमार की फिल्म...

है, हमारे साथ खेला करता था।' वहां मौजूद बच्चे यह बात हैरानी से सुनते। हरिकृष्ण गोस्वामी यानी मनोज कुमार (87) नहीं रहे। उन्होंने मुंबई के कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी अस्पताल में सुबह करीबन 3.30 बजे अंतिम सांस ली। एक्टर लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। फैंस उन्हें प्यार से 'भारत कुमार' भी बुलाते थे। वो क्रांति, उपकार जैसी देशभक्ति फिल्मों के लिए मशहूर थे। शनिवार (5 अप्रैल) दोपहर 12 बजे मुंबई के विले पार्ले में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने मनोज कुमार के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा कि वो भारतीय सिनेमा के आइकन थे, जिन्हें खासतौर पर उनके देशभक्ति के जोश के लिए याद किया जाएगा। देशभक्ति उनकी फिल्मों में झलकती थी। उनके कामों ने राष्ट्रीय गौरव की भावना को बढ़ाया है।

### पीएम ने बिम्सटेक...

सामूहिक विकास का मॉडल 'बिम्सटेक': प्रधानमंत्री ने समूह को क्षेत्रीय संगठन से इतर समावेशी विकास और सुरक्षा का एक मॉडल बताया। साथ ही कहा कि ये हमारे साझा संकल्पों और सामूहिक शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने बिम्सटेक को सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास की अवधारणा का एक साकार रूप बताते हुए कहा कि इससे हम एकजुटता, सहयोग, विश्वास की भावना को और मजबूत करेंगे और इसे नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

**यूं बढ़ेगा समुद्री सुरक्षा में सहयोग:** प्रधानमंत्री ने समुद्री सुरक्षा सहयोग को बढ़ाने के लिए भारत में सतत समुद्री यातायात केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव रखा। ये केंद्र क्षमता निर्माण, शोध, नवाचार और समुद्री नीतियों में समन्वय बढ़ाने के लिए काम करेगा। उन्होंने समुद्री यातायात समझौते का उल्लेख किया और कहा कि इससे मर्चेंट शिपिंग, कार्गो ट्रांसपोर्ट में सहयोग मजबूत होगा, व्यापार को गति मिलेगी। पब्लिक हेल्थ देश की सामाजिक प्रगति का अहम स्तंभ है। कैंसर केयर में प्रशिक्षण, क्षमता विकास में भारत सहयोग देगा। किसानों के फायदे के लिए हम अपने देश में एक सेंटर फॉर एक्सीलेंस खोलने का प्रस्ताव रखते हैं।

**स्पेस की प्रगति प्रेरणादायक:** स्पेस क्षेत्र में भारतीय वैज्ञानिकों की प्रगति ग्लोबल साउथ के तमाम युवाओं के लिए एक प्रेरणास्रोत बताते हुए पीएम ने कहा कि हम अपने अनुभव साझा करने के लिए तैयार हैं। बिम्सटेक के लिए मैनपावर ट्रेनिंग, नैनो सेटेलाइट के निर्माण-लांच, रिमोट सेंसिंग डेटा के उपयोग के लिए ग्राउंड स्टेशन स्थापित करने का प्रस्ताव उन्होंने रखा। युवाओं के कौशल के लिए बोधी पहल की शुरुआत की। जिससे हर साल भारत में बिम्सटेक के 300 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। एफआरआई में छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाएगी, नालंदा में छात्रवृत्ति योजना का विस्तार किया जाएगा। युवा राजनयिकों के लिए प्रतिवर्ष प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत चलाएगा।

संबंधों की नींव, सांस्कृतिक विरासत: हमारी साझा विरासत सांस्कृतिक संबंधों की मजबूत नींव है। युवा आदान-प्रदान बढ़ाने को इस साल यंग लीडर्स समिट होगा। बिम्सटेक हैकेथॉन, यंग प्रोफेशनल्स विजिटर्स प्रोग्राम का आगाज किया जाएगा। 2027 में समूह की तीसरी वर्षगांठ पर हम पहले बिम्सटेक गेम्स की मेजबानी करने की घोषणा करते हैं।

### संवेदनशील मुद्दे...

आई है। अमित शाह ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि 1993 में नगा-कुकी संघर्ष हुआ, जो कि 1998 तक चला, जिसमें 750 लोग मारे गए। क्या उस समय के प्रधानमंत्री वहां गए? नहीं गए, इनके (विपक्ष) के प्रधानमंत्री थे। 1993 में महतई पंगल संघर्ष हुआ। इसमें 150 से ज्यादा लोग मारे गए। उस समय पीवी नरसिम्हा राव थे, जो कि मणिपुर नहीं गए और सात महीने तक हिंसा चलती रही। ये इतिहास बताता है कि मणिपुर में जातीय संघर्ष होते आया है।

### कुए में ट्रैक्टर-ट्रॉली...

अभियान शुरू किया और कुए से बड़ी मात्रा में पानी पंप की मदद से बाहर निकाला। डीआईओ ने बताया कि सात महिलाओं के शव कुएं से बाहर निकाले गए, जबकि तीन अन्य को बचा लिया गया। सभी महिलाएं हिंगोली जिले के वासमत तहसील के अंतर्गत आने वाले गुंजगांव की रहने वाली थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुर्घटना में हुई जानमाल की क्षति पर शोक व्यक्त किया और प्रत्येक मृतक के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि घायलों को 50-50 हजार रुपए दिए जाएंगे।

**सीएम फडणवीस ने दिए जांच के आदेश, 5-5 लाख की मदद का किया ऐलान:** राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मजदूरों की मौत पर दुख व्यक्त किया और प्रत्येक मृतक के परिजनों को पांच लाख रुपए की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि सुबह नांदेड़ जिले के असेगांव में दुर्घटना में कुछ महिलाओं की मौत हो गई, जब 11 महिला मजदूरों को ले जा रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली कुए में गिर गई। उन्होंने मृतकों के परिवारों को मुख्यमंत्री राहत कोष से पांच-पांच लाख रुपए की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की। फडणवीस ने कहा कि दुर्घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं और ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

### अन्नामलाई बोले- ...

से दूर रखते हुए कहा कि मैं अगले राज्य अध्यक्ष की दौड़ में नहीं हूं। मैं किसी भी राजनीतिक अटकलबाजी का जवाब नहीं दूंगा। मैं किसी भी रेस में नहीं हूं। अन्नामलाई भाजपा के एआईएडीएमके के साथ गठबंधन के बारे में बेहद मुखर रहे थे, ने हाल ही में क्षेत्रीय पार्टी के प्रति अपना रुख नरम कर लिया। हालांकि, उन्होंने इस बारे में विस्तृत जानकारी देने से परहेज किया। उन्होंने उस समय कहा था हमारे गृह मंत्री ने बात की है। कृपया उनकी प्रतिक्रिया को इस मामले पर अंतिम शब्द के रूप में लें। 2023 में के अन्नामलाई द्वारा एआईएडीएमके नेताओं जे जयललिता और सीएन अन्नादुरई की तीखी आलोचना और द्रविड़ पार्टियों के साथ किसी भी गठबंधन के उनके कड़े विरोध ने भाजपा और एआईएडीएमके के बीच बड़ी दरार पैदा कर दी थी। नतीजतन, दोनों पार्टियों ने 2024 का लोकसभा चुनाव अलग-अलग लड़ा और उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा।

### पेशेवरों को राजनीति...

वहीं पत्रकारों से बातचीत में प्रवीण चक्रवर्ती ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत चयनित 50 पेशेवरों को पार्टी के भीतर प्रमुख नेता प्रशिक्षित करेंगे तथा उन्हें पार्टी से जुड़े कार्यों में लगाया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को राजनीति में वास्तविक जिम्मेदारी निभाने का अवसर प्रदान करेगा। चक्रवर्ती ने कहा भारत और दुनिया भर में इस समय बहुत कुछ हो रहा है, लेकिन हम हिंदू-मुस्लिम कानूनों पर बहस कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत सहित कई देशों पर भारी टैरिफ की घोषणा की है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए भारत को एक ठोस आर्थिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। यदि हम उचित तरीके से जवाब नहीं देते हैं, तो टैरिफ के कारण बहुत अधिक नौकरियां जा सकती हैं और अत्यधिक बेरोजगारी का सामना करना पड़ सकता है।

**मनमोहन सिंह की कमी खल रही:** चक्रवर्ती ने कहा कि इस महत्वपूर्ण मोड़ पर डॉ. मनमोहन सिंह जैसे नेता की कमी खल रही है, जो हमें इस स्थिति से बाहर लाने के लिए सलाह और मार्गदर्शन दे सकते थे। यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद डॉ. सिंह से पूछा गया कि भू-राजनीतिक संकट से अपनी अर्थव्यवस्था को कैसे बचाया जा सकता है। डॉ. सिंह ने इन मुद्दों पर विचार करने और समाधान खोजने के लिए युवा पेशेवरों का एक समूह बनाने का सुझाव दिया था। कांग्रेस युवा पेशेवरों को देश के नेतृत्व के लिए सशक्त बनाकर उनकी इच्छा पूरी कर सकती है। इस उद्देश्य से यह फेलोशिप कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है।

**पेशेवर रहे लोग राजनीति में आए:** पवन खेड़ा ने कहा कि देश में कई ऐसे लोग हैं, जो पहले पेशेवर रहे और फिर राजनीति में आए। इनमें डॉ. मनमोहन सिंह जी का नाम बहुत ऊपर आता है। मोती लाल नेहरू जी से लेकर महात्मा गांधी और सरदार पटेल तक, आजादी के आंदोलन में भी सभी अग्रणी नाम पहले पेशेवर थे। कांग्रेस ने हमेशा से पेशेवरों को राजनीति में आगे आने का अवसर दिया है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए यह फेलोशिप कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। वहीं के. राजू ने कहा कि इस फेलोशिप कार्यक्रम की बहुत लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी। कांग्रेस पार्टी इस फेलोशिप के माध्यम से इच्छुक पेशेवरों को राजनीति में आने का एक सुव्यवस्थित मंच प्रदान कर रही है।

### चैटजीपीटी ने बनाया...

सीईओ सैम ऑल्टमैन का भी आधार कार्ड साझा किया है जिसमें क्यूआर कोड और आधार नंबर भी दर्ज है। खास बात ये है कि पहली नजर में एआई से बने आधार कार्ड और असली आधार कार्ड में कोई अंतर नहीं दिख रहा है।

### हंगामे के बीच ..

यानी राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में 17 घंटे 23 मिनट तक चर्चा चली। जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के कुल 173 सदस्यों ने भाग लिया। बताते चलें कि संसद के बजट सत्र की 31 जनवरी को शुरुआत हुई थी। दो चरणों में यह चला। जिसमें पहला चरण 31 जनवरी से 13 फरवरी तक और दूसरा चरण 10 मार्च से 4 अप्रैल तक चला।

**134 तारांकित प्रश्नों के उत्तर हुए:** उन्होंने बताया कि सत्र में विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों से संबंधित कुल 134 तारांकित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिए गए। शून्यकाल में जनप्रतिनिधियों ने लोक महत्व के कुल 691 मामले उठाए। पिछले 3 अप्रैल को सदन में लोक महत्व के 202 मामले उठाए गए। जो कि एक रिकॉर्ड है। नियम-377 के अधीन सदन में 566 मामले उठाए गए। साथ ही कुल 32 वक्तव्य दिए गए। जिसमें निर्देश 73 (क) के अधीन 23 वक्तव्य शामिल हैं। विभागों से संबंधित स्थायी समितियों के 61 प्रतिवेदन प्रस्तुत किए गए और सभा पटल पर 2 हजार 518 पत्र रखे गए। मछुआरा समुदाय के सामने आ रही कठिनाइयों पर नियम-197 के तहत 1 अप्रैल को ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर चर्चा की गई। गैर सरकारी सदस्यों के कार्यों में देश में हवाई किराए को विनियमित करने के उचित उपायों के संबंध में लोकसभा सदस्य शफी परम्बिल द्वारा प्रस्तुत गैर सरकारी सदस्य के संकल्प पर 28 मार्च को सदन में चर्चा की गई। लेकिन यह पूरी नहीं हुई।

**विदेशी प्रतिनिधिमंडलों का किया स्वागत:** सत्र के दौरान ही 3 फरवरी को रूस की फेडरल असेंबली की स्टेट ड्यूमा के अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोदिन के नेतृत्व में भारत यात्रा पर आए रूसी शिष्टमंडल का स्वागत किया। इसी क्रम में 11 फरवरी को सभा ने मालदीव के स्पीकर के नेतृत्व में आए शिष्टमंडल का स्वागत किया। इसके अगले 12 फरवरी को सभा ने मेडागास्कर की नेशनल असेंबली के प्रेजीडेंट की अध्यक्षता में आए शिष्टमंडल का स्वागत किया।

### हंगामे में उठे यह मुद्दे...

बयान देने की मांग पर अड़े थे। हंगामे के बीच कुछ मिनटों के अंदर ही लोकसभा अध्यक्ष ने कार्रवाई को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। 12 बजे कार्रवाई की शुरुआत के साथ हालात में कोई परिवर्तन नहीं हुआ, कांग्रेस सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष के आसन के करीब आकर हंगामा करना शुरू कर दिया। जिसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लगभग 10 मिनट के अंदर ही सत्र से जुड़ी अहम जानकारी देते हुए सत्रावसान का ऐलान कर दिया।


जानें अपने अधिकार
सीरीज-1

हरियाणा सरकार



"अमृतकाल में विकसित भारत के निर्माण के लिए हमारे जो सपने हैं, जो आकांक्षाएं हैं, उन्हें साकार करने में भारत की श्रम शक्ति की बहुत बड़ी भूमिका है।"
- नरेन्द्र मोदी

कर्मचारी मुआवजा अधिनियम,1923

- कर्मचारी की कार्यस्थल पर कार्य के दौरान दुर्घटना में, अपंगता या मृत्यु पर उचित मुआवजा
- कर्मचारी को व्यावसायिक रोग होने पर उचित मुआवजा

(व्यावसायिक रोगों की सूची)

(कर्मचारी मुआवजा अधिनियम के अंतर्गत आने वाले कर्मचारी की सूची)

योजना के अंतर्गत आने वाले कर्मचारी

सभी औद्योगिक संस्थानों में कार्य करने वाले कर्मचारी, मोटर चालक, ड्राइवर, हेल्पर, मैकेनिक, भवन निर्माण के कार्य से जुड़े श्रमिक, मशीनों पर काम करने वाले श्रमिक, उत्खनन कार्य करने वाले श्रमिक, रेलवे में कार्यरत कर्मचारी, जहाजों की मरम्मत और लोडिंग/अनलोडिंग करने वाले कर्मचारी, प्रिंट मीडिया में कार्यरत कर्मचारी आदि

मुआवजा

- मृत्यु होने पर: मृतक कर्मचारियों के मासिक वेतन का 50% गुना श्रमिक की आयु के आधार पर
- स्थायी पूर्ण अपंगता पर: मासिक वेतन का 60% गुना श्रमिक की आयु के आधार पर
- आंशिक अपंगता पर: अपंगता प्रमाण-पत्र के अनुसार मुआवजा



आवश्यक शर्तें

- नियोक्ता (Employer) और कर्मचारी (Employee) का सम्बंध
- कार्य के दौरान मृत्यु
- कार्य के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन

आवश्यक दस्तावेज़

- आश्रित का प्रमाण-पत्र
- एफ.आई.आर. की कॉपी
- आवेदन की समय सीमा 2 वर्ष
- मेडिकल सर्टिफिकेट

आवेदन करें ❶ जिला स्तर के आयुक्त कर्मचारी मुआवजा अधिनियम या सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय ❷ नियोक्ता के कार्यालय में

श्रम विभाग, हरियाणा

सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हरियाणा के Whatsapp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## चिंतन

# बिम्सटेक में भारत के लिए बेहतर मौके

पड़ोसी देशों में मची राजनीतिक हलचल, प्राकृतिक आपदाएं, बढ़ती चीनी नजदीकियां और बदल रही निष्ठाओं के बीच बिम्सटेक की थाईलैंड में बैठक भारत के लिहाज से अहम है। बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक को-ऑपरेशन (बिम्सटेक) में भारत ही सबसे मजबूत सदस्य है और बाकी सदस्य भारत के सब पड़ोसी देश हैं। भारत, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, थाईलैंड, म्यांमार बिम्सटेक के सदस्य देश हैं। ऐसे में भारत बिम्सटेक को आगे ले जा सकता है और अपने लिए अवसर पैदा कर सकता हे। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में हुई दो दिवसीय बिम्सटेक (बहु-क्षेत्रीय और तकनीकी सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल) शिखर सम्मेलन में म्यांमा और थाईलैंड में पिछले सप्ताह आए भूकंप में 3,000 से अधिक लोगों की मौत के मद्देनजर प्राकृतिक आपदा राहत कार्यों को और बेहतर बनाने, सदस्य देशों के बीच ट्रेड बढ़ाने, सीमा सुरक्षा को लेकर सहयोग, नशे की तस्करी रोकने पर सहमति बनी है। बिम्सटेक बैठक के दौरान पीएम नरेन्द्र मोदी ने सदस्य देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए 21 सूत्री कार्ययोजना का प्रस्ताव रखा है। भारत के लिए बंगाल की खाड़ी क्षेत्र के देशों का सामरिक महत्व है, ये न केवल पड़ोसी हैं, बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक व ऐतिहासिक रूप से भी जुड़े हैं। अर्थव्यवस्था के लिहाज से छोटे हैं व भारत पर अधिक निर्भर देश हैं। इन देशों के साथ चीन भी अपने संबंध मजबूत करने में लगा है, जो भारत के पड़ोस तक चीनी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है। नेपाल में वामपंथ शासन के बाद नेपान व चीन करीब आए हैं। श्रीलंका चीन के साथ जुड़ा और हाथ जलाने के बाद सतर्क है। म्यांमार में सैन्य तख्ता पलट के पीछे चीनी हाथ माना गया है। म्यांमार की सैन्य सरकार को चीन, रूस व बेलारूस का ही समर्थन प्राप्त है। बांग्लादेश में भी कट्टर इस्लामिक दलों के सत्ता पर कब्जे के बाद से ढाका की बीजिंग व इस्लामाबाद से नजदीकी बढ़ी है। इन परिस्थितियों में पीएम मोदी की बैठक से अलग मोहम्मद यूनुस से मुलाकात हुई है, जो रणनीतिक लिहाज से महत्वपूर्ण है। पीएम मोदी ने भारत विरोधी बयानों के प्रति यूनुस को सचेत किया है व अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के प्रति चिंता व्यक्त की है। पीएम नेपाली पीएम केपी ओली से भी मिले हैं, नेपाल में अभी राजशाही के लिए आंदोलन चल रहा है, इस परिप्रेक्ष्य में मोदी व ओली की मुलाकात उल्लेखनीय है। भारत व नेपाल के संबंध अभी उतार-चढ़ाव दौर से गुजर रहे हैं। पीएम मोदी की म्यांमा की सैन्य सरकार के प्रमुख वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग से भी बातचीत हुई है, इसमें भारत का मानवीय पक्ष है, म्यांमार भीषण भूकंप के बाद तबाही से प्रभावित है, भारत मदद कर रहा है और आगे भी मदद का वादा किया है। म्यांमा की सैन्य सरकार के प्रमुख वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग की उपस्थिति के कारण बिम्सटेक की बैठक विवादों में भी रही, कारण जनरल ह्लाइंग को वर्ष 2021 में सत्ता पर काबिज हाने के बाद से कई वैश्विक सम्मेलनों में शिरकत नहीं करने दी गई है। भारत की कोशिश बिम्सटेक देशों की सामरिक सुरक्षा, आपस में ट्रेड बढ़ाने, इन्फास्ट्रक्चर बढ़ाने के साथ चीनी प्रभाव को कम करने की है। म्यांमार, बांग्लादेश व नेपाल जैसे देशों को अपनी सुरक्षा व हित को तवज्जो देनी चाहिए और चीन से सतर्क रहना चाहिए। अमेरिकी टेरिफ वार के बाद से भारत अपने ट्रेड के लिए नए बाजार भी तलाश रहा है, जिसमें बिम्सटेक देश अहम हैं।



श्रद्धांजलि
ऋतुपर्ण दवे

# देशप्रेम से प्रेरित फिल्मों का 'सूरज' अस्त

**यकीन नहीं होता कि मनोज कुमार हमारे बीच नहीं रहे! लेकिन उनका अभिनय, आदर्श और सबसे बड़ी देश प्रेम की प्रेरणा कभी चुकने वाली नहीं। जब तक सृष्टि रहेगी, धरती और ब्रह्माण्ड रहेगा तब तक भारत रहेगा और भारत कुमार के बोल 'मेरे देश की धरती सोना उगले-उगले हीरा-मोती' सबके कानों में गुंजायमान होते रहेंगे। अद्वितीय प्रतिभा के धनी मनोज कुमार ने कभी भी फिल्म को फिल्म नहीं बल्कि संस्कार, देशहित और संदेशवाहक के रूप में देखा। यही कारण था कि उनके द्वारा अभिनीत फिल्में भारतीय सिने जगत में तो परचम लहराती ही रहीं विदेशों में भी जबरदस्त लोकप्रिय हुईं। मनोज कुमार यानी भारत कुमार देश की आन,बान और शान थे, हैं और रहेंगे।**

भारतीय फिल्म जगत का एक दैदीप्यमान नक्षत्र, वो चमकता सितारा जिसने कभी अपने उसूलों से समझौता नहीं किया। उनकी हरेक फिल्म में कूट-कूट कर देश प्रेम भरा है। जिसके अन्दर भारतीयता की ऐसी लौ थी कि खुद ही भारत कुमार बन गया। यकीन नहीं होता कि मनोज कुमार हमारे बीच नहीं रहे! लेकिन उनका अभिनय, आदर्श और सबसे बड़ी देश प्रेम की प्रेरणा कभी चुकने वाली नहीं। जब तक सृष्टि रहेगी, धरती और ब्रह्माण्ड रहेगा तब तक भारत रहेगा और भारत कुमार के बोल 'मेरे देश की धरती सोना उगले-उगले हीरा-मोती' सबके कानों में गुंजायमान होते रहेंगे। अद्वितीय प्रतिभा के धनी मनोज कुमार ने कभी भी फिल्म को फिल्म नहीं बल्कि संस्कार, देशहित और संदेशवाहक के रूप में देखा।

यही कारण था कि उनके द्वारा अभिनीत फिल्में भारतीय सिने जगत में तो परचम लहराती ही रहीं विदेशों में भी जबरदस्त लोकप्रिय हुईं। 24 जुलाई 1937 को जन्मे मनोज कुमार के नाम से मशहूर हरिकृष्ण गिरी गोस्वामी का जन्म पाकिस्तान के एबटाबाद में हुआ था। उनका जंडियाला शेर खान और लाहौर जैसे इलाकों से भी संबंध रहा है। उन दिनों जब दिल्ली में सुभाष चंद्र बोस की आईएनए से जुड़े लोगों का ट्रायल चल रहा था तो लाहौर के नौजवान और बच्चे जुलूस निकाल नारे लगाते थे 'लाल किले से आई आवाज ढिल्लो, सहगल, शाहनवाज'। इनमें मनोज भी शामिल होते। इस बीच स्वतंत्रता मिली, बंटवारा हुआ और देश भारत-पाकिस्तान में बंट गया। बंटवारे के बाद हुई हिंसा में उनके चाचा मारे गए। उनके पिता उन्हें लाल किला ले गए। दोनों ने वहां नारे लगाए। इसकी छाप उनके जीवन में पड़ी। वो दिल्ली के शरणार्थी कैंप में भी रहे। वहीं उनके भाई का जन्म होने वाला था। लेकिन हिंसा के बीच अस्पताल के लोग भी भूमिगत हो गए और बिना इलाज भाई मारा गया। यहीं से उनके मन में दंगों को लेकर नफरत हुई। लेकिन पिता ने जिंदगी में कभी दंगा-मारपीट न करने की सीख दी। इससे उनका हृदय परिवर्तन हुआ। दिल्ली में ही उन्होंने अपनी आगे की पढ़ाई की। बचपन से ही उन्हें फिल्मों का बहुत शौक था।

वह अभिनेता बनना चाहते थे लेकिन उन्होंने फिल्मों में आने से पहले हिंदू कॉलेज से बैचलर ऑफ आर्ट्स की डिग्री ली। अपने बचपन से ही फिल्मों में जाने के शौक से छोटी सी उम्र में ही अभिनेता बनने मायानगरी मुंबई का रुख किया और मुंबई आ गए। वो दिलीप कुमार, अशोक कुमार और कामिनी कौशल से बेहद प्रभावित रहे। वर्ष 1957 में महज 19 साल की उम्र में मनोज कुमार को पहली बार फिल्म फैशन में 80-90 साल के भिखारी का छोटा सा रोल मिला। इसके बाद वो लगातार 10 वर्षों तक संघर्ष कर अपने जूते घिसते रहे। उन्हें एक बात बहुत चुभ गई थी जब उन्होंने अपने पहले लेकिन छोटे से अभिनय को लेकर फिल्म निर्माता लेखराज भाकड़ी, कुलदीप सहगल से पूछा कि उन्हें बड़ा रोल कब मिलेगा? जवाब मिला कि लोगों की उम्र निकल जाती है अभी जूते घिसो। बस यही शब्द उनके जीवन के टर्निंग प्वॉइंट बन गए। यहां से उन्होंने फिल्मों में लिखने का काम भी शुरू कर दिया। जिसमें खासी सफलता मिली। इसको लेकर एक मजेदार वाकया भी है।

अपने संघर्ष के दिनों में दुर्घटनावश अपने आदर्शों



में से एक अशोक कुमार यानी दादा मुनि की फिल्म का एक सीन लिखने का मौका मिला। हुआ यह कि प्रोड्यूसर रोशन लाल मल्होत्रा फिल्म 'जमीन और आसमान' बना रहे थे। इसके लिए लिखा गया सीन उन्हें पसंद नहीं आ रहा था। जिससे वो परेशान हो गए।

इसी बीच उनसे मिलने मनोज कुमार पहुंचे। उन्होंने परेशानी का कारण पूछा और जवाब में मनोज कुमार बोले कि क्या मैं लिख दूं? खिसियाए मल्होत्रा जी ने कहा कि एक तो अशोक कुमार की डेट्स बड़ी मुश्किल से मिली ऊपर से उन्हें फिल्म का एक सीन पसंद नहीं आ रहा है। चलो लिखो। इस तरह मनोज कुमार ने सीन लिखा जो अशोक कुमार को बहुत पसंद आया। इसके लिए उन्हें ग्यारह रुपये मिले। इसके बाद तो यह सिलसिला शुरू हो गया। कई प्रोड्यूसर उनसे फिल्मों के सीन लिखवाने लगे। लेकिन मनोज कुमार के मन में कुछ और चल रहा था जिसे लेकर उनकी कोशिशें जारी रहीं। इसके बाद कई प्रोड्यूसर उनसे फिल्मों के सीन लिखवाने लगे लेकिन हीरो बनने का प्रयास जारी रखा। आखिर मेहनत रंग लाई। 1961 में फिल्म 'कांच की गुड़िया' में ब्रेक मिला। इसके फौरन बाद अगले साल उन्हें विजय भट्ट की फ़िल्म 'हरियाली और रास्ता' मिली जिसने उनकी जिंदगी का रास्ता बदल दिया। उनके दिल में देश भक्ति कूट-कूट कर भरी थी।

आजादी के बाद जब भारतीय फिल्मों का दौर बदल रहा था तब मनोज कुमार एक्शन, रोमांटिक फिल्मों के बजाए देश भक्ति की ओर बढ़ रहे थे। यह उनकी निष्ठा और भावना थी जो उन्होंने 1965 में देश भक्ति से ओत-प्रोत फिल्म शहीद बनाई। इसमें शहीद भगत सिंह की भूमिका निभाई। 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान उनकी मुलाकात तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री से हुई जिन्होंने उन्हें युद्ध में होने वाली परेशानियों पर फिल्म बनाने को कहा। शास्त्री जी ने कहा कि मेरा एक नारा है जय जवान-जय किसान। इस पर कोई फिल्म बनाओ। मनोज कुमार ने फिल्म उपकार बनाई जो सबको बहुत पसंद आई। हालांकि शास्त्री जी इसे नहीं देख पाए क्योंकि उसी बीच उनकी मृत्यु हो गई थी। उपकार आज भी जबरदस्त लोकप्रिय है। इस फिल्म से मनोज कुमार की किस्मत रातों-रात बदल गई। उपकार की कहानी और गाने दर्शकों को बेहद भाए।

वास्तव में फिल्म में भारत के किसान के संघर्ष को दिखाया गया है। इसी फिल्म ने मनोज कुमार को दूसरा नया नाम भारत कुमार दे दिया। यूं तो मनोज कुमार का असली नाम हरिकिशन गोस्वामी था, लेकिन बॉलीवुड में उन्होंने मनोज कुमार और भारत कुमार के नाम से परचम फहराया। उन्होंने बॉलीवुड को एक से एक हिट फिल्में दीं। इनमें उपकार, पत्थर के सनम, रोटी कपड़ा और मकान, संन्यासी, हिमालय की गोद में, पत्थर के सनम, नील कमल, पूरब और पश्चिम, रोटी कपड़ा और मकान, दो बदन, क्रांति जैसी कामयाब फिल्में हैं। उन्हें भारत सरकार ने उन्हें 1992 में पद्मश्री और 2016 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्हें एक नेशनल अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया है। इसके अलावा, उन्हें 7 फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिले, जिनमें 1968 में 'उपकार' के लिए बेस्ट फिल्म, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट स्टोरी और बेस्ट डायलॉग के अवॉर्ड शामिल हैं। आज मनोज कुमार भले हमारे बीच में नहीं हैं। लेकिन फिल्म में उनके बोल भारत का रहने वाला हूँ भारत की बात बताता हूँ, हमेशा-हमेशा कानों में गूंजते रहेंगे। मनोज कुमार यानी भारत कुमार देश की आन,बान और शान थे, हैं और रहेंगे। जब भी उनके गीत बजेंगे वो याद आएंगे, दिलों में धड़केंगे। तुम्हें कैसे कहें अलविदा भारत कुमार, तुम दिल में थे, हो और इस धरती पर हमेशा रहोगे और पीढ़ियां दर पीढ़ियां तुम्हें फक्र से याद करेंगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार और स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## कर्म का महत्व
गीता रस्तोगी 'गीतांजलि'



# कर्त्तव्य का निर्वहन उपासना का सर्वोत्कृष्ट स्वरूप है

श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्री कृष्ण ने कर्म के महत्व को बताते हुए कहा है- हे अर्जुन, तुम्हें केवल कर्म करने का अधिकार है। कर्मों के फल पर तुम्हारा अधिकार नहीं है। अतः तुम निरंतर कर्म के फल पर मनन मत करो और अकर्मण्य भी मत बनो। गीता के समस्त अध्यायों का सार, इस एक श्लोक में ही निहित है। 'हम इतने पूजा-पाठ करते हैं, फिर भी हमें उनका फल नहीं मिलता', कई भक्त ऐसा सोचते होंगे। कोई विद्यार्थी परीक्षा परिणाम घोषित होने पर भी कुछ ऐसा ही सोच सकता है। किसी संस्थान के कर्मचारी पदोन्नति न होने पर दूसरे कर्मचारियों से अपनी तुलना करके दुखी हो जाते हैं। ऐसा जीवन के विविध आयामों में देखने को मिलता है। घर में भी भाई-बहनों के मन में आ सकता है कि मेरे मम्मी-पापा, मेरे भाई या बहन को मुझसे अधिक प्यार करते हैं। यह विचारधारा सिद्धांत रूप से ही गलत है और अपनाने योग्य बिल्कुल भी नहीं है। विचार भी एक प्रकार से आंशिक कर्म ही है और इस प्रकार के नकारात्मक कर्म आपको कर्त्तव्य की दिशा से विपरीत दिशा में ले जाते हैं। आपके कार्य की गुणवत्ता बढ़ाने में जिस ऊर्जा का प्रयोग होना चाहिए, उसका उपयोग नकारात्मक ऊर्जा को खरीद कर ले आने जैसा होता है। उपासना भी एक कर्म है। इसके रूप भिन्न-भिन्न हो सकते हैं और उद्देश्य भी। कर्त्तव्य का निर्वहन उपासना का सर्वोत्कृष्ट स्वरूप है। जिस समय आप पूर्ण मनोयोग से किसी कर्त्तव्य का निर्वाह करते हैं उस समय आपका 'स्व' उस कर्त्तव्य में विलीन हो जाता है और केवल कर्म ही शेष रह जाता है। कर्त्तव्य भावना से किया गया कर्म स्वयमेव ईश्वर को अर्पित हो जाता है क्योंकि उसमें अहंकार का लेश मात्र भी नहीं रहता। अतः फलत्याग कर कर्त्तव्य भावना से किया गया कर्म स्वयं ही आराध्य की उपासना है। नवरात्र उपासना का एक विशेष पर्व है। प्रार्थना के समवेत स्वर जब करुणामयी मां शक्ति की करुणा के द्वार खटखटाते हैं तो मां उस पुकार को अनसुना नहीं कर पाती। अपने घर के बच्चे जब प्रातः सायं आदरपूर्वक अभिवादन करते हैं तब आशीर्वाद देने के लिए कोई अतिरिक्त प्रयास नहीं करना पड़ता; वरन यह स्वयं प्रस्फुटित होता है। घर में कहीं कोई बिगाड़ हो रहे हों तो खाली आशीर्वाद से काम नहीं चलता। यहां पर कर्म की आवश्यकता पड़ती है। यदि आप रोगग्रस्त हो जाएं तब चिकित्सक के पास जाना ही श्रेष्ठ कर्म है; प्रार्थनाएं साथ हों तब शीघ्र रोगोपचार की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। संस्थानों में समय-समय पर ऑडिट होते रहते हैं। तब हर एक कर्मचारी चाहता है कि उसकी सभी रिपोर्ट्स अप टू द मार्क जाएं। संस्था का प्रमुख भी यही चाहता है। किसी भी कंपनी को आधिकारिक प्रॉफिट में लाने के लिए श्रेष्ठ नीतियों का निर्माण व उनका अनुपालन नितान्त आवश्यक है। आध्यात्म के क्षेत्र में भी ऐसा ही है। प्रार्थना का प्रयोजन स्पष्ट होना चाहिए। व्यक्तिगत उन्नति के हम कर्म व प्रार्थना करते हैं तब सामूहिक उन्नति के लिए कर्म व प्रार्थना भी नियमित रूप से किए जाने चाहिए। जब भी कोई बड़ा मिशन होता है तब वह सब के सहयोग से ही संपन्न होता है। जब देश पराधीन हो गया था तब भी सामूहिक प्रयासों से ही स्वाधीनता प्राप्त हुई। आचार्य विनोबा भावे का भूदान आंदोलन मुझे याद आता है जिसमें उन्होंने शुभ प्रयोजन के लिए बड़े जमींदारों को भूमि दान के लिए प्रेरित किया और अपेक्षा से अधिक सहयोग प्राप्त किया। आज मानव समाज विशेष प्रकार की समस्याओं के दौर से गुजर रहा है। भौतिकता की चकाचौंध में आत्मा गुलाम हो गई प्रतीत होती है, जिसके कारण भांति-भांति की विसंगतियां जन्म लेती हैं। इन सब के समाधान के लिए प्रत्येक मनुष्य के भीतर एक दृढ़ इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। हमारे पास एक विशाल संपत्ति है। यह है, विशाल जनसमूह की शक्ति। इसके बल पर हम भारतवासी बड़ी से बड़ी समस्या को हल करने की सामर्थ्य रखते हैं। साथ ही हमारे पास अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है। शिक्षा व तकनीक में भी हम किसी भांति कम नहीं। आवश्यकता है तो समस्त शक्तियों के एकजुट होकर सही दिशा में कार्यान्वयन की। हमारे घर के बुजुर्ग भी इस मानवता मिशन में अपना भरपूर योगदान दे सकते हैं। बच्चों, वृद्ध, युवा सभी को अपने समय का कुछ भाग प्रतिदिन मानवता के कल्याण के कार्यों में अवश्य ही निवेश करना चाहिए। आत्म सुधार को प्राथमिकता देना आवश्यक है। यदि इस दिशा में एकजुट होकर प्रयास किया जाए तो वह दिन दूर नहीं जब हम सतयुग व रामराज्य के दर्शन अपनी आंखों से कर पाएंगे। साथ ही भावी पीढ़ियों के लिए एक सद्भाव व भाईचारे का संदेश देकर उन्हें भी जीवन की सार्थकता से अवगत करा सकेंगे।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार और साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# धन्वंतरि का ध्यान कर अपने स्वास्थ्य के प्रति रहें सचेष्ट



संकलित
## दर्शन

धन त्रयोदशी या धनतेरस पर्व की विशेषता यही है कि उस दिन आप यह मानें कि आप जो चाहते हैं, वह धन आपके पास है। केवल सोना-चांदी ही धन नहीं है, ज्ञान भी धन है। यह सबसे बड़ा धन है। आपको अपने ज्ञान को संजोना चाहिए और प्रचुरता का अनुभव करना चाहिए। जीवन में धन्यभागी अनुभव करना, कृतज्ञता का अनुभव करना सबसे बड़ा धन है, जिनमें कृतज्ञता का अभाव होता है, वे धनी नहीं होते हैं। स्वास्थ्य भी धन है। स्वास्थ्य यदि ठीक नहीं, तो भौतिक धन का क्या उपयोग हो सकता है। धन त्रयोदशी देवताओं के वैद्य भगवान धन्वंतरि की जयंती भी है। कहा जाता है कि वह समुद्र मंथन में अमृत का कलश लेकर प्रकट हुए थे। अतः धन त्रयोदशी पर धन्वंतरि का ध्यान कर अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सचेष्ट रहें। योग व ध्यान करें। आपके पास जो मानव शरीर है, यह भी तो ईश्वर का दिया बड़ा उपहार है। यह भी धन है। हमारी चेतना में ऐसा गुण है कि जो बीज आप बोते हैं, वही प्रकट होता है। यदि आप यह सोचें कि वर्तमान में मेरे पास पर्याप्त धन है, तब आप धन के पीछे पागल नहीं होते। जब आप सोचते हैं कि मेरे पास पर्याप्त धन है, चेतना में धैर्य आता है, हिम्मत आती है। कहा गया है, उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीः, जिसका अर्थ है, जो मेहनत करता है और शेर जैसा निर्भय होकर चलता है, लक्ष्मी भी उसी के पास आती हैं। धनतेरस के दिन अपनी चेतना से 'अभाव के भाव' को उखाड़ कर फेंक दीजिए। अपने मन से, 'मैं विपन्न हूं, मैं भिखारी हूं' ये सब बातें हटा दीजिए। शेर की तरह सम्मान के साथ चलिए।

# जब मन हो अशांत मंत्रों का जप और ध्यान करें



संकलित
## प्रेरणा

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा।

परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नशे से निपटने के लिए कारगर योजना बने

कौन परिवार चाहेगा कि हमारा बच्चा नशे से ग्रसित हो और नशा बेचने जैसी गतिविधियों में संलिप्त हो। तो हम यह कैसे मान सकते हैं कि उनके परिवारों को इस मानसिक प्रताड़ना के साथ-साथ उनको सरकारी योजनाओं से वंचित कर देंगे और साथ में उनका सामाजिक बहिष्कार कर देंगे। हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। हम यह भी नहीं कह सकते है कि सभी परिवार इसमें संलिप्त नहीं हैं, परंतु इसकी प्रतिशतता बहुत कम है। कुछ संस्थाएं अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के चक्कर में आए दिन समाचारपत्रों में खबर लगवा देती हैं कि यदि कोई भी ऐसे कार्य में संलिप्त पाया जाता है तो हम ऐसे परिवारों के सदस्यों को सभी सुविधाओं से वंचित कर देंगे। – **संतोष ठाकुर**, पटेवा


## ट्रेंड

### वक्फ विधेयक की बधाई



प्रधानमंत्री मोदी के यशस्वी नेतृत्व में संसद के दोनों सदनों में 'वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025' के पारित होने की सभी को बधाई! यह विधेयक वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के साथ ही अवैध कब्जों और भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने में कारगर सिद्ध होगा।
**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### स्वच्छता पखवाड़ा



हमने 1 से 15 अप्रैल तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाने की शुरुआत की है। जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं, स्वच्छता सरकारों के प्रयासों से नहीं बल्कि समाज के प्रयासों से प्राप्त की जा सकती है, आज स्वच्छता अभियान सामाजिक आंदोलन बन गया है।
**-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### बुलडोज़र विध्वंसक शक्ति



पढ़ाई का मोल पढ़ने वाले ही जानते हैं। बुलडोज़र विध्वंसक शक्ति का प्रतीक है, ज्ञान, बोध या विवेक का नहीं। बुलडोज़र अहंकार के ईंधन से, दंभ के पहियों पर चलता है,इसमें इंसाफ़ की लगाम नहीं है।
**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

### मनोज कुमार को विदाई



महान अभिनेता मनोज कुमार को विदाई, एक ऐसे आइकन जिन्होंने स्क्रीन पर देशभक्ति को परिभाषित किया। भारतीय सिनेमा और भारत की भावना में उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा।
**-सुनील शेट्टी, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# सिंगापुर में भारतीय मूल की कलाकार सम्मानित

भारतीय मूल की रंगोली कलाकार विजयलक्ष्मी मोहन को सिंगापुर के समुदाय और युवा पीढ़ी के बीच सांस्कृतिक विरासत में उनके कौशल और परंपराओं को बढ़ावा के लिए सम्मानित किया गया।



विजयलक्ष्मी के अलावा चार अन्य को भी सम्मानित किया गया है। विजयलक्ष्मी, सिंगापुर में ही रह रही हैं और उनके पास वहीं की नागरिकता है। नेशनल हैरिटेज बोर्ड (एनएचबी) ने शुक्रवार को कहा कि नेशनल गैलरी सिंगापुर में संस्कृति, समुदाय और युवा मंत्री एडविन टोंग ने विजयलक्ष्मी तथा चार अन्य लोगों को एनएचबी के 'द स्टूअर्ड इंटेंजिबल कल्चर हेरिटेज अवॉर्ड' से सम्मानित किया। विजयलक्ष्मी के अलावा, पुरस्कार पाने वाले चार लोगों में मलय ड्रम निर्माता मोहम्मद यजीज मोहम्मद हसन, पेरनकन शैली के आभूषण निर्माता थॉमिस क्वान, चीनी चाय की दुकान चलाने वाले पेक सिन चून और ट्यौश्यू पेस्ट्री दुकान के संचालक थेई मोह चान शामिल हैं। मूलरूप से तमिलनाडु के त्रिची में जन्मी एवं पली-बढ़ी 66 वर्षीय कलाकार विजयलक्ष्मी पांच साल की उम्र से ही, पांच हजार साल पुरानी भारतीय लोककला रंगोली बनाती आ रही हैं। उन्होंने अपनी मां से यह कला सीखी जो हर सुबह अपने आंगन में रंगोली बनाती थीं।

## ऑफ बीट

# पृथ्वी के ऊपरी सतह के रहस्यों का पता चला

पृथ्वी आज एकमात्र ज्ञात ग्रह है जिस पर प्लेट टेक्टोनिक्स हैं। ग्रह के मैग्मा पर चट्टानों के इन विशाल स्लैब की निरंतर गति से महाद्वीप बनते हैं और शायद इससे जीवन का सृजन करने में भी मदद मिली हो। पृथ्वी लगभग 4.5 अरब साल पुरानी है। कुछ वैज्ञानिकों का तर्क है कि अपने शुरुआती रूप में, ग्रह में प्लेट टेक्टोनिक्स नहीं थीं और इसके बजाय इसकी विशेषता स्थिर सतह (एक ढक्कन की कल्पना करें) रही होगी – मंगल ग्रह के समान। दूसरों का कहना है कि इसकी विशेषता एपिसोडिक, स्टॉप-स्टार्ट टेक्टोनिक्स रही होगी। प्लेट टेक्टोनिक्स महासागरों और वायुमंडल की संरचना से घनिष्ठ रूप से जुड़े हुए हैं क्योंकि प्लेटों की निरंतर गति कार्बन और अन्य तत्वों को भी इधर-उधर ले जाती है। यह पृथ्वी के आंतरिक भाग से गर्मी कैसे निकलती है, इससे भी निकटता से जुड़ा हुआ है। इस वजह से, प्लेट टेक्टोनिक्स को पृथ्वी पर जीवन के विकास से भी घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ माना जाता है। एक विशिष्ट रासायनिक फिंगरप्रिंट टेक्टोनिक प्लेटों की गति उनकी सीमाओं पर ज्वालामुखी गतिविधि उत्पन्न करती है। लेकिन द्वीप चापों पर, जैसे कि तथाकथित रिंग ऑफ फायर जो प्रशांत महासागर को घेरता है, इस ज्वालामुखी की एक विशिष्ट रासायनिक फिंगरप्रिंट है जो आज के औसत महाद्वीपीय सतह के लगभग समान है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

वक्फ बिल को जबरन पारित कराया... सोनिया के बयान पर भड़के बिरला

# इस तरह का आक्षेप लगाना सबसे दुर्भाग्यपूर्ण और संसदीय लोकतंत्र की गरिमा के खिलाफ

**कांग्रेस संसदीय पार्टी की बैठक में सोनिया ने कहा-संविधान पर हमला किया**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वक्फ संशोधन विधेयक को जबरन पारित कराए जाने वाले कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के बयान की लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भड़क गए। उन्होंने बिना नाम लिए कहा कि सदन की कार्यवाही के दौरान एक वरिष्ठ सदस्य का ऐसे आक्षेप लगाना सबसे दुर्भाग्यपूर्ण है।

यह संसदीय लोकतंत्र की गरिमा के खिलाफ है। गुरुवार को कांग्रेस संसदीय पार्टी की आम सभा की बैठक में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने कहा था कि लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 पारित हो गया और इसे राज्यसभा में पेश किया जाना है। इस विधेयक को जबरन पारित कराया गया। हमारी पार्टी का रुख स्पष्ट है। यह विधेयक संविधान पर एक हमला है। यह हमारे समाज को स्थायी रूप से ध्रुवीकृत रखने की भाजपा की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है।



## इतनी लंबी बहस के बावजूद संदेह करना कतई उचित नहीं

उन्होंने कहा कि वक्फ पर लोकसभा में 13 घंटे और 53 मिनट तक बहस हुई, जिसमें विभिन्न दलों के कई सदस्यों ने भाग लिया। विधेयक पर 3 बार मत विभाजन हुआ और इसे सदन के नियमों के अनुसार पारित किया गया। इसलिए यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि सदन के देर रात तक बैठने और लंबी बहस के बाद विधेयक पारित करने के बावजूद एक वरिष्ठ सदस्य सदन की कार्यवाही पर संदेह कर रहे हैं। यह ठीक नहीं है। यह संसदीय लोकतंत्र की गरिमा के खिलाफ है।

### संसदीय मंत्री ने उठाया यह मुद्दा

शुक्रवार को लोकसभा में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा अध्यक्ष के सामने यह मुद्दा उठाया। साथ ही इस पर निर्णय देने की मांग की। इस पर बिरला ने कहा कि कांग्रेस के एक वरिष्ठ सदस्य, जो इस सदन के सदस्य रहे हैं और वर्तमान में दूसरे सदन के

रिजिजू बोले- इस रिकॉर्ड को तोड़ना मुश्किल

### राज्यसभा में वक्फ बिल पर 17 घंटे 2 मिनट चर्चा की

संसद का बजट सत्र के दौरान गुरुवार को लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने दोनों सदनों के कामकाज का ब्योरा देश के सामने रखा। उन्होंने कहा कि हमने राज्यसभा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। हमने एक नया रिकॉर्ड बनाया है। हमने राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पर 17 घंटे और 2 मिनट तक चर्चा की। इस रिकॉर्ड को तोड़ना बेहद मुश्किल लगता है।

सुप्रीम कोर्ट पहुंचा वक्फ बिल का मामला

### कांग्रेस के जावेद ने दायर की याचिका

कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने वक्फ की वैधता को चुनौती देते हुए शीर्ष कोर्ट में याचिका दायर की और दावा किया कि यह संवैधानिक प्रावधानों के खिलाफ है। वक्फ संपत्तियों और उनके प्रबंधन पर मनमाने प्रतिबंध लगाने के प्रावधान किए गए हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बाद अब कांग्रेस ने कहा था कि वह संसद में पारित वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 की संवैधानिकता को बहुत जल्द सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी।



वक्फ के खिलाफ देशभर में मुसलमानों का प्रदर्शन

### कोलकाता से लेकर हैदराबाद और अहमदाबाद में सड़क पर उतरे

वक्फ संशोधन विधेयक को लोकसभा और राज्यसभा में पास कर दिया गया है। इसे लेकर अब मुसलमान सड़क पर उतर गए हैं। देश के कोने-कोने में इस संशोधन विधेयक के खिलाफ मुसलमानों ने आंदोलन करना शुरू कर दिया है। कोलकाता, हैदराबाद, मुंबई समेत देश के अलग-अलग स्थानों पर मुसलमानों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इस बीच ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने इस बिल के पास होने पर इसे जम्हूरियत के लिए काला अध्याय और कलंक बताया है। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का कहना है कि सत्ताधारी लोग ताकत के नशे में मदहोश होकर आगे बढ़ रहे हैं। सरकार ने मुस्लिम संगठनों और मुसलमानों की आवाज को नहीं सुना। इसके खिलाफ मुसलमान शांत नहीं बैठेगा और पूरे देश में प्रदर्शन किए जाएंगे।

## कांग्रेस ने संसद की कार्यवाही बाधित करने के लिए भाजपा की निंदा की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस ने सत्तारूढ़ भाजपा को जानबूझकर लोकसभा और राज्यसभा के सत्रों को बाधित करने पर घेरा है। कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए लोकसभा में पार्टी के उपनेता गौरव गोगोई और राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि तानाशाही और फासीवाद भाजपा के डीएनए में समा गया है।

तिवारी ने कहा कि यह पहली बार है कि सत्तारूढ़ दल ही सदन की कार्यवाही बाधित कर रहा है। उन्होंने कहा कि मणिपुर पर चर्चा के लिए 3घंटे आवंटित किए गए थे, लेकिन इस पर 50 मिनट ही चर्चा हुई। सरकार ने लंबी चर्चा से बचने के लिए जान-बूझकर रात में राज्यसभा की कार्यवाही चलाई।

तिवारी ने बताया कि सदन के कार्यक्रम को मनमाने ढंग से बढ़ाया गया। गुरुवार को राज्यसभा में शाम छह बजे के बाद कार्यवाही का समय बढ़ाने के लिए सदन की मंजूरी लिए बिना वक्फ संशोधन विधेयक और मणिपुर जैसे मुद्दों पर सुबह चार बजे तक चर्चा हुई, जो नियम 37 का उल्लंघन है। उन्होंने राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ लोकसभा में निराधार आरोप लगाने के लिए भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर की निंदा भी की।

वहीं, गौरव गोगोई ने कहा कि संसद अब लोगों की आवाज उठाने का मंच नहीं रह गया है, बल्कि सदन प्रधानमंत्री मोदी का दरबार बन गया है, जहां उनकी जय-जयकार तो स्वीकार की जाती है, लेकिन सरकार की आलोचना को दबा दिया जाता है। उन्होंने तथ्यों के आधार पर बताया कि कैसे सत्तारूढ़ दल के सदस्य जवाबदेही और उत्तरदायित्व से बचने के लिए नियमित रूप से सदन को बाधित कर रहे हैं और इसे स्थगित करवा रहे हैं। वक्फ विधेयक का जिक्र करते हुए गोगोई ने भाजपा से पूछा कि उसने 2013 में अधिनियम में संशोधन का समर्थन क्यों किया था। उन्होंने कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी का अप्रत्यक्ष रूप से लोकसभा में जिक्र करने के लिए संसदीय कार्य मंत्री की भी आलोचना की, जबकि वह उस सदन की सदस्य नहीं हैं।

राहुल को इलाहाबाद हाईकोर्ट से झटका

## वीर सावरकर पर विवादित बयान देने के मामले में कोर्ट ने खारिज की याचिका

### निचली अदालत के आदेश को दी थी चुनौती

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वीर सावरकर पर कथित अपमानजनक टिप्पणी के मामले में लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को राहत देने से इनकार कर दिया है। राहुल ने निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उनको समन जारी कर जुर्माना लगाया गया था।



राहुलकी याचिका को खारिज करते हुए कहा, उनके पास सत्र अदालत के समक्ष पुनरीक्षण याचिका दाखिल करने का विकल्प है, इसलिए उनकीयाचिका पर सुनवाई नहीं की जा सकती।

**हाजिरी माफी की अर्जी पर लगा था 200 रुपए जुर्माना**

वीर सावरकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में हाजिरी माफी की अर्जी लगाने पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर दो सौ रुपए का हर्जाना लगाया गया था।

हिंदू संगठनों ने लगाई थी गुहार

## हाईकोर्ट ने दी रामनवमी पर रैली निकालने की इजाजत

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



पश्चिम बंगाल में राम नवमी के दिन रैली निकालने को लेकर कोलकाता पुलिस द्वारा इजाजत न मिलने पर आक्रोश दिख रहा था। इस मामले में हाई कोर्ट ने अब आदेश जारी किया है कोलकाता पुलिस ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए जीटी रोड के रास्ते पिछले 15 वर्षों से चली आ रही पारंपरिक रामनवमी शोभायात्रा की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। दूसरी ओर इसके जवाब में अंजनी पुत्र सेना नामक संगठन ने इस पारंपरिक मार्ग पर रैली निकालने की अनुमति के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और इसी पर अब कोर्ट ने फैसला सुना दिया है।

**हथियार या गोला-बारूद और डीजे नहीं होंगे**

हाई कोर्ट ने शर्तें भी लगाई हैं। लोगों को कहा गया है कि किसी भी तरह की कोई बाइक रैली नहीं होगी। कोर्ट ने हथियार या गोला-बारूद नहीं होगा। रैली में डीजे या बाइक नहीं होगी। सभी रैलियां जीटी रोड के एक ही मार्ग पर होंगी। पुलिस को स्थिति का ध्यान रखने को कहा गया है।

## ममता दीदी शिक्षक घोटाले में चौटाला की तरह जेल जाएंगी: भाजपा

### शिक्षक भर्ती घोटाले मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय ने भ्रष्टाचार में डूबी ममता सरकार की सच्चाई उजागर की: संबित पात्रा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने कहा है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को शिक्षक घोटाले में जेल जाना पड़ेगा। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला की तरह के शिक्षक भर्ती घोटाले में जेल गए थे। भारत के इतिहास में ममता दूसरी मुख्यमंत्री हो सकती हैं, जिन्हें शिक्षक घोटाले में जेल की हवा खानी पड़ेगी।

बंगाल भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री डॉ. सुकांता मजूमदार और राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद डॉ. संबित पात्रा ने शुक्रवार को नई दिल्ली में पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बंगाल में हुए शिक्षक भर्ती घोटाले पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को खारिज करने व कोर्ट के निर्णय का विरोध करने को लेकर बनर्जी की जमकर आलोचना की। डॉ. पात्रा ने नैतिकता के आधार पर ममता से इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि टीएमसी प्रमुख एवं बनर्जी द्वारा सुप्रीम कोर्ट के फैसले को किसी भी आधार पर मानने से इंकार करना पूरी तरह तानाशाही और हिटलरशाही है।

डॉ. पात्रा ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में ऐतिहासिक निर्णय लिए जा रहे हैं और रात भर संसद चल रही है। वहीं बंगाल का भ्रष्टाचार, बंगाल में दीदी की दादागीरी आज पूरे भारत में ही नहीं, बल्कि विश्व में भी लोग देख रहे हैं। हाल ही में, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में जाकर ममता ने कहा कि मैं 'टाइग्रेस' हूं, लेकिन कोई टाइग्रेस कभी भ्रष्टाचार में लिप्त नहीं होती।

पात्रा ने कहा कि शीर्षकोर्टने बंगाल में 2016 से 2021 के बीच हुए स्कूल भर्ती घोटाले पर टिप्पणी की है। बंगाल में विज्ञापन के माध्यम से टीचर और नॉन-टीचिंग स्टाफ पोस्ट पर करीब 24 लाख एप्लिकेंट्स ने आवेदन किया था। 25,780 से अधिक टीचर,नॉन-टीचिंग स्टाफ की नियुक्ति हुई थी। बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ था।



**खबर संक्षेप**

## आवास बिक्री मार्च तिमाही में दो प्रतिशत बढ़ी : रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख शहरों में आवास बिक्री मजबूत मांग कायम रहने के बीच जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान दो प्रतिशत की वृद्धि के साथ 88,274 इकाई हो गई। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी नाइट फ्रैंक इंडिया ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। आठ प्रमुख शहरों के प्राथमिक आवास बाजार में मांग में स्थिरता दिखाई गई।

## पावरग्रिड को बांड से 6000 करोड़ जुटाने की मंजूरी



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि कंपनी की निदेशकों की समिति ने चालू वित्त वर्ष (2025-26) में बांड के जरिये 6,000 करोड़ रुपये जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।पावरग्रिड ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि मंजूरी के अनुसार, बांड का आकार 1,500 करोड़ रुपये होगा।

## रुपया डॉलर के मुकाबले पांच पैसे बढ़कर 85.25



**मुंबई।** शुल्क संबंधी व्यापार चिंताओं के बीच वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने के कारण रुपया अपनी शुरुआती बढ़त खोकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसे बढ़कर 85.25 के भाव पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान रुपये ने कमजोर अमेरिकी डॉलर सूचकांक और कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट के कारण बढ़त हासिल की।

## पराग मिल्क ने 161 करोड़ रुपए का कोष जुटाया

**मुंबई।** पराग मिल्क फूड्स ने कहा कि उसने प्रवर्तक शाह परिवार और राकेश झुनझुनवाला की रेयर एंटरप्राइजेज के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) उत्पल सेठ सहित कई निवेशकों से 161 करोड़ रुपए का कोष जुटाया है। रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली कंपनी ने 90 लाख परिवर्तनीय वारंट के तरजीही निर्गम के जरिये यह पैसा जुटाया है। बयान में कहा गया है कि परिवर्तनीय वारंट 179.10 रुपये प्रति शेयर वारंट की कीमत पर जारी किए गए हैं।

# ट्रंप के शुल्क से मुद्रास्फीति बढ़ने, आर्थिक वृद्धि धीमी होने की आशंकाः फेडरल रिजर्व

एजेंसी ▶▶| आर्लिंगटन (अमेरिका) (एपी)



अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने शुक्रवार को कहा कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के नए शुल्क लगाने से मुद्रास्फीति बढ़ने और आर्थिक वृद्धि में नरमी आने की आशंका है। उन्होंने कहा कि फेडरल रिजर्व कीमतों में वृद्धि को अस्थायी रखने पर ध्यान केंद्रित करेगा। पॉवेल ने अपनी लिखित टिप्पणी में कहा कि सीमा शुल्क और अर्थव्यवस्था एवं मुद्रास्फीति पर उसके प्रभाव 'उम्मीद से कहीं अधिक' हैं। उन्होंने कहा कि आयात पर लगाए गए करों से मुद्रास्फीति में कम-से-कम अस्थायी वृद्धि होने की बहुत अधिक आशंका है, लेकिन प्रभाव अधिक स्थायी होने के भी आसार हैं। फेडरल रिजर्व के प्रमुख ने वर्जीनिया के आर्लिंगटन में दिए गए अपने भाषण में कहा, "हमारा दायित्व है ... यह सुनिश्चित करना कि मूल्य स्तर में एक बार की वृद्धि एक स्थायी मुद्रास्फीति की समस्या न बन जाए।" पॉवेल का मुद्रास्फीति पर ध्यान देना इस बात का संकेत है कि फेडरल रिजर्व आने वाले महीनों में अपनी प्रमुख ब्याज दर को लगभग 4.3 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखेगा। ऐसा होने से अमेरिकी शेयर बाजार के निवेशक निराशा हो सकते हैं, जो अब इस साल ब्याज दरों में पांच कटौती की उम्मीद कर रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा बुधवार को सीमा शुल्क लगाने की घोषणा के बाद से दर कटौती की संख्या बढ़ गई है। अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि सीमा शुल्क अर्थव्यवस्था को कमजोर करेंगे, संभवतः नई भर्तियों को खतरे में डालेंगे, और कीमतों को बढ़ाएंगे। ऐसा होने पर फेडरल रिजर्व अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए, ब्याज दरों में कटौती कर सकता है या मुद्रास्फीति से निपटने के लिए दरों को अपरिवर्तित या बढ़ोतरी भी कर सकता है। हालांकि पॉवेल की इन टिप्पणियों से ऐसा लगता है कि फेडरल रिजर्व ज्यादातर मुद्रास्फीति पर ही ध्यान केंद्रित करेगा। पॉवेल की यह टिप्पणी ट्रंप द्वारा कई देशों पर व्यापक सीमा शुल्क लगाने की घोषणा के दो दिन बाद आई है। इसके बाद अमेरिका और विदेशों में शेयर कीमतों में भारी गिरावट आई है।

# सोना 1,350 रुपए टूटा चांदी 5000 रुपए लुढ़की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सोना घटकर 93,000 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी 95,500 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई

अंतराष्ट्रीय बाजारों में कमजोर रुख के बीच सोने में पांच दिनों से चली आ रही तेजी का सिलसिला थम गया और शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,350 रुपये टूटकर 93,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।

बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये मजबूत होकर 94,350 रुपये प्रति 10 ग्राम की नई ऊंचाई पर पहुंच गया था। पांच दिनों की तेजी के बाद 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,350 रुपये लुढ़ककर 92,550 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया जो बृहस्पतिवार को 93,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

अबांस फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, ''अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विभिन्न देशों पर शुल्क लगाने के बाद सुरक्षित निवेश की मांग में कमी आने से सोने की कीमतों में गिरावट आई है।'' मेहता ने कहा, ''निवेशकों ने अपना ध्यान वैश्विक व्यापार की स्थिति और संभावित आर्थिक प्रभाव पर केंद्रित किया है, जो वृद्धि को प्रभावित कर सकते हैं और कारोबारी भावना को कमजोर कर सकते हैं।''

### सोने की कीमतें एक सप्ताह के निचले स्तर पर

मेहता इक्विटीज के उपाध्यक्ष (जिंस), राहुल कलंत्री ने कहा, "सोने की कीमतें एक सप्ताह में अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई हैं, जबकि चांदी पांच सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गई है। हालांकि ट्रंप के सम्मेलन के दौरान दोनों धातुओं ने शुरुआत में तेजी दिखाई थी...।

*वैश्विक बाजार में भी सराफा टूटा : वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना 21.74 डॉलर यानी 0.70 प्रतिशत टूटकर 3,093.60 डॉलर प्रति औंस रह गया। एशियाई बाजारों में हाजिर चांदी 1.69 प्रतिशत टूटकर 31.32 डॉलर प्रति औंस रह गई।*

## रिलायंस की मेट सिटी में कोरियाई डायग्नोस्टिक्स कंपनी बोडिटेक ने लगाई फैक्ट्री

**गुरुग्राम।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के झज्झर जिले में स्थित, मॉडल इकोनॉमिक टाउनशिप (मेट सिटी) में दक्षिण कोरियाई की एक प्रमुख डायग्नोस्टिक्स कंपनी बोडिटेक ने प्रोडक्शन यूनिट लगाई है। कंपनी यहां चिकित्सिय उपकरणों का निर्माण करेगी। फैक्ट्री के उद्घाटन समारोह में भारत में कोरिया गणराज्य के राजदूत ली सेओंग-हो और बोडिटेक मेड इंक. के चेयरमैन डॉ. यूई यूल चोई ने भाग लिया। 8000 एकड़ में फैली इंटीग्रेटेड ग्रीनफील्ड स्मार्ट सस्टेनेबल सिटी यानी मेट सिटी, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की 100% सहायक कंपनी है। अपने प्लग एंड प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर की वजह से मेट सिटी, मल्टीनेशनल कंपनियों के बीच पहली पसंद बन कर उभरी है। मेट सिटी में 10 देशों की 580 से अधिक कंपनियों की फैक्ट्री या ऑफिस बन चुके हैं जिनमें दक्षिण कोरिया की छह कंपनियाँ शामिल हैं। मेट सिटी के सीईओ एस.वी. गोयल ने कहा, ₹हमें मेट सिटी की वैश्विक कंपनियों की बढ़ती लिस्ट में बोडिटेक मेड का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। प्लग-एन-प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करने वाली कंपनियों के बीच मेट सिटी पसंदीदा जगह बन गई है। बोडिटेक मेड की इस अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण निर्माण सुविधा के साथ, एक उभरते केंद्र के रूप में हमारी स्थिति और मजबूत हुई है। हम झज्जर के टाउनशिप में और अधिक दक्षिण कोरियाई उद्यमों का स्वागत करने के लिए तत्पर हैं।

# व्यापार युद्ध की आशंका से शेयर बाजार सहमा, सेंसेक्स 931 अंक लुढ़का

भाषा ▶▶| मुंबई

व्यापार युद्ध गहराने की आशंका हावी होने से वैश्विक बाजारों में आई नरमी के बीच शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेज गिरावट दर्ज की गई। मानक सूचकांक सेंसेक्स करीब 931 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी में 346 अंकों की गिरावट आई। विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट और घरेलू दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टुब्रो और इन्फोसिस में भारी बिकवाली ने भी निवेशकों की धारणा को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 930.67 अंक यानी 1.22 प्रतिशत गिरकर 76,000 के स्तर से काफी नीचे 75,364.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,054.81 अंक गिरकर 75,240.55 तक आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 345.65 अंक यानी 1.49 प्रतिशत गिरकर 23,000 के नीचे 22,904.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 382.2 अंक गिरकर 22,867.90 पर आ गया था। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टाटा स्टील के शेयरों में सर्वाधिक 8.59 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

# विदेशी मुद्रा भंडार में 6.60 अरब डॉलर वृद्धि

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- मार्च के समाप्त सप्ताह में 665 .40 अरब डॉलर रहा
- रुपए में गिरावट को रोकने केंद्रीय बैंक ने हस्तक्षेप किया

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 28 मार्च को समाप्त सप्ताह में 6.60 अरब डॉलर बढ़कर 665.40 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 4.53 अरब डॉलर बढ़कर 658.8 अरब डॉलर हो गया था। यह लगातार चौथा सप्ताह है जब विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी हुई है। हाल ही में पुनर्मूल्यांकन और रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए केंद्रीय बैंक के हस्तक्षेप के कारण इसमें गिरावट आई थी। सितंबर 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। 28 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का महत्वपूर्ण हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 6.16 अरब डॉलर बढ़कर 565.01 अरब डॉलर हो गईं।

*स्वर्ण भंडार का मूल्य 51.9 करोड़ डॉलर बढ़ा*

*समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 51.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 77.79 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 6.5 करोड़ डॉलर घटकर 18.18 अरब डॉलर रहा। आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 1.6 करोड़ डॉलर घटकर 4.41 अरब डॉलर रह गया।*

## बीएमडब्ल्यू की बिक्री में सात फीसदी की वृद्धि



**नई दिल्ली।** जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता कंपनी बीएमडब्ल्यू की वाहन बिक्री जनवरी-मार्च तिमाही में सालाना आधार पर सात प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3,914 इकाई रही। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह उसकी मार्च तिमाही में अब तक की सर्वश्रेष्ठ बिक्री है और इसमें स्पोर्ट्स और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खंड का प्रमुख योगदान रहा। समूह ने पिछले साल की इसी तिमाही में 3,675 गाड़ियां बेची थीं। समूह 2025 में दहाई अंक में बिक्री वृद्धि की उम्मीद कर रहा है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा कि 2025 की पहली तिमाही में बीएमडब्ल्यू ब्रांड ने 3,764 तो 'मिनी'' ने 150 गाड़ियों की बिक्री दर्ज कीं। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विक्रम पावाह ने कहा, यदि आप समग्र बाजार को देखें तो बाजार में कुछ रुझान या अवसर हैं।

## देश का सबसे बड़ा पोल्ट्री कॉन्क्लेव रायपुर में 8 अप्रैल से

**रायपुर।** आईबी ग्रुप राजनांदगांव द्वारा 'विकसित भारत' की परिकल्पना को साकार करने के लिए विकसित पोल्ट्री, विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य के साथ आगामी 8 अप्रैल से देश के सबसे बड़े दो दिवसीय पोल्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन रायपुर के होटल ओमाया में किया जा रहा, जिसमें देश के करीब 6000 पोल्ट्री फार्मर्स और ट्रेडर्स शामिल होंगे। आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी राज्य को विकसित छत्तीसगढ़ के रूप में स्थापित करने की दिशा में पहल कर रहे है। कॉन्क्लेव के पहले दिन देशभर से पोल्ट्री ट्रेडर्स इस आयोजन में उपस्थित होंगे जिसमें सुबह 9 बजे से 2 बजे तक तकनीकी एवं व्यवसाय विस्तार के बारे मार्गदर्शन दिया जाएगा।

## रिलायंस डिजिटल के 'डिजिटल डिस्काउंट डेज़' में इलेक्ट्रॉनिक्स पर दी जा रही है भारी छूट

**मुंबई।** रिलायंस डिजिटल वापस लेकर आया है "डिजिटल डिस्काउंट डेज़" इंडिया में इलेक्ट्रॉनिक्स की इस सबसे बड़ी सेल में, लीडिंग बैंक काड्र्स और पेपर फाइनान्स पर दी जा रही है रु. 25000 तक की छूट। यह ऑफर्स आज से 20 अप्रैल तक रिलायंस डिजिटल और माय जियो स्टोर्स में सभी इलेक्ट्रॉनिक्स पर और ऑनलाइन **reliancedigital.in** पर मान्य हैं। आसान फायनेंस, ईएमआई विकल्पों और सबसे जल्दी डिलीवरी और इंस्टॉलेशन के साथ, भारत के लिए है ये बिल्कुल राइट टाइम अपग्रेड करने का। गर्मी के लिए हो जाइए तैयार, 1.5 टन 3 स्टार **AC** के साथ, रु. 26990* से शुरू। एयर कूलर्स की विशाल रेंज पर बेस्ट डील्स का फायदा उठाएं। साइड बाय साइड रेफ्रिजरेटर, केवल रू. 61990* में- लैपटॉप पर रु. 30000* तक के फायदे का आनंद लीजिए और सबसे किफायती कीमतों पर बिल्कुल नए स्मार्टफोन्स खरीदें। पाइए टीवी पर 60 प्रतिशत तक की छूट - 55" 4के गूगल टीवी केवल रु. 26990* में। खरीदें वॉशर ड्रायर्स रु. 49990* से शुरू और पाइए रु. 3000* कीमत के उपहार मुफ्त। पाइए एप्पल 4 एयर पॉड्स, रु. 537* रू. माह की ईएमआई पर और एप्पल वॉच सीरीज़ 10, रु. 3908*/माह की ईएमआई पर। होम एंड किचन एप्लायंसेस पर पाइए, ज़्यादा खरीदें, ज़्यादा बचत वाला ऑफरः खरीदें 1, पाइए 5% की छूट; खरीदें 2, पाइए 10% की छूट; खरीदें 3 और फायदा उठाइए 15 प्रतिशत की भारी छूट का।

## भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर मार्च में रही धीमी : सर्वे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- उत्पादन और बिक्री में आई मामूली गिरावट
- सूचकांक फरवरी के 59 से घटकर मार्च में 58 .5 पर आया

भारत के सेवा क्षेत्र की गतिविधि उत्पादन व बिक्री में मामूली गिरावट से मार्च में थोड़ी धीमी रही। शुक्रवार को एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा कारोबारी गतिविधि सूचकांक फरवरी के 59.0 से घटकर मार्च में 58.5 पर आ गया। क्रय प्रबंधक सूचकांक की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी के भारत के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर मार्च 2025 में 58.5 रही जो पिछले महीने से थोड़ा कम है।

*उपभोक्ता सेवा क्षेत्र की कंपनियां उत्साहित रही : उपभोक्ता सेवा कंपनियां मार्च में सबसे अधिक उत्साहित रहीं, उसके बाद वित्त एवं बीमा, रियल एस्टेट एवं व्यावसायिक सेवाएं तथा परिवहन, सूचना एवं संचार का स्थान रहा। सर्वेक्षण के अनुसार मार्च में सेवा अर्थव्यवस्था में भर्तियों की गतिविधि में कमी आई।*

## मल्होत्रा के हस्ताक्षर से 10 और 500 के नोट जारी होंगे

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि वह जल्द ही महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के तहत 10 और 500 रुपये के नोट जारी करेगा, जिन पर नए गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि इन नोटों का डिजाइन सभी तरह से महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 10 और 500 रुपये के मौजूदा बैंक नोटों के समान है। नए नोट जारी होने के बावजूद रिजर्व बैंक द्वारा पहले जारी किए गए 10 रुपये और 500 रुपये मूल्य वर्ग के सभी बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे।

## भारतीय चावल पर अमेरिकी शुल्क वृद्धि एक अस्थायी बाधा

**कोलकाता।** भारतीय चावल निर्यातकों ने 26 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के अमेरिकी फैसले के बाद 'देखो और इंतजार करो' का रुख अपना लिया है जबकि उद्योग के दिग्गजों का कहना है कि भारत की अंतर्निहित प्रतिस्पर्धात्मकता के कारण इसका दीर्घकालिक प्रभाव सीमित हो सकता है। भारतीय चावल निर्यातक संघ (आईआरईएफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम गर्ग ने पीटीआई-भाषा से कहा, "हालांकि अल्पकालिक समय में मूल्य में उतार-चढ़ाव हो सकता है लेकिन अगले दो-तीन महीनों में बाजार में स्थिरता आने की उम्मीद है। सीमा शुल्क एक अस्थायी बाधा है, न कि अवरोध। रणनीतिक योजना और लचीलेपन के साथ हम न केवल बचाव कर सकते हैं बल्कि अमेरिकी बाजार में विस्तार भी कर सकते हैं।" हालांकि गर्ग ने कहा कि भारत से आयात किए जाने वाले उत्पादों पर अमेरिका में 26 प्रतिशत शुल्क लगाया जाना महत्वपूर्ण है, लेकिन इससे निर्यातकों में घबराहट नहीं होनी चाहिए। गर्ग ने कहा कि अमेरिका बासमती चावल के लिए भारत का सबसे बड़ा बाजार नहीं है। उन्होंने कहा, वित्त वर्ष 2023-24 में भारत ने 52.4 लाख टन में से 2.34 लाख टन बासमती चावल ही अमेरिका को निर्यात किया। अप्रैल-नवंबर 2024 के दौरान भारत के कुल 42 लाख टन बासमती निर्यात में से 2.04 लाख टन अमेरिका को निर्यात हुआ था। चावल निर्यात के लिए पश्चिम एशिया भारत का प्राथमिक गंतव्य बना हुआ है। निर्यातकों ने कहा कि शुल्क वृद्धि के बावजूद भारत को प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में मूल्य निर्धारण के संदर्भ में बढ़त हासिल है। अमेरिका ने अन्य प्रमुख चावल निर्यातक देशों पर अधिक शुल्क लगाया है। यह शुल्क चीन पर 34 प्रतिशत, वियतनाम पर 46 प्रतिशत, पाकिस्तान पर 30 प्रतिशत और थाईलैंड पर 37 प्रतिशत है।

**PUBLIC NOTICE**

My father Late Sh. Krishan Kumar Bhagia , S/o Sh.Baldev Bhagia R/o C-31, Malviya Nagar, Hauz Khas, South Delhi, Delhi-110017, had purchased flat no- B12A-1205, Project Supertech Eco Village-2, Situated at GH-01, Sector -16 B. Greater Noida. After his death, I (Rohit Bhagia) requested to M/s Supertech Limited to transfer the said flat to my name alone, if anybody has any objection, he/she may contact M/s Supertech Limited office at Supertech E-Square, Plot No C2, Sector 96, Noida, Uttar Pradesh, India 201303, within 15 days of the published notice. **Rohit Bhagia**

## पीएफआरडीए में किए गए दो पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) के कार्यकारी निदेशक राजदीप सिंह जगपाल और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी संजय पाण्डेय को पेंशन निधि नियामक पीएफआरडीए का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया है। पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) में जगपाल को विधि प्रभाग और पाण्डेय को वित्त प्रभाग का सदस्य नियुक्ति किया गया है। वित्त मंत्रालय में तीन अप्रैल को जारी दो राजपत्र अधिसूचना में यह जानकारी दी।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू रोहतक में विभिन्न विभागों के सीलिंग्स फेन, डैजर्ट कुलर की मोटर की मरम्मत हेतु वार्षिक दर अनुबंध। | 01.04.2025 21.04.2025 | 9.22 लाख | https://mdu.ac.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |
| 2 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू रोहतक में एच पोल से 11 केवी वीसीबी सब स्टेशन तक टैगोर ऑडिटोरियम सब स्टेशन, महिला हॉस्टल सब स्टेशन विवेकानंद लाइब्रेरी सब स्टेशन की मरम्मत के लिए वांछित एचटी कैबल की खरीद। | 02.04.2025 21.04.2025 | 6.58 लाख | https://mdu.ac.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/33623/1/88/7 दि. 04.04.25

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जीएमडीए | गुरूग्राम में एनएच-48 के साथ-साथ और नये सेक्टरों 76-80 में आरसीसी बॉक्स टाइप मास्टर स्टॉर्म वाटर ड्रेन का निर्माण, एक वर्ष की त्रुटि देनदारी अवधि सहित। | 02.04.2025 23.04.2025 | 11931.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467266662 xen.gmda@gov.in |
| 2 | जीएमडीए | गुरूग्राम में सेक्टर विभाजक सड़क सेक्टर 46/47, 47/50, 47/49, 45/46, 46/51, 45/52, 47/51, 50/57, 57/57ए के साथ की सरफेस ड्रेन की गाद निकालना और गत्ता से वाटिका चौक तक एसपीआर। | 02.04.2025 08.04.2025 | 2,14,715/- | https://etenders.hry.nic.in | 8800381803 xen2infra2.gmda@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/33626/1/88/7 दि. 04.04.25

## राशिफल

**मेष** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** — मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

**तुला** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।

**धनु** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

**मकर** — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** — भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 5827




**बाएँ से दाए**
1. ईष्ट कृपा, वर-4
3. मान का विलोम-4
8. शैतानी करना-4,3
10. झगड़ा, बैर-3
11. जंगल, वन-3
13. सर्दी से बचने के लिए जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15. जलने के बाद बचे अवशेष-2
17. कार्य-2
18. पतवार-2
19. नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21. नमस्कार-3
25. बूंद-3
26. जिज्ञासा, लगन-3
27. आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30. मां के माता-पिता-2,2
31. रपटना-4

**ऊपर से नीचे**
2. वलय, घेरा-3
4. तीन घंटे का समय-3
5. खिसकना-4
6. उन्मादी, मदमस्त-4
7. यज्ञ, होम-3
8. नगर-3
9. तिरस्कृत-3
12. रूप अभिमान-3
13. शांति-3
14. प्रतिज्ञा-3
16. सहभोज-3
20. मोजा, पायताबा-3
22. उदारता-4
23. परवरिश करना-3
24. वचन तोड़ना-4
25. लेखनी-3
28. लिखावट-3
29. अमीर, धनवान-3

**शब्द पहेली- 5826 का हल**





हार्दिक ने टी-20 क्रिकेट में पहली बार पांच विकेट झटके

# लखनऊ ने मुंबई को 12 रन से हराया

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

हार्दिक पांड्या ने टी-20 क्रिकेट में पहली बार पांच विकेट लिये और सूर्यकुमार यादव ने 67 रन की तेजतर्रार पारी खेली लेकिन यह नाकाफी साबित हुआ और लखनऊ सुपरजायंट्स ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में मुंबई इंडियंस को 12 रन से हरा दिया। मुंबई के कप्तान पांड्या ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 36 रन देकर पांच विकेट चटकाए लेकिन लखनऊ की टीम ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद आठ विकेट पर 203 रन बनाए। जीत के लिए 204 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई की टीम 20 ओवर में पांच विकेट पर 191 रन ही बना सकी। शारदुल ठाकुर (40 रन पर एक विकेट) ने 19वें ओवर में सिर्फ सात रन देकर




किफायती गेंदबाजी की जिसके बाद आवेश खान (40 रन पर एक विकेट) ने आखिरी ओवर में हार्दिक के सामने 22 रन का शानदार बचाव किया। मैच के 19वें ओवर में मुंबई की टीम ने तिलक को रिटायर आउट करने का फैसला किया लेकिन टीम को इसका कोई फायदा नहीं हुआ। तिलक ने 23 गेंद में 25 रन बनाये। मैच पर सबसे बड़ा प्रभाव 'प्लेयर ऑफ द मैच' दिग्वेश राठी का रहा। इस गेंदबाज ने बड़े स्कोर वाले मैच में चार ओवर में 21 रन देकर नमन धीर का विकेट भी चटकाया।

### चेन्नई-दिल्ली की जंग में नूर और कुलदीप की स्पिन गेंद निभाएंगी निर्णायक भूमिका

**चेन्नई।** दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर कुलदीप यादव और चेन्नई सुपर किंग्स के नूर अहमद इन दोनों टीमों के बीच शनिवार को होने वाले आईपीएल मैच में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। चेन्नई की तेज गर्मी में यह मैच दोपहर बाद खेला जाएगा और जिस तरह से यहां की पिच स्पिनर के लिए मददगार रही है, ऐसे में दोनों टीमों की जीत की संभावना लगभग बराबर है। ऐसी परिस्थितियों में दिल्ली के लिए कुलदीप और चेन्नई के लिए नूर की भूमिका महत्वपूर्ण बन गई है। कुलदीप का इकोनॉमी रेट अभी तक 5.25 जबकि नूर का 6.83 है। बीच के ओवरों में यह दोनों स्पिनर अपना प्रभाव छोड़ सकते हैं। यह दोनों कलाई के स्पिनर हैं और उनके बीच मुकाबला दिलचस्प होगा। नूर जहां अधिक गति से गेंदबाजी करते हैं वहीं कुलदीप ने क्रीज के कोणों का उपयोग करने और अपनी गेंदों की गति को बदलने की कला में महारत हासिल कर ली है।

- **पंजाब और राजस्थान के बीच होगा दूसरा मैच**

## वर्ल्ड कप: हितेश वर्ल्ड चैंपियन बनने से एक जीत दूर, तीन अन्य को कांस्य

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ब्राजील में हो रहे वर्ल्ड बॉक्सिंग कप 2025 के फाइनल में पहुंचकर भारत के बॉक्सर हितेश ने शुक्रवार को इतिहास रच दिया। वह वर्ल्ड बॉक्सिंग कप का खिताबी मुकाबला खेलने वाले पहले भारतीय होंगे। उनके अलावा भारत के 3 अन्य मुक्केबाज जदुमनी सिंह, सचिन और विशाल को सेमीफाइनल में हार मिली। तीनों को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। हितेश ने 70 किलोग्राम कैटेगरी फ्रांस के मकान त्राओरे को 5-0 से हराया। सभी पांच जजों ने हितेश के पक्ष में फैसला सुनाया और एक अंक की कटौती के बावजूद भारतीय खिलाड़ी को कोई नुकसान नहीं हुआ।



### कामारा से होगा खिताबी मुकाबला

भारतीय मुक्केबाज ने ओलंपियन ट्राओरे के खिलाफ शुरू में सतर्क रुख अपनाया, लेकिन हमेशा जवाबी हमले के मौके की तलाश में रहे। इस रणनीति ने हितेश को मुकाबले पर पकड़ बनाने में मदद की। उन्हें तीसरे और अंतिम राउंड में पेनल्टी मिली। ब्राजील के फोज डू इगुआकू में होने वाले इस मुकाबले में अंतिम परिणाम पर कभी संदेह नहीं हुआ। खिताबी मुकाबले में उनका सामना इंग्लैंड के ओडेल कामारा से होगा। इससे पहले हितेश ने इटली के गैब्रिएल गुइडी रोनटानी को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

### जदुमनी, सचिन व विशाल को कांस्य से करना पड़ा संतोष

सेमीफाइनल के अन्य मुकाबलों की बात करें तो 60 किलोग्राम कैटेगरी में जदुमनी सिंह को उजबेकिस्तान के ए जलिलोव ने 2-3 से हराया। वह ब्रिटेन के एलिस ट्रोब्रिज को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे थे। शुरुआती दौर में बाई मिलने के कारण सचिन (60 किग्रा) और विशाल (90 किग्रा) सीधे सेमीफाइनल में उतरे। सचिन को पोलैंड के पवेल ब्राच से हार का सामना करना पड़ा। विशाल को उजबेकिस्तान के टी. खबीबुल्लाएव ने 0-5 से हराया।

## गोयनका ने की पंत की तारीफ कहा- 27 क्या 28 करोड़ भी दे देते

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल के इस सीजन में अब तक 3 मैच खेले हैं जिसमें उन्हें एक मैच में जीत मिली है, लेकिन दो मैच इस टीम ने गंवाए हैं। लखनऊ ने अपना तीसरा लीग मैच पंजाब किंग्स के खिलाफ खेला था जिसमें उसे 8 विकेट से हार मिली थी और इसके बाद संजीव गोयनका और पंत की कुछ तस्वीरें वायरल हुई थी। इस तस्वीर के सामने आने के बाद मीडिया में ऐसी खबरें आई की संजीव शायद पंत के साथ भी वैसा है व्यवहार कर रहे हैं जैसी उन्होंने केएल राहुल के साथ किया था। अब संजीव गोयनका का एक इंटरव्यू



वायरल हो रहा है जो उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स पर दिया है। उनसे साथ उस इंटरव्यू में ऋषभ पंत भी बैठे हैं और इस दौरान संजीव ने पंत की जमकर तारीफ की। गोयनका ने कहा कि जब हमें पता चला कि पंत को दिल्ली ने रिटेन नहीं किया है तो हमने उनके इर्द-गिर्द टीम बनाने की योजना बनाई। हमें उन्हें खरीदने के लिए 27 करोड़ खर्च किए, लेकिन अगर वो 28 भी होता तो ये सिर्फ एक नंबर ही होता।

## चैन सिंह ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में कांस्य जीता

**नई दिल्ली। (भाषा)** एशियाई खेलों के पदक विजेता निशानेबाज चैन सिंह ने अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री-पोजीशन स्पर्धा में कांस्य जीतकर यहां आईएसएसएफ विश्व कप में भारत को पहला पदक दिलाया। हंगरी के इस्तवान पेनी ने स्वर्ण (461.0) जीता। यह आईएसएसएफ विश्व कप में उनका सातवां शीर्ष खिताब है। चीन के तियान जियामिंग (458.8) ने रजत, जबकि चैन ने 443.7 अंक हासिल कर कांस्य पदक जीता। इससे पहले दो बार के ओलंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, नीरज कुमार और रियो ओलंपियन चैन ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। ऐश्वर्य ने क्वालीफिकेशन दौर में अनुभवी चैन (तीसरा स्थान) को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल किया था। दोनों ने 589 के बराबर स्कोर बनाया लेकिन ऐश्वर्य ने केंद्र के करीब ज्यादा निशाना के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। नीरज 587 के साथ पांचवें स्थान पर रहे। नीरज ने फाइनल में जोरदार शुरुआत की और 'नीलिंग' पोजीशन में पहले पांच शॉट के बाद दूसरे स्थान पर रहे। लेकिन वह लय बनाये रखने में सफल नहीं रहे। ऐश्वर्य और तोमर ने हालांकि आगे बढ़ना जारी रखा।

एथलेटिक्स

## नीरज मई में वैश्विक भाला फेंक स्पर्धा में लेंगे हिस्सा



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा स्टार खिलाड़ियों से सजी वैश्विक भाला फेंक स्पर्धा में शिरकत करेंगे जिसका आयोजन 24 मई को पंचकुला में होगा। इस प्रतियोगिता का नाम नीरज चोपड़ा क्लासिक रखा गया है क्योंकि यह भारतीय स्टार इसके आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल रहा। खेल की संचालन संस्था विश्व एथलेटिक्स ने इस प्रतिस्पर्धा को श्रेणी ए का दर्जा दिया है जो ताऊ देवी लाल स्टेडियम में होगी। विश्व एथलेटिक्स की वेबसाइट ने हालांकि इस स्पर्धा को अपने 'कॉन्टिनेंटल टूर' के तौर पर सूचीबद्ध नहीं किया है। यह कैलेंडर हालांकि सत्र की शुरुआत से पहले लगाया गया था। इससे पहले जनवरी में विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को ने इस स्पर्धा का समर्थन करते हुए कहा था कि इससे भारत की शीर्ष स्तरीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने की काबिलियत को प्रदर्शित करने में मदद मिलेगी। इस प्रतिस्पर्धा की आयोजन समिति में चोपड़ा भी शामिल हैं। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के साथ मिलकर उन्होंने इस प्रतियोगिता को देश में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चोपड़ा और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स इस प्रतियोगिता को विश्व एथलेटिक्स कैलेंडर में वार्षिक टूर्नामेंट बनाना चाहते हैं।



*अमिताभ कांत ने कहा है कि देश को टेक्नोलॉजी से जुड़ी प्रगति को लेकर दूसरे देशों पर निर्भर रहने से बचना होगा। भारत को अपनी तकनीकी स्वतंत्रता बनाए रखनी चाहिए और ऐसी तकनीकें बनानी चाहिए, जो देश की अनूठी संस्कृति और पहचान को दर्शाती हों*

**'स्टार्टअप महाकुंभ' कार्यक्रम के दूसरे एडिशन में बोले अमिताभ कांत**

# भारतीय स्टार्टअप स्वदेशी एआई बनाने पर दें ध्यान, ऐसे इनोवेशन पर ध्यान केंद्रित करें जो तेज, कम ऊर्जा वाले व लागत प्रभावी हों

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय स्टार्टअप को एआई जैसी अपनी खुद की एडवांस टेक्नोलॉजी बनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। देश को केवल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लागू करने से आगे बढ़ना होगा और ऐसे कम्प्लीट एआई सिस्टम बनाने चाहिए, जो पश्चिमी मॉडलों में पाए जाने वाली कमियों से मुक्त हों। भारत के जी20 शेरपा और नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने शुक्रवार को 'स्टार्टअप महाकुंभ' कार्यक्रम के दूसरे एडिशन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश को टेक्नोलॉजी से जुड़ी प्रगति को लेकर दूसरे देशों पर निर्भर रहने से भी बचना होगा। भारत को अपनी तकनीकी स्वतंत्रता बनाए रखनी चाहिए और ऐसी तकनीकें बनानी चाहिए, जो देश की अनूठी संस्कृति और पहचान को दर्शाती हों। अमिताभ कांत ने जोर देकर कहा कि भारत को पश्चिम या किसी अन्य देश का तकनीकी उपनिवेश नहीं बनना चाहिए। इसके बजाय, उसे ऐसे इनोवेशन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जो क्विक, एनर्जी-एफिशिएंट और लागत-प्रभावी हों।

*भारत की स्टार्टअप कहानी से नया भारत परिभाषित हो रहा, भारत तकनीकी उन्नति में अपनी संप्रभुता बनाए*




### भारत डीप टेक लीडर बने

कांत ने कहा कि भारतीय स्टार्टअप को एआई, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, बिग डेटा, साइबरसिक्यूरिटी, स्पेस टेक और सेमीकंडक्टर जैसे उभरते क्षेत्रों को एक्सप्लोर करने के लिए प्रोत्साहित किया। ये क्षेत्र भविष्य के इनोवेशन को बढ़ावा देंगे और भारत को डीप टेक में लीडर बनने में मदद करेंगे। भविष्य भारत के डीप टेक का चैंपियन बनने में निहित है।

### वर्तमान में 1,61,000 से अधिक स्टार्टअप

अमिताभ कांत ने कहा कि भारत की स्टार्टअप कहानी उद्यमशीलता की भावना का प्रमाण है जो नए भारत को परिभाषित करती है। जब हमने 2016 में स्टार्टअप इंडिया पहल की शुरुआत की थी, तो हमारा लक्ष्य एक ऐसा इकोसिस्टम बनाना था, जो इनोवेशन को बढ़ावा दे, वित्तीय सहायता प्रदान करे और युवा व्यवसायों का पोषण करे। केवल नौ वर्षों में, हमने स्टार्टअप गतिविधि में एक बड़ा बदलाव देखा है। मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या 2016 में 400 से बढ़कर 2025 में 1,61,000 से अधिक हो गई है। हमें इस गति को जारी रखना चाहिए। हमें अपने स्वयं के डेटा सेट के आधार पर संप्रभु फ्रंटियर मॉडल बनाना चाहिए, जिसमें पश्चिम देशों के निहित पूर्वाग्रह न हों।

## यूएन की रिपोर्ट में दावा- एआई क्षेत्र में निवेश के मामले में भारत दसवें स्थान पर

**न्यूयॉर्क।** आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) में भारत की ताकत लगातार बढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 2023 में एआई में निजी तौर पर निवेश करने के




मामले में भारत का 10वां स्थान है। वहीं भारत और चीन एकमात्र ऐसे विकासशील देश हैं, जिन्होंने एआई में निवेश किया है। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास (यूएनसीटीएडी) की प्रौद्योगिकी और नवाचार रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत 2024 में फ्रंटियर टेक्नोलॉजीज के लिए तत्परता सूचकांक में शामिल 170 देशों में भारत 36वें स्थान पर है। 2022 में भारत इस सूचकांक में 48वें स्थान पर था।

### *भारत तकनीकी तत्परता में बेहतर*

*रिपोर्ट के अनुसार एआई यह नए उद्योग भी बना सकता है और श्रमिकों को सशक्त बना सकता है। एआई से रोजगार के अवसरों को खत्म करने के बजाय उन्हें बढ़ाने, रीस्किलिंग, अपस्किलिंग और कार्यबल अनुकूलन में निवेश करने की जरूरत है।*

---

## खबर संक्षेप

### दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति योल पद से हटाए गए



**सियोल।** दक्षिण कोरिया के संवैधानिक न्यायालय ने शुक्रवार को सर्वसम्मति से राष्ट्रपति यून सुक-योल के महाभियोग को मंजूरी दे दी, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें पद से हटा दिया गया है। यह निर्णय दिसंबर में लगाए गए संक्षिप्त मार्शल लॉ के कारण लिया गया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मून ह्युंग-बे ने बताया कि यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू हो रहा है, जिससे दक्षिण कोरिया को यून के उत्तराधिकारी का चयन करने के लिए 60 दिनों के भीतर राष्ट्रपति चुनाव आयोजित करना आवश्यक हो गया है, जो संभवतः 3 जून को होगा।

### भारतवंशी कैथोलिक पादरी की गोली मारकर हत्या



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के कैनसस में एक भारतवंशी कैथोलिक पादरी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। चर्च के अधिकारियों ने बताया कि कैनसस के सेनेका शहर में यह घटना घटी। पुलिस ने इस मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। कैनसस सिटी के आर्कबिशप जोसेफ नौमान ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि फादर अरुल कैरासाला की दुखद मौत की खबर साझा करते हुए बहुत दुख हो रहा है, उनकी आज सुबह गोली मारकर हत्या कर दी गई।

---

### बैठकों में आपसी सहयोग और साझा हितों से जुड़े हुए मुद्दों पर विस्तार से की गई चर्चा

# बैंकॉक में म्यांमार, नेपाल और भूटान के राष्ट्रप्रमुखों संग हुईं पीएम मोदी की बैठकें

म्यांमार को भूकंप से उबरने में हर संभव मदद का दिया भरोसा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुक्रवार को बैंकॉक की राजधानी थाईलैंड में आयोजित किए गए छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन से इतर म्यांमार, नेपाल और भूटान के राष्ट्रप्रमुखों के साथ महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठकें हुईं। जिसमें म्यांमार के प्रधानमंत्री और स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन काउंसिल के अध्यक्ष वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग के साथ बातचीत में दोनों नेताओं ने सबसे पहले म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप के मामले पर चर्चा की। इसमें ऑपरेशन ब्रह्मा के जरिए पड़ोसी देश को भारत द्वारा सबसे पहले राहत और सहायता प्रदान करने का मुद्दा भी शामिल रहा। विदेश मंत्रालय ने बताया कि बैठक में अपने म्यांमार के समकक्ष से पीएम मोदी ने कहा कि संकट की इस घड़ी में भारत अपने पड़ोसी देश की सबसे पहले मदद करने वाले देश के रूप में खड़ा है। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर और अधिक सहायता सामग्री और संसाधन तैनात करने के लिए भी तैयार है। गौरतलब है कि पिछले महीने 28 मार्च को म्यांमार में आए भूकंप में कुल करीब 3 हजार लोग मारे गए हैं और 5 हजार घायल हुए हैं।



### लोकतांत्रिक प्रक्रिया की जल्द बहाली जरूरी


प्रधानमंत्री ने जनरल ह्लाइंग से वार्ता में म्यांमार में समावेशी और विश्वसनीय चुनावों के जरिए लोकतांत्रिक प्रक्रिया की शीघ्र बहाली के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत ने विश्वास को बढ़ावा देने, शांतिपूर्ण, स्थिर और लोकतांत्रिक भविष्य की दिशा में म्यांमार के अपने और म्यांमार के नेतृत्व वाले परिवर्तन को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से किए गए प्रयासों का समर्थन किया है। म्यांमार में जारी जातीय हिंसा से उत्पन्न मानवीय संकट के मामले को भी प्रधानमंत्री ने बातचीत के दौरान उठाया और कहा, इस संघर्ष का कोई सैन्य समाधान नहीं है। स्थायी शांति केवल समावेशी संवाद के जरिए ही प्राप्त की जा सकती है।

### भारतीयों को बचाने के लिए की सराहना

पीएम ने म्यांमार-थाईलैंड सीमा पर साइबर घोटाला केंद्रों से भारतीयों को बचाकर उन्हें स्वदेश लौटाने में किए गए म्यांमार के सहयोग की सराहना की। दोनों पक्षों ने भारत-म्यांमार सीमा पर उग्रवादी गतिविधियों, अंतरराष्ट्रीय अपराधों और मानव तस्करी से निपटने में सहयोग की आवश्यकता पर सहमति जताई। म्यांमार में भारत के समर्थन से जारी बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं का विषय भी इस बैठक में शामिल किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने म्यांमार के सभी समुदायों की विकास संबंधी आवश्यकताओं का समर्थन करने के लिए भारत की तत्परता को म्यांमार के वरिष्ठ जनरल के समक्ष रेखांकित किया।

### नेपाल, भूटान के शीर्ष नेताओं से मिले पीएम

नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के साथ बैंकॉक में हुई बैठक को लेकर पीएम ने एक्स पोस्ट में बताया कि बैठक में दोनों देशों के अद्वितीय और घनिष्ठ संबंधों की समीक्षा की गई। भौतिक, डिजिटल संपर्क, जनता का संपर्क और ऊर्जा के क्षेत्र में हुई प्रगति पर दोनों नेताओं ने संतोष व्यक्त किया। साथ ही दोनों देशों और उनकी आम जनता के बीच बहुआयामी साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में काम करना जारी रखने पर सहमति प्रदान की। सम्मेलन से इतर पीएम की भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे के साथ भी एक मुलाकात हुई। जिसका जिक्र एक्स पोस्ट में करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मेरे अच्छे मित्र प्रधानमंत्री तोबगे के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। दोनों देशों की मित्रता बहुत मजबूत है। हम कई क्षेत्रों में व्यापक सहयोग कर रहे हैं।



---

भूटान के पीएम ने की तारीफ

## पीएम मोदी को बताया बड़ा भाई और गुरु, मदद के लिए जताया आभार



एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

भूटान के पीएम शेरिंग तोबगे ने भारत और पीएम नरेंद्र मोदी के साथ अपने संबंधों को लेकर बयान दिया है। उन्होंने पीएम मोदी को अपना बड़ा भाई और गुरु बताते हुए कहा कि भारत की मदद और मार्गदर्शन ने भूटान के विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

उन्होंने बताया कि भूटान की 13वीं पंचवर्षीय योजना, जो जुलाई 2024 से शुरू हुई है, भारत की उदार सहायता से संभव हो रही है। इसमें 8500 करोड़ रुपए की मदद भारत से मिली है, वहीं भूटान की आर्थिक सुधार योजना के लिए 1500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता भी दी गई है। उन्होंने कहा, भारत से कुल 10,000 करोड़ रुपये की मदद हमें मिली है, इसके लिए हम बेहद आभारी हैं।

### *बिम्सटेक में भारत का नेतृत्व बहुत अहम*

*बिम्सटेक सम्मेलन पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि भारत का इस संगठन में नेतृत्व बहुत अहम है। उन्होंने कहा, 'पीएम मोदी इस क्षेत्र के सबसे बड़े नेता हैं, और बिम्सटेक की क्षमता को साकार करने में उनकी भूमिका खास है।' तोबगे ने बताया कि उन्होंने पीएम मोदी का लेक्स फ्रीडमैन के साथ पॉडकास्ट हिंदी और अंग्रेजी दोनों में सुना। उन्होंने कह कि हिंदी कम समझ में आती है, लेकिन मैं फिर भी मूल भाषा में सुनना चाहता था। मुझे लगा जैसे मैं किसी आध्यात्मिक गुरु को सुन रहा हूं। यह अनुभव बहुत संतोषजनक था।*

### पीएम मोदी ने वाट फो मंदिर में पूजा-अर्चना की



पीएम नरेंद्र मोदी ने बैंकॉक में वाट फो मंदिर का दौरा किया और पूजा-अर्चना की। थाई पीएम पैतोंगटार्न शिनवात्रा भी मौजूद रहीं। वाट फो मंदिर, जिसे 'लेटे हुए बुद्ध का मंदिर' भी कहा जाता है, जो बैंकॉक, थाईलैंड में एक प्रसिद्ध बौद्ध मंदिर परिसर है। उन्होंने मंदिर के बौद्ध भिक्षुओं से भी मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया।

---

ट्रंप के जवाबी टैक्स के ऐलान बाद ट्रेड वार की ज्वाला भड़की!

## चीन का अमेरिका पर बड़ा प्रहार, 34% टैरिफ से किया पलटवार, कनाडा ने भी लगाया शुल्क

एजेंसी ▶▶ बीजिंग/ ओटावा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुरू किए गए दुनिया के सबसे बड़े टैरिफ युद्ध में चीन ने वाशिंगटन को कड़ी टक्कर दी है। चीन ने जवाबी कार्रवाई करते हुए सभी अमेरिकी उत्पादों पर 34 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा की है। चीन ने शुक्रवार को ऐलान किया कि वह 10 अप्रैल से सभी अमेरिकी उत्पादों पर 34% का अतिरिक्त टैरिफ लगाएगा। यह कदम अमेरिका द्वारा लगाए गए समान टैरिफ के जवाब में उठाया गया है। कुछ दिन पहले, डोनाल्ड ट्रंप ने कई देशों पर पारस्परिक टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, जिसमें चीन पर 34% टैरिफ शामिल था।




### अमेरिकी वाहनों पर लगाया 25% टैरिफ

कनाडा ने अमेरिका में निर्मित वाहनों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। पीएम मार्क कार्नी ने इस नए फैसले की घोषणा की, जो गुरुवार से प्रभावी हो गया है। उन्होंने कहा कि इस टैरिफ से मिलने वाला राजस्व कनाडा के ऑटोमोबाइल उद्योग और वहाँ के कामगारों के समर्थन में लगाया जाएगा। कनाडा द्वारा लगाया गया यह नया टैरिफ पूरी तरह से तैयार वाहनों पर लागू होगा।

### 11 संस्थाओं को अविश्वसनीय सूची में डाला

शुक्रवार को अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाने के बाद, चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने एक बयान जारी किया। इसमें कहा गया कि कुछ वस्तुओं पर निर्यात नियंत्रण लागू करने का उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा और हितों की रक्षा करना है, साथ ही परमाणु अप्रसार जैसे अंतरराष्ट्रीय दायित्वों को पूरा करना है।

---

जयपुर सिलसिलेवार बम धमाका मामला

## अदालत ने 4 आरोपियों को दोषी माना, 8 अप्रैल को सुनाएंगे सजा

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान में जयपुर की एक विशेष अदालत ने शहर में 2008 में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों से जुड़े एक मामले में चार आरोपियों को शुक्रवार को दोषी ठहराया। आठ अप्रैल को दोषियों को सजा सुनाई जाएगी। यह मामला 13 मई, 2008 को चांदपोल में मिले बम से जुड़ा है। इस बम को सुरक्षा दस्तों ने निष्क्रिय किया था। विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि जयपुर बम विस्फोट मामले की विशेष अदालत ने सरवर आजमी, शाहबाज, सैफुर्रहमान और



मोहम्मद सैफ को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं, गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत दोषी करार दिया है। उन्होंने बताया कि अदालत ने सजा की अवधि तय करने के लिए आठ अप्रैल की तारीख तय की है।

---

19 डेमोक्रेटिक राज्यों ने ट्रंप के चुनाव आदेश को दी चुनौती

## संविधान के उल्लंघन का लगाया बड़ा आरोप अटॉर्नी जनरलों ने कहा- आदेश असंवैधानिक

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया कार्यकारी आदेश के खिलाफ 19 डेमोक्रेटिक शासित राज्यों ने गुरुवार को मुकदमा दायर किया है। इन राज्यों के अटॉर्नी जनरल ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चुनावों में बदलाव लाने के प्रयास के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। यह मुकदमा ट्रंप के हालिया कार्यकारी आदेश के खिलाफ दायर किया गया है।



### आदेश अलोकतांत्रिक और गैर-अमेरिकी

मामले में राज्यों के अटॉर्नी जनरल ने अदालत में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के पास इस तरह के आदेश देने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने इसे असंवैधानिक, अलोकतांत्रिक और गैर-अमेरिकी करार दिया। उन्होंने ये भी कहा कि ट्रंप का यह आदेश अमेरिकी चुनाव प्रणाली में सुरक्षा की आवश्यकता पर आधारित है, जिसमें उन्होंने कहा कि अमेरिका इस मामले में विफल रहा है।

### अवैध मतदान रोकेगा: ट्रंप

*इस मामले में राष्ट्रपति ट्रंप का मानना है कि उनका ये आदेश गैर-नागरिकों द्वारा अवैध मतदान को रोकने के लिए है, हालांकि विभिन्न अध्ययन और जांचें यह साबित करती हैं कि ऐसा बहुत कम होता है। इस आदेश को कुछ रिपब्लिकन राज्यों के चुनाव अधिकारियों ने सराहा है, जिन्होंने इसे मतदाता धोखाधड़ी को रोकने का एक तरीका बताया है। इसके साथ ही इस आदेश में यह भी कहा गया है कि चुनाव दिवस के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी मेल-इन या अनुपस्थित मतपत्र को बाहर किया जाए।*

---

जगुआर प्लेन क्रैशः शहीद सिद्धार्थ यादव को दी भारी मन से अंतिम विदाई

# रोते हुए मंगेतर बोलीं- 'बेबी, तू आया नहीं, तूने कहा था, तू आएगा'

एजेंसी ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा के रेवाड़ी के शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव को शुक्रवार को राष्ट्रीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। पैतृक गांव भालखी माजरा में उनके पिता सुशील यादव ने 28 साल के शहीद बेटे की चिता को मुखाग्नि दी।

शुक्रवार सुबह उनका पार्थिव शरीर उनके नए घर लाया गया जिसके बाद उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। अंतिम विदाई के दौरान भी एयरफोर्स की टुकड़ी ने उल्टे हथियार से फायर कर शहीद सिद्धार्थ को श्रद्धांजलि दी।






फाइल फोटो

सिद्धार्थ की 10 दिन पहले ही सगाई हुई थी। अंतिम संस्कार में शामिल होने शहीद की मंगेतर सानिया भी पहुंची। इस दौरान वह पार्थिव देह को देख रोती रहीं। सिद्धार्थ की तस्वीर देख सानिया बोली, 'बेबी तू आया नहीं मुझे लेने। तूने कहा था तू आएगा।' सानिया पार्थिव शरीर को देखकर बार-बार रोते हुए कहती रहीं, 'प्लीज एक बार मुझे उनकी शक्ल दिखा दो।' मंगेतर सानिया ने कहा कि मुझे सिद्धार्थ पर गर्व है।

- एयरफोर्स टुकड़ी ने उल्टे हथियार से फायर कर शहीद को श्रद्धांजलि दी
- सिद्धार्थ-सानिया की 10 दिन पहले हुई थी सगाई, 2 नवंबर को थी शादी

### *लोगों को बचाने अंतिम समय इजेक्ट नहीं किया*

*सिद्धार्थ के पिता सुशील यादव बोले कि उनका सपना था कि बेटा चीफ ऑफ एयर स्टॉफ बनकर ही घर आए। हर एयरफोर्स अधिकारी के पिता का यही सपना होता है, उनका भी यही सपना था। सिद्धार्थ घर से गया तो शादी के बारे में ही बात हुई थी।*

### *मुझे अपने बेटे पर गर्व हैः मां*

*शहीद की मां माता सुशीला यादव और बहन खुशी भी रोती रहीं। इस मौके मां सुशीला ने कहा कि मुझे अपने बेटे पर गर्व है। मैं देश की हर मां से कहना चाहती हूं कि वे अपने बेटों को देशसेवा के लिए सेना में भेजें। मुझे उसकी जननी होने पर गर्व है। वो देश के लिए डरा नहीं।*

### *देश के लिए बलिदान दिया*

*विंग कमांडर सचिन चंद्र निकाह ने कहा कि मुझे पायलट से विशेष लगाव है। मेरा बेटा भी पायलट है। सिद्धार्थ यादव एक होनहार और जांबाज पायलट थे। उन्होंने देश के लिए अपना बलिदान दिया है। शहीद होने से पहले उन्होंने अपने साथी की जान बचाई थी।*

---

अमेरिका के मध्य-पश्चिम व दक्षिण में तूफान

## बवंडर से छतें उड़ीं, बिजली गुल 6 की मौत, बारिश की आशंका

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के दक्षिण और मध्य-पश्चिमी क्षेत्र में भीषण तूफान-बवंडर आए हैं। बवंडर में छह लोगों की मौत हो गई और बिजली के तार व पेड़ गिर गए। इसके अलावा कई घरों की छतों के उड़ जाने से जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

अर्कांसस, इलिनोइस, इंडियाना, मिसौरी और मिसिसिपी के कुछ हिस्सों में दर्जनों बवंडर और भयंकर तूफान आए। मौसम सेवा की एक मौसम विज्ञानी चेली अमीन ने कहा कि बुधवार शाम को अर्कांसस के



बेलीथविले के आसपास बवंडर आया, जिसमें कम से कम 25,000 फीट (7.6 किलोमीटर) की ऊंचाई तक मलबा फैल गया। आने वाले दिनों में दक्षिण और मध्य-पश्चिम में घातक बाढ़ का खतरा भी जताया गया है। अगले चार दिनों में एक फुट से अधिक बारिश की आशंका है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109